CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27⁰C
न्यूनतम: 12⁰C

नई दिल्ली, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 223 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ ही लोग भंग कर रहे शांतिः उमर अब्दुल्ला पेज 2



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज आज से खेल टाइम्स




और कितना गिरेंगे टीवी चैनल सम्पादकीय



पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर को मिली तीनों सेनाओं की कमांड पेज 12

## दिल्ली लालकिला ब्लास्ट में बड़ा खुलासा, अहम सुराग मिले

# बाबरी विध्वंस का बदला लेना चाहते थे आतंकी

- देशभर में 32 कारों के जरिये धमाके की रची गई थी साजिश, लालकिले के पास कार ब्लास्ट इसी योजना का हिस्सा था
- आतंकियों ने सेशन एप यूज किया, रजिस्ट्रेशन के लिए फोन नंबर, ईमेल जरूरी नहीं, मैसेज ट्रेसिंग मुश्किल काम
- तुर्की से हुई थी ब्लास्ट की प्लानिंग, सेशन एप से आतंकियों को मिले निर्देश, तुर्की ने आरोपों को नकारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसम्बर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई-20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं।

जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवम्बर को जिस आई-20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के रेड फोर्ट के पास हुए हमले में शामिल आतंकियों ने एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल किया था। एन्क्रिप्टेड एप्स यानी मैसेज सिर्फ सेंडर और रिसीवर ही पढ़ सकते हैं। इसमें तीन बड़े एप्स का नाम सामने आया है। टेलीग्राम, सिग्नल और सेशन। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी डाक्टर मुजम्मिल ने पूछताछ में कबूल किया कि उन्होंने इन्हीं एप्स की मदद से अपने हैंडलर्स से बात की थी। टीओआई की एक रिपोर्ट के -**शेष पृष्ठ दो पर**

### डीएनए टेस्ट से डा. उमर के विस्फोटक वाली कार में होने की हुई पुष्टि



**नई दिल्ली।** डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गई है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डा. उमर नबी ही चला रहा था क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की मां के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डा. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) भेजे गए थे।

### डा. उमर और मुजम्मिल के कमरों से मिलीं डायरियां

**नई दिल्ली।** कार विस्फोट मामले की जांच कर रही एजेंसियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित डा. उमर नबी और डा. मुजम्मिल के कमरों से उनकी डायरियां बरामद की हैं। सूत्र ने बताया कि ये डायरियां अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से बरामद की गईं। इनमें से एक डा. उमर के कमरा नंबर चार से और दूसरी डा. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गईं। इसके अलावा, पुलिस ने डा. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी भी जब्त की है। यह वही जगह है जहां से पहले 360 किग्रा विस्फोटक जब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें आठ नवम्बर से 12 नवम्बर के बीच की तारीखों का जिक्र है। डायरियों में 'ऑपरेशन' शब्द कई बार लिखा है।

### दोषियों को मिलेगी सख्त सजा: शाह

**अहमदाबाद/नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर आर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

## पायलट पर नहीं डाली गई हादसे की जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई जारी है। इस बीच केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में एयर इंडिया के पायलट को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने कोर्ट में कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम को अंतर्राष्ट्रीय चलन के तहत गठित किया गया था। यह जांच अभी भी जारी है। गौरतलब है कि गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के चंद सेकंड बाद दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस घटना में 265 लोगों की जान चली गई थी। एएआईबी के अंतर्गत हुई जांच में इस मामले में कई अहम पहलुओं का खुलासा हुआ था। हालांकि, इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद विमान को उड़ाने वाले एक पायलट के पिता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर दिया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत गठित की गई है और इसका गठन कानूनी प्रावधानों के तहत किया गया है। जस्टिस बागची ने कहा कि एएआईबी की जांच किसी पर दोषारोपण के लिए नहीं होती, बल्कि इसका मकसद दुर्घटना के कारणों का पता लगाना होता है, ताकि भविष्य में -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली धमाके के बाद बढ़ा धमकियों का सिलसिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद से ही पूरे देश की एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके बाद दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया।

### चैतन्य बघेल की 61 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी के रायपुर आंचलिक कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जारी जांच के सिलसिले में आरोपी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये मूल्य की अचल/चल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं।

# पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं नौ की मौत, पांच जिंदा जले

## ट्रक का ब्रेक फेल होने से कार-कंटेनर में लगी आग

पुणे, वार्ता



**पुणे के बाहरी** इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार में टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। कंटेनर भी जल गया।

हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सतारा से पुणे की ओर आ रहे दोनों ट्रकों के बीच कार फंस गई थी। हादसे के कारण नवले ब्रिज पर लंबा जाम लग गया है। इसके अलावा ट्रक में भी आग लग गई इससे ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। उसकी भी मौत हो गई। पीछे एक यात्री वाहन था, वह भी आग की चपेट में आ गया। उसमें 17-18 लोग सवार थे। सभी घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपये की मदद देने का ऐलान किया है।

# 1962 के युद्ध के बाद बंद न्योमा एयरबेस फिर शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चीन बॉर्डर के पास लद्दाख में 13000 फीट ऊंचाई पर बना, एयरफोर्स चीफ ने लैंड किया एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन की सीमा के पास न्योमा एयरबेस को बुधवार को फिर से शुरू किया गया। भारतीय वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल एपी सिंह ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्रॉफ्ट उड़ाकर न्योमा एयरबेस में लैंडिंग की। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा भी थे।

न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन की सीमा एलएसी से करीब 25 किलोमीटर दूर है और इसमें 2.7 किलोमीटर लंबा रनवे है। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था। 2023 में इसे फिर से आधुनिक एयरबेस बनाने का काम शुरू हुआ और अब 12 नवम्बर को इसे दोबारा खोला गया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मुध-न्योमा एयरबेस का उद्घाटन किया। यहां से लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हलीकॉप्टर उड़ान भर सकते हैं। इसे करीब 218 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां से सैनिकों और हथियारों को तेजी से एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुध-न्योमा नाम बेस के पास स्थित मुध गांव से लिया गया है। न्योमा लद्दाख में वायुसेना का चौथा बेस है। अन्य 3 एयरबेस लेह, कारगिल और थोईस में स्थित हैं। इनमें कारगिल एयरबेस लगभग 10,500 फीट पर स्थित है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना स्पेशल ऑपरेशन एयरक्रॉफ्ट और हेलीकॉप्टरों के लिए उत्तरी लद्दाख में शिथ्थि दौलत बेग ओल्डी में मिट्टी से बने रनवे का इस्तेमाल करती है। यह 16,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा एयरफील्ड है। रक्षा मंत्रालय एलएसी से सटे सभी हवाई ठिकानों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स (एएलजी) का आधुनिकीकरण कर रहा है। इसी कड़ी में दौलत बेग ओल्डी एएलजी में भी आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सितम्बर 2023 में न्योमा एयरबेस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। इसे बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने पूरा किया।



CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### मां ने दुधमुंहे पुत्र को चुल्हे में जलाया फिर लगाई फांसी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने रात में सोते समय अपने दस माह के पुत्र को चुल्हे की आग में डालकर जला दिया और फिर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव में पतिराज की 28 वर्षीय पत्नी राजपति बुधवार शाम अपने मायके से अपने घर ससुराल आई थी। रात्रि में सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए थे। रात्रि में पत्नी राजपति भी अपने 10 माह के बेटे को लेकर एक कमरे में सोने चली गई जबकी बघ बेटा अपने मामा के साथ सोने चला गया था। सभी लोगों के सोने के बाद वह अपने छोटे बेटे को जलते चूल्हे में डालकर जला दिया और खुद घर के अंदर बड़ेर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। गुरूवार की सुबह जब परिजन सो कर उठे, तो घटना देखकर स्तब्ध रह गए। राजपति का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था, जबकि दस वर्षीय बालक का शव चूल्हे में पड़ा हुआ था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया।

### कश्मीर में तापमान में गिरावट जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर में बुधवार रात का तापमान शून्य से नीचे गिर गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रातों में से एक थी। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री कम दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। श्रीनगर में तापमान साल के इस समय के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री कम रहा। जम्मू में कल अधि. कतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया।

### पांच राज्यों की समीक्षा बैठक में बोली बसपा प्रमुख मायावती

# सरकार की नीतियों से श्रमिक संकट में

**लखनऊ, वार्ता**



■ दिल्ली, राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में दिया मार्गदर्शन

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण श्रमिक वर्ग का जीवन संकट में है, जबकि उनके कल्याण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

सुश्री मायावती ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में पार्टी संगठन की तैयारियों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, जनसंपर्क को अधिक व्यापक बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर पार्टी की सक्रियता को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई के कारण लोगों का जीवन स्तर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकारें जनहित के वास्तविक मुद्दों से हटकर राजनीति में उलझी हुई हैं, जिसके कारण आम लोगों की समस्याएं अनसुलझी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह बाकी राज्यों की स्थिति भी चिता. जनक है और इस वजह से जनता में गहरा असंतोष है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के कारण जनता बेहद परेशान है। इन राज्यों में सामाजिक एवं जातिगत तनाव और घटनाओं पर उन्होंने सरकारों को कठोर कार्रवाई करने की नसीहत दी। बसपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वे जन-आंदोलन को और मजबूत करें तथा बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रभावी अभियान चलाएं। उन्होंने पार्टी के 'जनहित सर्वोपरि' सिद्धांत को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि बसपा ही वह विकल्प है जो जनता को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर दिलाने में सक्षम है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 दिसम्बर को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण (महापरिनिर्वाण) दिवस दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। यह आयोजन पार्टी के मिशनरी स्वरूप के अनुरूप होगा, जिसमें किसी प्रकार का राजनीतिक दिखावा नहीं बल्कि सामाजिक समर्पण मुख्य केंद्र में रहेगा। इस दौरान पार्टी ने सभी राज्यों के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 'बहुजन समाज' को मजबूत करने और शोषित वर्ग को राजनी. तिक शक्ति दिलाने के प्रयासों को तेज करें।

### लालकिला के पास हमले को किस प्रकार ले रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम के बाद 'ऑपरेशन सिदूर' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने कहा था कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा इसलिए देश जानना चाहता है कि लालकिला के पास हुए हमले को वह किस तरह से ले रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान इस तरह के हमलों को 'एक्ट ऑफ वॉर' मानने की बात कही थी ।अब वह इस हमले को लेकर क्या कर रही है, यह बात सरकार को देश के लोगों को बतानी चाहिए। उन्होंने कहा ष्हम यह जानना चाहते हैं कि सरकार इस हमले को किस तरह से देख रही है, क्योंकि इस हमले को बाहरी ताकतों के द्वारा समर्थन, शक्ति और प्रेरणा मिल रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी के 343 ओडीओपी स्टॉल लगेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ 2750 प्रतिभागी लेंगे मेले में भाग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर आधारित 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2025 का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर तक किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश 44वें अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी 'लोकल टू ग्लोबल' की आर्थिक रणनीति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापर के केंद्र के तौर पर विक. सित करना, साथ ही प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की पहुंच वैश्विक बाजार तक स्थापित करना है।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा इस मेले को राज्य की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना, युवा स्टार्टअप्स और बढ़ती हुई महिला उद्यमिता को प्रदर्शित करने के लिए भी की जाएगी। भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में उत्तर प्रदेश एक साझीदार राज्य के रूप में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'लोकल टू ग्लोबल' की मुहीम को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य के 2,750 से अधिक प्रदर्शक भागीदारी करेंगे। साथ ही इस मेले में 343 स्टॉल ओडीओपी योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। व्यापार मेले में राज्य की ओर से लगाए जा रहे ओडीओपी स्टॉल्स में आगरा का पेठा, बनारसी हस्तशिल्प, भदोही की कार्पेट, मेरठ के खेल सामान, कानपुर के चमड़े के उत्पाद, फिरोजाबाद के ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की कलाकृतियों जैसे उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

# समय से उपलब्ध कराएं विसरा रिपोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



■ हाईकोर्ट ने सीएस व डीजीपी को दिए निर्देश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी और प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को विसरा की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि विवेचना अधिकारियों को समय पर विसरा रिपोर्ट मिलनी चाहिए। विसरा रिपोर्ट के बिना चार्जशीट दाखिल करने पर कहा कि अध. ूरी विवेचना करके मौत का कारण जाने बिना चार्जशीट दाखिल करना सही नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी रामरतन निवासी फर्रुखाबाद की जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से विसरा रिपोर्ट जांच एजेंसियों तक पहुंचने में हो रही देरी को चिंताजनक बताया।

साथ ही मुख्य सचिव, डीजीपी और महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को स्थिति की जांच करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि विसरा रिपोर्ट समय की बर्बादी किए बिना जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच के दौरान पूर्ण, उचित और प्रभावी मूल्यांकन संभव हो सके। कोर्ट ने कहा कि मृतक का विसरा फरवरी 2024 में झांसी स्थित प्रयोगशाला भेजा गया था। सितंबर 2024 में तैयार किया गया, लेकिन रिपोर्ट पहली फरवरी 2025 तक जांच अधिक. ारी को नहीं मिली। इसके बाद ही केस डायरी में संलग्न की गई, जबकि आरोप पत्र 13 सितंबर 2024 को ही दाखिल किया जा चुका था। विसरा रिपोर्ट मिलने से पहले 11 नवंबर 2024 को मामले का संज्ञान ले लिया गया था। आरोप-पत्र दाखिल कर दिया गया, इससे स्पष्ट होता है कि जहां तक मृत्यु के कारण का प्रश्न है, वह निर्णायक नहीं था। इस देरी से यह भी पता चलता है कि जांच किसी न किसी रूप में अधूरी थी। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे महत्वपूर्ण साक्ष्य समय रहते जांच एजेंसी के पास होना चाहिए।

# हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ लोग भंग कर रहे शांति



**जम्मू, वार्ता**

कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अब्दुल्ला ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह विस्फोट बेहद निंदनीय है। किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है। घटना की जांच होनी चाहिए, लेकिन हमें यह भी याद रखना होगा कि हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं है और केवल कुछ ही लोग हैं जो शांति और भाईचारा खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं के बाद जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है, बल्कि सामा. जिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### शाहीन सईद का अतीत टटोलने प्रयागराज पहुंची सुरक्षा एजेंसियां

**प्रयागराज।** दिल्ली बम ब्लास्ट के मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार शाम प्रयागराज के मोती लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकर संदिग्ध आतंकी शाहीन सईद से संबंधित दस्तावेज खंगाले। बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन सईद का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से भी नाता रहा है। बताया जा रहा है की वर्ष 1996 में डॉक्टर शाहीन सईद ने एमबीबीएस में प्रवेश लिया था और मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए 2002 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी।

### जम्मू-कश्मीर में सीआईके की 13 स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर द्धसीआईकेत्र शाखा गुरुवार को दिल्ली बम विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में घाटी में लगभग 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) संयुक्त रूप से यह छापेमारी अभियान चला रहे हैं, ताकि बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य विस्फोट की साजिश से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों और जैश-ए-मुहम्मद की संलिप्तता का पता लगाना है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजार: सपाट बंद हुए प्रमुख सूचकांक

## बिकवाली हावी रहने से रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को कुल मिलाकर बिकवाली हावी रही, हालांकि प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में लगभग सपाट बंद हुए। बीएसईई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.16 अंक (0.01 प्रतिशत) की मामूली बढ़त से 84,478.67 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 3.35 अंक यानी 0. 01 फीसदी चढ़कर 25,879.15 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक लगातार चौथे दिन हरे निशान में बंद हुए हैं। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। निफ्टी में मिडकैप और स्मॉलकैप के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.34 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया। बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टरों ने बाजार पर ज्यादा दबाव बनाया। वहीं धातु, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में आज तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,732 के शेयर टूट गए, जबकि 1,367 में तेजी रही। शेष 62 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और शेष 12 के हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत उछला। आईसीआईसीआई बैंक में 1.99 प्रतिशत और पावर ग्रिड तथा एलएंडटी दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 3.63 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का शेयर 2.26 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.45, ट्रेंट का 1.19, टाटा स्टील का 1.15, बीईएल का 1.10 और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.06 प्रतिशत टूट गया। इनके अलावा टीसीएस, हिदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, टेक महिंद्रा, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.73 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.43 प्रतिशत चढ़ा।

### सोने और चांदी की कीमतों में फिर तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने की कीमतें फिर से 1.27 लाख प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि साल के अंत तक सोना +4,300 से +4,600 प्रति औंस तक जा सकता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निवेशकों की मजबूत खरीदारी देखने को मिली। यह बढ़त अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण आई है। भारत में गुरुवार दोपहर 2.26 बजे तक एमसीएक्स पर सोना 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,27,666 पर कारोबार कर रहा था। ज्वेलरी बाजार में एक किलो चांदी की बिक्री 159,000 रूपये प्रति किलो है। इस तरह एक किलो हॉल मार्क वाले चांदी के आभूषणों बिक्री 157,000 रूपये प्रति किलो हो रही है।

# चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी नरमी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,126 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.67 प्रतिशत के मजबूती के साथ 50.96 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,839.05 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 14 रुपये टूटकर 2,853.53 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में छह रुपये की गिरावट रही और यह 3,303.64 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में आज नरमी देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सरसों तेल सात रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल के दाम 45 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। पाम ऑयल 33 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति भी 61 रुपये और सूरजमुखी तेल 25 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे . दाल-दलहन: दाल चना 7890.56 रुपये, मसूर काली 8161.11 रुपये, मूंग दाल 10092.93 रुपये, उड़द दाल 10379.58 रुपये, तुअर दाल 10592.74 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.53 रुपये और चावल 3839.05 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326. 75 रुपये और गुड़ 5010.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17683.07 रुपये, मूंगफली तेल 17675.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15633.72 रुपये, सोया तेल 13703.51 रुपये, पाम ऑयल 12457.93 रुपये और वनस्पति 14421.96 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बाबरी विध्वंस....**

मुताबिक जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद जैसे टेरर ग्रुप्स से जुड़े 4 आतंकी 2022 में तुर्की गए थे। वो यहां उकासा कोडनेम वाले हैंडलर से मिले। शुरुआती बातचीत टेलीग्राम पर हुई, लेकिन ग्रुप ने स्ट्रैटेजिकली कोऑर्डिनेशन को ज्यादा सिक्योर सिग्नल और सेशन एप्स पर शिफ्ट कर दिया, ताकि कोई भी उन्हें ट्रेस न कर पाए। सेशन एक प्राइवेट मैसेंजर एप है, जो पूरी तरह डिसेंट्रलाइज्ड है। ये एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन यूज करता है। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स मूल रूप से यूजर्स की प्राइवेसी के लिए बनाए गए थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में आतंकी ग्रुप्स, रेडिकल संगठन और अपरा. धियों की पहली पसंद बन गए हैं। इसी बीच दिल्ली ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसियों को एक बड़ा सुराग मिला है। एक एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का तुर्की की राजधानी अंकारा में बैठे एक विदेशी हैंडलर से सीधा संपर्क था। जांच में पता चला है कि वह अंकारा से ही आरोपियों की एक्टिविटी, फंडिंग और कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने से जुड़ी पूरी कार्रवाई संभाल रहा था। प्लानिंग के लिए सेशन एप का इस्तेमाल किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस हैंडलर की पहचान कोडनेम 'उकासा' से हुई है। उकासा अरबी भाषा का शब्द है। इसका मतलब मकड़ी होता है। संभव है कि यह उसका असली नाम नहीं बल्कि पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। हालांकि तुर्की ने इसे दुष्प्रचार बताया है। तुर्की ने दिल्ली धमाके के आतंकियों और तुर्की के हैंडलर से कनेक्शन की खबरों को झूठा बताया है। तुर्की सरकार ने कहा कि इस तरह की झूठी रिपोर्टों का मकसद दोनों देशों के आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाना है।

**पायलट पर....**

ऐसी घटना दोबारा न हो। एक एनजीओ की तरफ से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इतने बड़े पैमाने की दुर्घटना की जांच कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की तरह की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पायलट संघ ने भी चिंता व्यक्त की है कि इन विमानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और इनमें यात्रा करने वाले लोगों के जान को बड़ा खतरा है। उधर जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि इन कार्यवाहियों को एक एयरलाइन बनाम दूसरी एयरलाइन की लड़ाई नहीं बनना चाहिए और सॉलिसिटर जनरल से मृतक के पिता की ओर से दाखिल याचिका पर जवाब दायर करने को कहा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी।

# भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे भगवान बिरसा मुंडा: सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि अपना देश-अपना राज। देश हमारा है, तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विद. ेशी हुकूमत भारत में राज न करे।

धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवम्बर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी। योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया और यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मेजबान उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के जनजाति कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति भी दी। सीएम योगी ने इस वर्ष की विशेषता बताते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पहली से 15 नवम्बर तक देश में जनजाति गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। सरकार द्वारा जनजाति समुदाय को समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने व सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी ने कहा कि सांस्कृतिक समागम में 22 राज्यों के कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मिजोरम, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल, असम, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड व पंजाब के कलाकार उत्तर प्रदेश में आकर जनजाति भागीदारी उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। यहां हस्तशिल्प व कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेला और जनजाति साहित्य को समर्पित साहित्यिक व विकास मंच भी है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की आबादी यूपी में कम है। पहले सरकारी नौकरी के विज्ञापन निकालते थे, तो अनुसूचित जाति की पूरी सीटें नहीं भरी पाती थीं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


CMYK

# मुख्यमंत्री ने दिल्ली-सोनीपत बस रूट को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज एक और अंतर राज्यीय बस रूट, कश्मीरी गेट बस अड्डे से सोनीपत बस स्टैंड तक दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की। ये नई बसें एसी सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम जैसी सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही दिल्ली से जुड़े एनसीआर के शहरों तक चलने वाली डीटीसी की बसों को दोबारा शुरू करेगी। कश्मीरी गेट स्थित महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस अड्डे पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी सोनीपत के लिए तीन अंतर्राज्यीय इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़े के दौरान दिल्ली-बड़ौत के बीच पहली अंतर्राज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की थी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार फिर से दिल्ली-एनसीआर से जुड़े शहरों के लिए अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करेगी, जो सालों पहले बंद कर दी गई थी। इसका एक लाभ यह होगा कि लोगों को सहजता से सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध होगी, जिससे सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा और प्रदूषण कम करने में सहायता करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी नई बसें एसी सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम जैसी सुविधाओं से सुसज्जित हैं। ये बसें न केवल यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होंगी, बल्कि दिल्ली-सोनीपत मार्ग पर नियमित रूप से संचालित की जाएंगी, जिससे दोनों शहरों के बीच आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह कदम न केवल गतिशीलता को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली और पड़ोसी राज्यों के बीच अंतर-संपर्क को मजबूत करना हमारी सरकार का एक प्रमुख उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता को बधाई देते हुए कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास के कारण ही दिल्ली सरकार लगातार परिवहन क्षेत्र में सुधार लाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विस्फोट स्थल से 300 मीटर दूर शौचालय की छत से मिला कटा हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किला के पास हुए धमाके के मामले में तीन दिन बाद भी मृतकों के शवों के टुकड़े मिलने का सिलसिला जारी है। लाजपत राय मार्केट के पास बने शौचालय की छत से एक हाथ मिला है। हाथ को क्राइम और फोरेंसिक साइंस की टीम ने कब्जे में ले लिया है। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) और दिल्ली पुलिस की एक संयुक्त टीम घटनास्थल पर साक्ष्य जुटा रही है। गुरुवार को जांच के दौरान टीम को एक व्यक्ति का कटा हुआ हाथ मिला है। जहां यह हाथ मिला है वो विस्फोट स्थल से करीब 300 मीटर दूर बताया जा रहा है।

दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई है। एक घायल ने गुरुवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अभी करीब 20 घायलों को इलाज जारी है। सोमवार शाम को 6.52 बजे हुआ कार बम विस्फोट इतना भयानक था कि एक व्यक्ति का कटा हुआ हाथ बहुत दूर जाकर गिरा। शरीर का यह कटा गुरुवार को बरामद हुआ।

लाल किला कॉरिडोर के सामने स्थित लाजपत राय मार्केट के पास बने शौचालय की छत से एक हाथ मिला है। कटे हाथ को क्राइम और फोरेंसिक साइंस की टीम ने कब्जे में ले लिया है। उसे मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक रही कि ब्लास्ट वेव से कई लोगों के कान के पर्दे, फेफड़े और आंतें फट गईं। कुछ शवों में फेफड़ों, कान और पेट के भीतर ब्लास्ट वेव से नुकसान के संकेत मिले हैं, जो यह दर्शाते हैं कि धमाका अत्यंत नजदीक से हुआ।

# 550 साल पुरानी गुमटी शेख अली बनेगी राजधानी की शान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोधी काल का करीब 550 साल पुराना गुमटी शेख अली मकबरा पर्यटकों का नया डेस्टिनेशन पॉइंट बनेगा। दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम लिमिटेड (डीटीटीडीसी) इस पुराने स्मारक और उसके आसपास के क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा है। करीब 5 करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाओं से इसकी रंगत बदलेगी।

इसमें धरोहर की मरम्मत और आधुनिक रूप से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। आसपास के पूरे परिसर को हरियाली और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

पहली परियोजना में गुमटी शेख अली मकबरे के परिसर के नवीनीकरण, मरम्मत और सौंदर्यीकरण के लिए 4.31 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। इसमें सिविल और इलेक्ट्रिकल दोनों काम होंगे। निर्माण के काम पर 3.02 करोड़ और बिजली व सजावट पर 1.28 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ये काम दो महीने में पूरे होंगे। 14 नवंबर को इसके टेंडर

> ■ करीब 5 करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाओं से इसकी रंगत बदलेगी

भरे जाएंगे। दूसरी परियोजना में परिसर की हरियाली, लैंडस्केपिंग होगी। इसके लिए 69.99 लाख रुपये के टेंडर जारी हुए हैं। ये काम भी दो महीने में हो जाएगा। निर्माण करने वाली एजेंसी ही दो साल तक इसका रखरखाव करेगी। पौधों की सिंचाई, खाद पानी, खरपतवार और सूखे पौधों की जगह नए पौधे लगेंगे। दोनों काम डीटीटीडीसी के इंजीनियरिंग और हॉर्टिकल्चर विंग की देखरेख में पूरे होंगे। डिफेंस कॉलोनी का ये इलाका फिर से ऐतिहासिक महत्व हासिल करेगा। साथ ही, अपनी सुंदरता और हरियाली के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

यह क्षेत्र पुरातत्व विभाग का संरक्षित धरोहर स्थल है। इसके स्वरूप को बदलने का पूरा काम सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और निगरानी में चलेगा। री-डेवलपमेंट करने वाली एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि काम के दौरान स्मारक की मूल संरचना को किसी तरह की क्षति न पहुंचे। सभी काम पुरातत्व विभाग की अनुमति से होंगे।

डीटीटीडीसी का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद यह धरोहर दिल्ली की विरासत पर्यटन योजना का हिस्सा बनेगी। पर्यटकों के लिए नया आकर्षण स्थल होगी। इससे न सिर्फ क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा बल्कि राजधानी के पर्यावरण को भी एक नया जीवन मिलेगा।

गुमटी शेख अली लोधी काल (1451-1526) की अष्टकोणीय एक प्राचीन इमारत है जिसमें धनुषाकार गुंबद वाली छत है। इसके आठों किनारों पर नुकीले मेहराब हैं। ये केवल एक तरफ खुला है। बाकी हिस्सा ईंटों से बंद है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इसे एक संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। यहां हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के बाद दिल्ली सरकार इसका संरक्षण और रखरखाव करा रही है।

# कार में मौजूद था उमर डीएनए टेस्ट से हुआ साफ

> ■ उमर की मां और भाई ने डीएनए सैंपल दिए थे जो धमाके में इस्तेमाल कार के मलबे से मिले अवशेषों से मिल गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार की शाम को हुए कार धमाके की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए-नए खुलासे हो रहे हैं। 10 नवंबर की शाम को हुए भीषण विस्फोट की जांच में अब तक का सबसे बड़ा बड़ा खुलासा हुआ है। बुधवार देर रात पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने इस बात को साफ कर दिया है कि विस्फोटक से लदी आई 20 कार में मौजूद शख्स डॉक्टर उमर मोहम्मद ही था। घटना स्थल पर कार में चिथड़ों में मिली लाश से लिए डीएनए के नमूने का उमर की मां के डीएनए से मिलान हो गया है। इससे पुष्टि हो गई है कि उमर ने ही दिल्ली में कार धमाका किया था।

धमाके में खुद भी मारा गया। पुलवामा के संबूरा में रहने वाले डॉक्टर उमर के परिजनों से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूछताछ भी की है। उमर की मां और भाई ने डीएनए सैंपल दिए थे, जो धमाके में इस्तेमाल कार के मलबे से मिले अवशेषों से मिल गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) व दिल्ली पुलिस को बुधवार देर रात डीएनए जांच की रिपोर्ट मिली। इससे साफ हो गया कि आई20 कार उमर नबी ही चला रहा था और धमाके में उसकी भी मौत हो गई। उसने आई20 में विस्फोटक लाद रखा था।जांच एजेंसियां मान रही हैं कि उमर वाहन से जुड़ा विस्फोटक यानी कार बम बनाने की कोशिश में जुटा था और इसके लिए उसने इंटरनेट से जानकारी जुटाई। 10 नवंबर को साथियों की गिरफ्तारी से डरकर उमर ने बौखलाहट में विस्फोट कर दिया।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली-सोनीपत अंतर्राज्यीय बस रूट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती हुई।**

## एक नजर

### तीसरी लापता कार को ढूंढने में जुटी सुरक्षा एजेंसियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास ट्रैफिक सिग्नल पर सोमवार शाम को हुए कार बम ब्लास्ट मामले में एक और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। बुधवार रात तक ब्लास्ट में शामिल दो कारों की जानकारी थी, गुरुवार को एक और कार की जानकारी सामने आई है। यानि सुरक्षा एजेंसियों को अब संदिग्धों से जुड़ी लापता तीसरी कार की तलाश है। सुरक्षा एजेंसियां इस तीसरी लापता कार को ढूंढने में जुटी हैं, जिसके बारे में माना जा रहा है कि इसका इस्तेमाल विस्फोटकों को ले जाने या संदिग्धों के भागने में किया गया होगा।

### दिल्ली पुलिस ने असिस्टेंट प्रोफेसर को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** हापुड़ के पिलखुवा स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज में तैनात असिस्टेंट प्रोफेसर डा. फारुख को दिल्ली पुलिस ने गुरुवार सुबह हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि प्रसूति विभाग में तैनात डॉ. फारुख पिछले एक वर्ष से कॉलेज परिसर में ही रह रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार फारुख ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस और एमडी की डिग्री प्राप्त की है तथा वह मूल रूप से जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है। पिछले एक वर्ष से अस्पताल में प्रसूति विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर रहा था, दिल्ली बम धमाके से जुड़े आतंकियों के साथ उसकी साठगांठ मानी जा रही है।

### अल फलाह यूनिवर्सिटी को NACC का नोटिस

**नई दिल्ली।** अल फलाह यूनिवर्सिटी को कोनेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल ने नोटिस भेजा है। अल-फलाह यूनिवर्सिटी को उसकी वेबसाइट पर झूठी मान्यता दिखाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यूनिवर्सिटी ने अपनी वेबसाइट पर यूनिवर्सिटी को A ग्रेड दिया था।

### एनआईए ने खाद-बीज विक्रेता को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** फरीदाबाद से पकड़े गए डॉ. मुजम्मिल को विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराने के आरोप में एनआईए टीम की बड़ी कर्रवाई सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, पिनगवां से खाद बीज विक्रेता को हिरासत में लिया गया है। आरोपी की पहचान डब्बू सिंगला निवासी पिनगवां के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि वह अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर मे अब तक करीब तीन सौ किलो अमोनियम नाइट्रेट की सप्लाई कर चुका है।

### एक और घायल ने तोड़ा दम, 13 लोगों की हुई मौत

**नई दिल्ली।** लाल किले के सामने हुए बम धमाके में एक और घायल ने गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धमाके में 13 लोगों की जान जा चुकी है। मृतक का नाम बिलाल पुत्र गुलाम हसन बताया जा रहा है, जो कि दिल्ली से बाहर का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों कहना है कि अस्पताल से गुरुवार सुबह सूचना मिली थी उसके बाद पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

### वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री करेंगे आईआईटीएफ 2025 का उद्घाटन

**नई दिल्ली।**दक्षिण एशियाई क्षेत्र में सबसे प्रतीक्षित बी2बी और बी2सी आयोजनों में से एक, भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 का केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। आईआईटीएफ 2025 का आयोजन भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा किया जा रहा है। पहले पांच दिन (14-18 नवंबर) बी2बी इंटरैक्शन के लिए व्यावसायिक दिवस के रूप में निर्धारित किए गए हैं।, इसके बाद 19-27 नवंबर तक सभी के लिए सामान्य दिवस होंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ष्2047 तक विकसित भारतष के दृष्टिकोण को दर्शाते हुए, इस वर्ष के मेले का थीम ष्एक भारत, श्रेष्ठ भारतष होगा। यह थीम भारत की विविधता, उद्यमशीलता की ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता का जश्न मनाती है, जो स्थानीय उद्यम, स्वदेशी नवाचार और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले स्वदेशी आंदोलन के लोकाचार के साथ गहराई से जुड़ती है। इस वर्ष थाईलैंड, मलेशिया, स्वीडन, चीन, दक्षिण कोरिया, तुर्की, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, लेबनान और ट्यूनीशिया सहित 11 देश अंतर्राष्ट्रीय मंडप में अपने उत्पाद और नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं। इस वर्ष मेले में बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश भागीदार राज्य हैं, जबकि झारखंड को फोकस राज्य के रूप में नामित किया गया है। मेले में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग आगंतुकों के लिए नि:शुल्क प्रवेश होगा।

# सशक्त भारत की दिशा में सरदार पटेल की प्रेरणा व दृष्टिकोण का पुनः स्मरण: हर्ष मल्होत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व माई भारत ने sardar@150 run for unity march का आयोजन पूर्वी दिल्ली लोकसभा में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में विकास मार्ग से कड़कड़ी चौक तक किया और सर्वप्रथम मेट्रोलाइन के नीचे वृक्षारोपण किया, लोहपुरुष वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि की और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। हजारों की संख्या में RWA पदाधिकारी, मार्केट एसोसिएशन, प्रबुद्धजन, विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ सभी ने आज यह पुनः संकल्प लिया है कि राष्ट्रनिर्माण की दिशा में अपना 100 प्रतिशत योगदान कर आत्मनिर्भर भारत, अखंड भारत और सशक्त भारत के विजन को आगे बढ़ाते हुए देश के प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की अदम्य राष्ट्रवादी भावना को नमन करते हुए "स्टेच्यू ऑफ यूनिटी" पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने वन्देमातरम् गीत गाया एवं रंगारंग प्रस्तुति दी। इतनी विशाल संख्या में पूर्वी दिल्ली लोकसभा की जनता ने भाग लिया जैसे आतंकवादी हमले को करारा जवाब दिया हो और राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सड़कों पर निकले हो, चारों तरफ वन्देमातरम् और भारत माता की जय के नारों से समा बंध गया। सभी ने नशा मुक्त भारत व अखंड भारत के निर्माण के लिए शपथ भी ली।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि लौह पुरुष' के नाम से विख्यात, सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार थे। स्वतंत्रता के समय, अंग्रेजों ने भारत को कई रियासतों में विभाजित करने का प्रयास किया। अपने दृढ़ नेतृत्व और दूरदर्शिता के माध्यम से, पटेल ने 565 रियासतों का एकीकरण कर एक मजबूत और अखंड भारत की नींव रखी। श्री मल्होत्रा ने बताया कि आज जब हम सरदार पटेल को याद करते हैं तो हमें ये भी याद रखना होगा कि उनका सपना केवल उस समय के लिए नहीं था। वह सपना आने वाली पीढ़ियों के लिए था। और आज वह पीढ़ी हम हैं। यह हमारा राष्ट्र धर्म है कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनें।अखंड भारत के उस स्वप्न को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के रुप में साकार करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि सरदार पटेल ने जिस अखंडता, एकता और आत्मविश्वास के साथ देश को जोड़ा, वही भावना आज आत्मनिर्भर भारत के मूल में है। हमारा लक्ष्य है कि हर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बने, हर नागरिक सशक्त बने और देश एकजुट रहकर विश्व में अग्रणी भूमिका निभाए।

# कुत्तों के लिए की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा और अन्य हिन्दू संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक मार्ग के कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद आश्रय स्थलों पर छोड़ने के बजाय उसी स्थान पर वापस छोड़ने का अनुरोध किया जहां से इनको पकड़ा गया है।

संगठनों का कहना है कि पीठ ने 7 नवम्बर को पारित आदेश में भारत सरकार द्वारा लागू पशु जन्म नियंत्रण (एनिमल बर्थ कंट्रोल) नियम 2023 की धारा 11(3) और 11(19) की खुली अवज्ञा की है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त कानून के अनुसार साम. ुदायिक कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी स्थान पर छोड़ा जाना चाहिए, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। हिन्दू महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा "सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश से न केवल कानून की अवज्ञा हुई है बल्कि देश की धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुँची है। दारा सेवा के राष्ट्रिय अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा हिन्दू धर्म में कुत्ता भैरव देवता की सवारी माना जाता है। हर हिन्दू घर में गाय को पहली रोटी और कुत्ते को आखिरी रोटी दी जाती है।"

संगठन ने यह भी कहा कि मार्ग पर रहने वाले सामुदायिक कुत्ते न केवल चौकीदारी करते हैं बल्कि मानव जीवन से गहरा संबंध रखते हैं। ऐसे में उन्हें बंदी बनाना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और पशु जन्म नियंत्रण कानून, 2023 दोनों का उल्लंघन है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई है कि पशु जन्म नियंत्रण कानून 2023 की धारा 11(3) और 11(19) का पालन कराया जाए।



**केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलिी अर्पित करते हुए।**

# धमाके में इस्तेमाल की गई कार का ओएलएक्स के जरिए किया था सौदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किले के नजदीक ब्लास्ट में इस्तेमाल की गई कार को आतंकियों ने ओएलएक्स के जरिये फरीदाबाद से खरीदा था। इसके बाद वह फरीदाबाद आकर उसको ले गए थे। इस बात की पुष्टि फरीदाबाद के रॉयल कार जोन के मालिक अमित पटेल ने की। उन्होंने बताया कि कार खरीदने के लिए जो आई डी दी गई। उनमें जो पता था वो पुलवामा का था। उन्होंने यह भी कहा कि कार नाम कराने के लिए दिए गए समय से पहले ही दिल्ली में ब्लास्ट कर दिया गया। सेक्टर-37 स्थित रॉयल कार जोन के मालिक अमित पटेल ने बताया कि 29 अक्तूबर को ओएलएक्स के माध्यम से एक ग्राहक उनके पास आया था। उस ग्राहक को उनके ऑफिस स्टाफ सोनू ने हैंडल किया। ग्राहक ने हुंडई आई 20 कार मांगी थी। जिनको सोनू ने (मॉडल 2013 या 2014) का मॉडल दिखाया। उसके बाद उनको ग्राहक ने गाड़ी देखने के बाद तुरंत खरीदने का निर्णय लिया। कार को खरीदने के लिए जो दस्तावेज दिए गए उसमें उन्होंने आधार कार्ड और पैन कार्ड दिया था। जिस पर जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का दर्ज था। अमित पटेल ने बताया उनके स्टाफ ने डॉक्यूमेंटेशन पूरा करने के बाद 29 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे गाड़ी आमिर और रशीद नाम के दो व्यक्ति को सौंप दी। उनका कहना है अगर उनको थोड़ा भी शक होता तो वह गाड़ी नहीं देते। आमिर ने गाड़ी की आरसी को ट्रांसफर कराने के लिए 25 दिन का टाइम मांगा था। उन्होंने बताया कि जिस कार को बेचा गया, वह पहले से सेकेंड ओनर के नाम पर थी और आरसी में भी उसी का नाम दर्ज था। इसलिए आमिर रशीद को कहा गया कि 20-25 दिन बाद आरसी अपने नाम ट्रांसफर कराने के लिए आ जाएं।

अमित पटेल ने बताया कि कार का इंश्योरेंस की डेट अभी बची हुई थी। हालांकि उसका पॉल्यूशन सर्टिफिकेट एक्सपायर हो गया था। इस वजह से उन्होंने नजदीक के ही पेट्रोल पंप में उसका पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी बनवाया। इसके बाद वह कार लेकर चले गए।

# डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने को विचार साझा किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गिरीश कृष्णन, डायरेक्टर पेमेंट्स, रिवॉर्ड्स और मर्चेंट सर्विसेज, अमेजन ने अमेजन पे के बढ़ते प्रभाव, डिजिटल पेमेंट्स में नवाचारों और हर भारतीय के लिए लेनदेन को सुरक्षित, सरल और लाभदायक बनाने के मिशन पर अपने विचार साझा किए।

कृष्णन के अनुसार, आज अमेजन पे की पहुँच ग्रामीण शहरों तक तेजी से बढ़ी है, जो अब कुल कवरेज का लगभग 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। उन्होंने कहा, "हमारा ध्यान सिर्फ शहरी भारत पर नहीं, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को एक सहज और सुरक्षित डिजिटल भुगतान तंत्र से सशक्त बनाने पर है।

बायोमेट्रिक आधारित सुरक्षा





फीचर पर प्रकाश डालते हुए, कृष्णन ने बताया कि यह नया सिस्टम भुगतान को पूरी तरह सुरक्षित और विश्वसनीय बनाता है।

लेनदेन को और अधिक लाभदायक बनाने के लिए, अमेजन अपने ग्राहकों को आकर्षक रिवॉर्ड्स भी देता है। प्राइम रिटेल ग्राहकों को 5% बोनस और सामान्य ग्राहकों को 3% बोनस प्रत्येक भुगतान पर मिलता है। इसके अलावा, अमेजन पे की कैशबैक सुविधाएं उपयोगकर्ताओं को डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहित करती हैं, जिससे हर ग्राहक को अपनी निष्ठा का ठोस लाभ प्राप्त होता है।

कृष्णन ने अमेजन पे की फैमिली-फ्रेंडली अकाउंट एक्सेस सुविधा पर भी जानकारी दी, जो साझा लेनदेन को आसान और सुरक्षित बनाती है। उन्होंने कहा, "हमारे यूपीआई-लिंक्ड बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने परिवार और मित्रों को मुख्य खाते में सुरक्षित रूप से जोड़ सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति के लिए खर्च की सीमा निर्धारित की जा सकती है, जिससे मुख्य अकाउंट होल्डर की अनुपस्थिति में भी भुगतान आसानी से किया जा सके। हर लेनदेन की निगरानी एक ही सत्यापित खाते से सुरक्षित रूप से की जाती है।

विश्वसनीयता पर बात करते हुए कृष्णन ने जोड़ा, "यदि किसी तकनीकी कारण से कोई भुगतान अटक जाता है, तो हमारी प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि रिफंड सुरक्षित और समय पर प्रोसेस हो। यह हमारे उपयोगकर्ताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पायरेटेड एनसीईआरटी पुस्तकों के धंधे में लिप्त दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पायरेटेड एनसीईआरटी पुस्तकों के धंधे में लिप्त गैंग का भंडाफोड़ कर दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एनसीईआरटी की कुल 12755 नकली/पायरेटेड पुस्तकें बरामद की है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि अपराध शाखा नकली/नकली उत्पादों के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध अपना निरंतर अभियान जारी रखे हुए है। इसी बीच 10.नवबर को एसआई अमित कुमार को दरियागंज स्थित एक गोदाम के बारे में विश्वसनीय सूचना मिली, जहाँ पायरेटेड एनसीईआरटी पुस्तकों का भंडारण और सप्लाई की जा रही थी।

यह जानकारी एनसीईआरटी अधिकारियों के साथ साझा की गई। इस सूचना पर एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर के. के. शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई इस टीम ने एनसीईआरटी, के अधिकृत कानूनी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर दरियागंज में छापेमारी कर आरोपी कनिष्क (32) और विनोद जैन(65):को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एनसीईआरटी की कुल 12755 नकली/पायरेटेड पुस्तकें बरामद की गईं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम संपन्न

## जनपद में सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत 200 जोड़ों ने लिए फेरे, 100 जोड़ों का किया गया निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 300 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम इंद्रदेव इंस्टीटयूट में आयोजित किया गया है, जिसमें 200 हिंदू और 100 मुस्लिम परिवारों के जोड़े शामिल हैं। इस पहल से नवदंपतियों को नया जीवन मिला है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी अस्मित लाल ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और विवाह समारोह शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कल्याणकारी योजना का पूरा लाभ नवदंपतियों को दिया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। इस योजना के तहत विवाह करने वाले दूल्हे अफजल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की इस पहल के कारण उनका निकाह बहुत अच्छे तरीके से संपन्न हुआ है। अफजल ने कहा कि अगर वे इस योजना में शामिल नहीं होते, तो उनके लिए निकाह करना काफी मुश्किल होता। एक अन्य मुस्लिम महिला समरीन ने बताया कि उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, जिसके कारण उनकी शादी में कई बाधाएं आ रही थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया, जिससे उनकी शादी संभव हो पाई। समरीन ने बागपत प्रशासन को भी इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। सामूहिक विवाह योजना में जोड़ों का विवाह कराने पहुंचे पंडित नीरज शर्मा ने बताया कि सभी विवाह विधि-विधान से संपन्न कराए जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन के भरपूर सहयोग की सराहना की और कहा कि मुख्यमंत्री की इस कल्याणकारी योजना से लोगों को एक नई शुरुआत मिल रही है।













## मारपीट के मामले में फरार चल रहा एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बालैनी टोल प्लाजा पर टोल मांगने को लेकर कर्मचारियों से मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मेरठ निवासी भरत पुत्र संजय के रूप में हुई है। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई तीन गाड़ियां भी बरामद की गई हैं।

यह घटना 9 नवंबर की रात को हुई थी। तीन गाड़ियों में सवार होकर आए लगभग आधा दर्जन लोगों ने टोल मांगने पर टोल कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और फिर मारपीट की। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टोल मैनेजर अनुज की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की और एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस अब इस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



## पीड़ित परिवार ने कोतवाल से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव में एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने कुछ लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत की है।

युवक ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बृहस्पतिवार सुबह वह अपनी गली से जा रहा था। तभी वहां बैठे कुछ लोगों ने उसे देखकर अभद्र टिप्पणी करनी शुरू कर दी। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी भड़क गए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार, जब उसने वहां से निकलने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने अपनी शिकायत में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी इलाके में अक्सर उत्पात मचाते हैं और राहगीरों से दुर्व्यवहार करते हैं। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी शिकायतें दर्ज हुई हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पीड़ित परिवार को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। घटना के बाद पुलिस ने गांव में गश्त बढ़ा दी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। पीड़ित परिवार ने अपनी सुरक्षा की मांग की है।

## संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने निकाली महिला जागरूकता रैली



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत छाता गाँव में महिला जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। बताते चलें महिला जागरूकता रैली एक ऐसा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है। इन रैलियों में अक्सर छात्राएं, महिला पुलिसकर्मी और स्वयंसेवी संगठन भाग लेते हैं, जो नारे लगाकर, बैनर और तख्तियां लेकर लोगों तक महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं के जीवन में बाधाएं दूर करना है। रैली की शुरुआत संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर से की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर नारे लगाते हुए गाँव की गलियों में भ्रमण किया। "बेटी बचाओ दृ बेटी पढ़ाओ", "महिला सशक्तिकरण देश का गौरव है" जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस रैली में विश्वविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीण महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। संस्कृति विवि के नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा. केके पाराशर ने इस मौके पर गांव में लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए लगभग 10 महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं, इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केंद्र सरकार की योजना है, सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, सीबीएसई उड़ान स्कीम, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। छात्रों को इस तरह की गतिविधि आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज महिला सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, वे सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, चिकित्सा विभाग और यहां तक कि प्रशासनिक सेवाओं में भी कार्यरत हैं। संस्कृति विवि के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने देश की कई प्रमुख महिलाओं की ओर से चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यक्रमों पर अपने विचारों को प्रस्तुत करने वाले छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों और कैडेट को समाज की महिलाओं को प्रेरित करने के लिए अपने गांवों के कोने-कोने में शिक्षा प्राप्त करने के लिए महिलाओं को जागरूक करने लिए कहा। रैली में संस्कृति विवि के विद्यार्थियों के अलावा एनएसएस विंग की डा. नीलम, प्रो. डॉली, डा. रीना रानी के अलावा अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने फरार हत्यारोपी मोहसीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के खत्ता मोहल्ला निवासी युवक की बुधवार को कब्रिस्तान के बाहर पुरानी रंजिश में युवक की ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। युवक की हत्या के विरोध में बागपत सीएचसी पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा कर हत्यारोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। मृतक के परिजनों ने बृहस्पतिवार को खत्ता मोहल्ला में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके परिजनों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। बाद में परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

बागपत के खत्ता रोड निवासी नफीस पुत्र उमरद्दीन 35 वर्ष पिछले चार साल से सहारनपुर में रह रहा था। बुधवार को उसकी मां मकसूदी 60 वर्ष का इंतकाल हो गया था। मृतक अपनी मां के शव को सुपुर्द ए खाक करने के लिए कब्रिस्तान पहुंचा जहां उसके ही परिवार के लोगों को पुरानी रंजिश में उसकी ईंटो से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी मेंभर्ती कराया जहां चिकित्सकों के मृतक घोषित करने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के परिजनों ने बृहस्पतिवार को खत्ता मोहल्ले में नफीस का शव रखकर हंगामा किया। उनका कहना था कि अभी तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपी खुलेआम घुम रहे है। उन्होंने हत्यारोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर और जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देकर शांत किया। इसके बाद परिजनों ने मृतक के शव सुपुर्द ए खाक किया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि अरमान पुत्र नफीस की तहरीर पर रहीसू पुत्र यामीन, यामीन पुत्र लाला, मोहसीन पुत्र शौकीन, मुस्तकीय पुत्र यामीन, शौकीन पुत्र यामीन, शमीम पुत्र जान आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने एक आरोपी मोहसीन पुत्र शौकीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## वेतनभुगतान के लिए शिक्षकों को जमा करनी होगी बायोमैट्रिक हाजिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय और अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियो को वेतन भुगतान के लिए जिविनि कार्यालय में बायोमैट्रिक हाजिरी जमा करनी होगी। बायोमैट्रिक हाजिरी जमा किए बगैर शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। शासन ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों और अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों की बायोमैट्रिक हाजिरी लगाने के निर्देश दिए है। निर्देशों के बावजूद भी कुछ विद्यालयों में बायोमैट्रिक हाजिरी शुरू नही की गई, जिस पर अब शासन के निर्देश पर सख्ती बरती जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विखाग ने नवंबर माह से सभी राजकीय और अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों को शिक्षकों और कर्मचारियों की 25 तारीख तक बायोमैट्रिक उपस्थिति कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति उपलब्ध न कराने पर शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन का भुगतान रोक दिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिक. ारी आशीष ने बताया कि सभी विद्यालयों को नवम्बर माह से वेतन भुगतान के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों की नवम्बर माह से प्रत्येक माह की 25 तारीख तक बायोमैट्रिक हाजिरी कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। निर्देशों का पालन न करने पर शिक्षको और कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा, जिसका उत्तरदायित्व विद्यालय के प्रधानाचार्य का होगा।

## बिजली घर पर किसान मजदूर संगठन का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर बिजली घर पर किसान मजदूर संगठन का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के समाधान न होने तक प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है।

बताया गया कि यह धरना किसानों और अन्य सभी वर्गों की मांगों को लेकर किया जा रहा है। उनकी प्रमुख मांगों में स्मार्ट विद्युत मीटर योजना को तत्काल बंद करना, जर्जर विद्युत तारों और खंभों को बदलना, किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान करना और विद्युत अधिकारियों के व्यवहार में सुधार लाना शामिल है। उनका आरोप है विद्युत विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ग का शोषण किया जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं और शिकायतों का समय पर समाधान नहीं होता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। संगठन ने घोषणा की है कि 15 नवंबर को एक महत्वपूर्ण महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। फिलहाल, धरने पर स्थानीय लोगों का पहुंचना जारी है।



## मृतकों की आत्मा की शांति के लिए निकाला मशाल जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह के नेतृत्व में दिल्ली बस स्टैंड से लेकर नगर के मुख्य बाजार होते हुए संजय मूर्ति नेहरू मूर्ति तक मशाल जुलूस निकाला गया।

कांग्रेस पार्टी कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिंदाबाद सोनिया गांधी जिंदाबाद प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए हाथों में मशाल जुलूस लेकर चल रहे थे। दिल्ली बम ब्लास्ट के विरोध में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मशाल जुलूस निकाला गया। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरिपंवार के नेतृत्व में मृतक लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। मशाल जुलूस निकालने वालों में आर्यन कुमार रोहतास सिंह छोटू पूनम चौधरी मंजू अनीता चौधरी डोली अंशु चौधरी कौशल कमी यशोदा बाला देवी हरकाली अमरेश देवी मुकेश देवी सरस्वती देवी राजकली देवी यशोदा के अलावा काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## पूर्व नौसैनिकों के वार्षिक सम्मेलन में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** नौसेना मुख्यालय के पूर्व नौसैनिक निदेशालय के द्वारा मुम्बई के नौ सेना मुख्यालय में आयोजित 15 वां वार्षिक सम्मेलन में मथुरा से नौ सेना के पूर्व जेसीओ डॉ. रमेश चंद्र ने भाग लिया। इस सम्मेलन में सभी प्रांतों के प्रतिनिधी आमंत्रित किए गए थे। सम्मेलन से भाग लेकर लौटने के बाद पूर्व जेसीओ डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि सम्मेलन की शुरुआत समूह फोटो और मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एवीएसएम एनएम सीपीएस चेयरमैन वेटरन्स सेलर्स फोरम (वीएसएफ) वाइस एडमिरल सीआर प्रवीन नायर के संबोधन से हुई। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श हुआ। सभी प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र के नौसैनिकों एवं वीर नारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

ईसीएचएस, नेवल पेंशन, वन रैंक वन पेंशन, स्पर्श, आईएनबीए के विभागीय प्रमुखों ने विस्तृत जानकारी दी और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। मुख्य अतिथि ने सभी पूर्व नौसैनिकों एवं वीर नारियों को ग्रुप के माध्यम से निदेशालय से सम्पर्क में रहने पर बल दिया ताकि योजनाओं से लाभान्वित होते रहें। साथ ही सभी को राष्ट्रप्रथम एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसका संच. ालन कैप्टेन अजय मंडल ने किया।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने समावेशी शिक्षा पर दिया जोर

**मथुरा।** मथुरा ब्लाक के रिसोर्स सेंटर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के तीन दिवसीय को लोकेटेड आंगनबाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इसमें कार्यकत्रियों को दिव्यांग बच्चों से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि 21 प्रकार की दिव्यांगताएं होती है। दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा के सिद्धांत अपनाकर शिक्षा दी जानी चाहिए। दिव्यांग बच्चों को जीवन में शीघ्र हस्तक्षेप का महत्व भी बताया जाए। कार्यकत्रियों को सांकेतिक भाषा का प्रयोग का भी प्रशिक्षण दिया। विशेषकर श्रवण बाधित बच्चों के लिए सांकेतिक भाषा का प्रयोग करना ज्यादा उपयोगी रहेगा। जिससे दिव्यांग बच्चे समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे और उनकी दिव्यांगता में भी सुधार होगा। सीडीपीओ मथुरा ग्रामीण ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान और उन्हें विभिन्न सकारी योजनाओं के लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया गया।

## डीआईजी ने किया खुर्जा नगर कोतवाली का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खुर्जा।** मेरठ डीआईजी कलानिधि नैथानी ने खुर्जा नगर कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डी आई जी सर्व प्रथम नगर के मुख्य चौराहे जेवर अड्डा पदम सिंह गेट गांधी रोड कबाड़ी बाजार चौराहा नगर के सर्राफा बाजार में लोगों से व व्यापारियों से भ्रमण के दौरान वार्तालाप किया और पुलिस की पहरेदारी व सुरक्षा पर लोगों से जानकारी ली इसी दौरान भारी पुलिस की मुस्तदी के दौरान भी नगर में रोड पर दो-तीन स्थानों पर जाम की समस्या दिखाई दी पुलिस प्रशासन भी इस समस्या से झूझता दिखाई दिया खुर्जा कोतवाली को दुल्हन की तरह सजाए जाने पर खफा दिखाई दिये डी जी पी निरीक्षण के दौरान असलहों की जांच और पुराने दस्तावेजों की पड़ताल की पुराने मुक. दमों की विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के दिए सख्त निर्देश।पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए इस दौरान जनपद बुलंदशहर के सभी आला अधिकारी अलर्ट दिखाई दिये जनपद कप्तान दिनेश सिंह व एसपी आदि रहे।

## दिव्यांग जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन

**मथुरा।** कल्याणं करोति द्वारा संचालित प्रकल्प कृत्रिम अंग निर्माण एवं पुनर्वास केन्द्र द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (।स्प्डब्) के सौजन्य से एक निःशुल्क दिव्यांग जाँच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 18 नवम्बर को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आसरा केन्द्र, कल्याण धाम, मसानी दिल्ली लिंक रोड, सरस्वती कुंड, मथुरा में किया जा रहा है। इस शिविर में पात्र लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कानों की मशीन, वॉकर, कृत्रिम हाथ आदि निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। इच्छुक लाभार्थी अपने बीपीएल राशन कार्ड, वृद्धावस्था या विकलांगता पेंशन प्रमाणपत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, आय प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक, पैन कार्ड अथवा जनप्रतिनिधि द्वारा प्रमाणित पत्र या नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र के साथ शिविर में उपस्थित हो सकते हैं।

## हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शादी समारोह से लौट रहे ग्रामीणों की ई-रिक्शा में पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा में सवार महिला की मौत हो गई और पांच अन्य सवारियां घायल हो गई। हादसे के बाद डंपर पलट गया और उसका चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार नारायणपुर निवासी ग्रामीण आज शाम करीब पांच बजे भागूवाला में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद ई-रिक्शा से वापस लौट रहे थे। इस बीच नारायणपुर वाले रास्ते पर पीछे से आ रहे खनन सामग्री के डंपर संख्या यूके 07 सीबी 7077 ने ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा चालक लियाकत (50 वर्ष) पुत्र बसाहत निवासी ग्राम मोहनपुर, श्रीमती खातून (50 वर्ष) पत्नी यूनुस, रेशमा (22 वर्ष) पुत्री यासीन, आसमा (30 वर्ष) पुत्री यासीन एवं रानी (25 वर्ष) निवासीगण ग्राम नारायणवाला गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाने के दौरान श्रीमती खातून की मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

# 12 वार्डों के उपचुनाव में उतरे 80 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने एमसीडी के 12 वार्डों के उपचुनाव के लिए दाखिल किए गए 80 नामांकन पत्र रद्द कर दिए। इनमें भाजपा, आप और कांग्रेस के 28 डमी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र शामिल हैं। इसके अलावा तीनों दलों के कुछ उम्मीदवारों ने एक से अधिक नामांकन दाखिल किए थे।

इनमें से केवल एक को ही वैध माना गया है। वहीं, पांच निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हुए हैं उनमें चांदनी महल वार्ड से चार और नारायणा वार्ड से एक निर्दलीय उम्मीदवार का पर्चा रद्द किया गया है। नारायणा वार्ड में भाजपा के बागी नेता का नामांकन पत्र रद्द हुआ। एमसीडी के 12 वार्डों के उपचुनाव के लिए तीनों दलों के उम्मीदवारों के 28 डमी उम्मीदवारों समेत 86 उम्मीदवारों ने 133 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इस तरह माना जा रहा था कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद 58 उम्मीदवार मैदान में रह जाएंगे लेकिन पांच निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन पत्र भी रद्द हो गए और अब चुनाव मैदान में भाजपा, आप व कांग्रेस के 36 उम्मीदवारों के अलावा ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक और सीपीआई के एक-एक उम्मीदवार समेत 15 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं।

उम्मीदवार 15 नवंबर तक नाम वापस ले सकते हैं। इस तरह उम्मीदवारों की संख्या के मामले में अंतिम तस्वीर 15 नवंबर को ही स्पष्ट होगी। नारायणा वार्ड से भाजपा से टिकट मांग रहे पूर्व पार्षद प्रमोद तंवर का नामांकन रद्द हो गया है। वह वर्ष 2012 में भी पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत गए थे लेकिन इस बार इतिहास दोहराने में नाकाम रह गए।

हालांकि, उनका नामांकन रद्द होने के बावजूद इस वार्ड में भाजपा की राह आसान नहीं है। पार्टी के भीतर असंतोष बरकरार है क्योंकि भाजपा के करोल बाग जिले के ओबीसी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ऋषिपाल तंवर पार्टी टिकट न मिलने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे हुए हैं। सबसे कम उम्मीदवार द्वारका बी, दक्षिणपुरी और ग्रेटर कैलाश वार्डों में बचे हैं। इन वार्डों में तीन-तीन उम्मीदवार ही मैदान में रह गए हैं। वहीं, नारायणा वार्ड में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। यहां आठ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं।

## ओयो होटल में चल रहा था अय्याशी का अड्डा, लगी सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाबरपुर बस टर्मिनल के पास बुधवार शाम अहिल होटल गेस्ट हाउस में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग लगने के वक्त चार कर्मचारी अंदर फंसे हुए थे, जिन्हें दमकल और पुलिस टीमों ने सुरक्षित बाहर निकाला। आग बुझाने में दमकल की दो गाड़ियों को लगाना पड़ा। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग की वजह माना जा रहा है।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम शाहदरा तपन झा और तहसीलदार मृत्युंजय कुमार को स्थानीय लोगों ने बताया कि अहिल होटल के ठीक बगल में ओयो मयूर रेजिडेंसी नाम से एक अवैध होटल चल रहा है। जहां नाबालिग लड़के-लड़कियां आते-जाते रहते हैं। एसडीएम ने तत्काल छापेमारी की तो होटल के अंदर हुक्के का धुआं फैला था और कई किशोर-किशोरियां जोड़ों में मौजूद मिले। होटल की महिला मैनेजर भी शराब के नशे में धुत पाई गईं।एसडीएम तपन झा ने मौके पर ही ओयो मयूर रेजिडेंसी को सील करने के आदेश दिए और कहा कि शाहदरा जिले में नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी अवैध होटलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। शाहदरा जिला विकास समिति के चेयरमैन जितेंद्र महाजन ने कहा कि वह लंबे समय से अवैध होटलों का मुद्दा उठाते रहे हैं। बाबरपुर की यह कार्रवाई आने वाले दिनों में जिलेभर में अभियान का संकेत है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जिला विकास समिति की बैठक भी है। अब देखना होगा कि इस मुद्दे पर आगे क्या कार्यवाही होती है।

# दो वर्षीय बच्ची के साथ पड़ोसी ने की दरिंदगी, आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर से इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपने ही पड़ोसी की दो साल की मासूम बच्ची के साथ शर्मनाक हरकत की। आरोपी जब दरिंगगी की वारदात को अंजाम दे रहा था, इसी बीच बच्ची की मां वहां आ गई। इसके बाद परिजनों ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बच्ची की मां के बयान मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता दंपती रेहड़ी लगाकर गुजारा करते हैं और गोद ली हुई दो वर्षीय बेटी के साथ किराये पर रहते हैं। घटना वाले दिन बच्ची गली में अन्य बच्चों संग खेल रही थी। उसकी मां कुछ देर के लिए घर के अंदर चली गई। कुछ देर बाद लौटने पर बच्ची गायब मिली। पूछताछ में एक व्यक्ति ने बताया कि उसे पड़ोसी लेकर गया है। जब महिला पड़ोसी के घर पहुंची तो उसने मासूम को आरोपी के बिस्तर पर अश्लील हालत में पाया और वह बच्ची के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोग और महिला का पति मौके पर पहुंच गए।

इसके बाद पुलिस को सूचित कर आरोपी को परिजनों ने पुलिस को सौंप दिया। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से सुराग जुटाए हैं। बिस्तर की चादर और अन्य सामग्री इत्यादि को जब्त किया गया है। पुलिस पॉक्सो एक्ट की धारा छह समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## चाकूबाज गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाने के स्टाफ में एक चाकूबाज को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से एक बटन वाला चाकू और एक चोरी की बाइक बरामद की है।आरोपी नशे और शराब का आदी है। आरोपी चाकू के साथ चोरी करने के इरादे से घूम रहा

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत एसीपी मधु विहार की देखरेख में एसएचओ,पीआईए थाने की एक टीम को क्षेत्र में आपराधिक गति. विधियों को सक्रिय रूप से रोकने और उनका पता लगाने के लिए तैनात किया था।इसी बीसी हर्षित कुमार और कांस्टेबल अस्टेंडर की टीम का गठन थाना प्रभारी/पीआईए की देखरेख और सहायक पुलिस आयुक्त मधु विहार के समग्र मार्गदर्शन में किया गया था।

# प्रवीन खंडेलवाल ने की सौरभ भारद्वाज के ट्वीट की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज द्वारा किए गए दुर्भाग्यपूर्ण ट्वीट की तीखी आला. चना करते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जो पार्टी झूठ की बुनियाद पर बनी थी, अब ब्लास्ट पीड़ितों पर भी राजनीति करने से नहीं चूक रही है।यह सीधे तौर पर बेरा. जगार नेता का राजनैतिक दिवालियापन है

खंडेलवाल ने कहा ख्र"झूठ की बुनियाद पर बनी आम आदमी पार्टी से यही उम्मीद थी ख्र और वही सौरभ कर रहे हैं। बम ब्लास्ट के पीड़ितों पर भी झूठ की राजनीति! मैं 11 नवंबर को दोपहर करीब 12:15 बजे खुद एलएनजेपी अस्पताल गया था, प्रधानमंत्री जी के जाने से एक दिन पहले। तब तक पीड़ित का इलाज शुरू हो चुका था और प्लास्टर भी लग चुका था। जब मैं गया था, उसी समय सौरभ भारद्वाज भी अस्पताल में मौजूद थे। उन्होंने भी चित्र लिए होंगे। यदि हिम्मत है तो वे वो तस्वीरें सार्वजनिक करें ख्र दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।"

सांसद खंडेलवाल ने कहा कि हार ने सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी को इस हद तक गिरा दिया है कि अब वे न केवल पीड़ितों पर सवाल उठा रहे हैं बल्कि उसी तरह सेना पर भी पहले सवाल उठाने का इतिहास दोहरा रहे हैं।



दिल्ली सरकार के पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# सिरसा ने की औद्योगिक क्षेत्रों के पुनर्विकास प्लान की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे रखरखाव और सड़कों के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की।

यह बैठक मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिशा निर्देश में आयोजित की गई, जिसमें दिल्ली के 18 प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों के पुनर्विकास, नालियों, डक्ट और स्वच्छता ढांचे को मजबूत करने की विस्तृत योजना पर चर्चा हुई।बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि 18 औद्योगिक क्षेत्रों को सड़कों की स्थिति और तात्कालिक आवश्यकता के आधार पर तीन श्रेणियों- संतोषजनक, मध्यम और खराबख्रमें बाँटा गया है ताकि चरणबद्ध तरीके से रोड निर्माण और रिपेयर का काम किया जा सके।

बैठक के दौरान पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, ओखला औद्योगिक एस्टेट फेज-IIIवजीरपुर, नारायणा, मयापुरी फेज-I एवं II, मंगोलपुरी, कीर्ति नगर, बदली, जीटी कर्णाल रोड, डीएलएफ मोती नगर, झिलमिल, राजस्थानी उद्योग नगर, लॉरेंस रोड सहित अन्य प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के बाद सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार ऐसे स्थायी समाधान ला रही है जो केवल मेंटेनेंस तक सीमित नहीं हैं। दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों का पुनर्विकास इस तरह से किया जा रहा है कि बुनियादी ढांचा बेहतर हो और धूल प्रदूषण में भी स्थायी रूप से कमी आए। यह काम विज्ञान आधारित और व्यावहारिक तरीके से किया जा रहा है।" मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नई सड़कों के निर्माण से पहले पावर केबल, टेलीकॉम लाइन और पानी की पाइपलाइन जैसी सेवाओं के लिए डक्ट बिछाए जाएं ताकि आगे खुदाई की जरूरत न पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि हर कार्य की निगरानी सख्ती से की जाए ताकि समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा हो सके। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में गड्ढों की मरम्मत का एक व्यापक अभियान विंटर एक्शन प्लान के तहत जारी है।

## डीयू कार्यकारी परिषद की 1279वीं बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** डीयू कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1279वीं बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस बैठक में डीयू की 102वीं वार्षिक रिपोर्ट के मसौदे को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। डीयू कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता ने बताया कि यह वार्षिक रिपोर्ट 01.04. 2024 से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए तैयार की गई है, जिसमें वर्ष 2024-2025 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय की गति. विधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। इस रिपोर्ट में दो भाग हैं; जिनमें से पहले भाग में संबंधित अवधि की उपलब्धियों और गतिविधियों के मुख्य बिंदु, संकायों, विभागों, केंद्रों, महाविद्यालयों और वित्त सहित दिल्ली विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी शामिल है।

# प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कई विभागों की समन्वय बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 13 प्रदूषण हॉटस्पॉट क्षेत्रों में से आनंद विहार हॉटस्पॉट एक प्रमुख हॉटस्पॉट है। इसके अतिरिक्त पटपड़गंज वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्टेशन एवं शकरपुर वार्ड भी राजधानी के 39 एक्यूआई स्टेशनों में शामिल हैं। पिछले कुछ दिनों से इन स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर 400 से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में विभिन्न विभागों जैसे दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी), दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम (डीटीआईडीसी, भारतीय रेल, क्षेत्रीय तीव्र परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस), दिल्ली पुलिस, परिवहन विभाग, एवं दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) आदि को सौंपे गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक अंतरविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई।



यह बैठक श्री बदल कुमार, उपायुक्त शाहदरा दक्षिण क्षेत्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि श्री बदल कुमार को आनंद विहार हॉटस्पॉट के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रमुख निर्णय एवं प्रगति रिपोर्ट के बारे में चर्चा की गयी। इसमे बताया गया कि आनंद विहार बस टर्मिनल के समीप एक्यूआई स्टेशन के पास सड़क पुनर्निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसके अलावा रेलवे के एस.टी.पी. (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के पास खाली भूमि पर रेलवे विभाग द्वारा चंपा पौधारोपण एवं घास लगाने का कार्य भी किया जा रहा है, जिसे एक सप्ताह में पूर्ण करने की जानकारी दी गई।

इसके अलावा पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में सड़क पुनर्निर्माण का कार्य दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) द्वारा तीव्र गति से जारी है। दिल्ली नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्प्रिंकलर मशीनें और एंटी-स्मॉग गन निर्धारित शिफ्ट में निरंतर कार्यरत हैं। साथ ही, दिल्ली पुलिस और दिल्ली नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी नियमित रूप से की जा रही है। बैठक में बताया गया कि परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा अवैध रूप से खड़ी बसों एवं कारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## एमसीडी ने आजादपुर रेलवे स्टेशन के पास चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेलवे ट्रैक के पास कूड़े से संबंधित एक सोशल मीडिया पोस्ट का संज्ञान लेते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), केशवपुरम जोन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया। संबंधित स्थान लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में फैला एक त्रिकोणीय भूखंड है, जो दो ओर से रेलवे लाइनों और तीसरी ओर से रेलवे स्टेशन से घिरा हुआ है। यह क्षेत्र तीनों दिशाओं से झुग्गी बस्तियों से घिरा हुआ है और रेलवे के स्वामित्व में आता है। सफाई की समस्या का मुख्य कारण रेलवे लाइनों के किनारे बनी झुग्गी बस्तियाँ हैं, जहाँ रहने वाले लोग नियमित रूप से घरेलू ठोस कचरा और अन्य अपशिष्ट रेलवे ट्रैक पर या उसके समीप फेंक देते हैं, जिससे गंदगी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एमसीडी ने 10 नवम्बर से 12 नवम्बर 2025 तक तीन दिवसीय गहन सफाई अभियान चलाकर जमा कचरे को हटाया और क्षेत्र को स्वच्छ किया।इस सफाई अभियान के दौरान एमसीडी को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इस त्रिकोणीय भूखंड तक पहुँचने के लिए एमसीडी के कचरा-संग्रहण वाहनों के लिए कोई सीधी पहुँच उपलब्ध नहीं है। इस क्षेत्र तक पहुँचने का एकमात्र मार्ग आजादपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म से होकर ही संभव है। इन भौगोलिक और तकनीकी बाधाओं के बावजूद, एमसीडी टीमों ने रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मशीनरी और सफाई कर्मियों की आवाजाही सुनिश्चित की।

# वाणिज्य राज्य मंत्री करेंगे आईआईटीएफ का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दक्षिण एशियाई क्षेत्र में सबसे प्रतीक्षित बी2बी और बी2सी आयोजनों में से एक, भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 का केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। आईआईटीएफ 2025 का आयोजन भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा किया जा रहा है। पहले पांच दिन (14-18 नवंबर) बी2बी इंटरैक्शन के लिए व्यावसायिक दिवस के रूप में निर्धारित किए गए हैं।, इसके बाद 19-27 नवंबर तक सभी के लिए सामान्य दिवस होंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ष्2047 तक विकसित भारतष के दृष्टिकोण को दर्शाते हुए, इस वर्ष के मेले का थीम ष्एक भारत, श्रेष्ठ भारतष होगा। यह थीम भारत की विविधता, उद्यमशीलता की ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता का जश्न मनाती है, जो स्थानीय उद्यम, स्वदेशी नवाचार और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले स्वदेशी आंदोलन के लोकाचार के साथ गहराई से जुड़ती है।इस वर्ष ष थाईलैंड, मलेशिया, स्वीडन, चीन, दक्षिण कोरिया, तुर्की, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, लेबनान और ट्यूनीशिया सहित 11 देश अंतर्राष्ट्रीय मंडप में अपने उत्पाद और नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं। इस वर्ष मेले में बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश भागीदार राज्य हैं, जबकि झारखंड को फोकस राज्य के रूप में नामित किया गया है। मेले में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग आगंतुकों के लिए नि:शुल्क प्रवेश होगा ।टिकट भारत मंडपम ऐप और डीएमआरसी ऐप के माध्यम से उपलब्ध हैं। हॉल 1, हॉल 2 और हॉल 5 के पास तीन ओपन-एयर एम्फीथिएटर, भाग लेने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा आयोजित दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे।



कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीयू कार्यकारी परिषद की 102वीं वार्षिक रिपोर्ट के मसौदे को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

# डीटीसी बस का टायर फटा धमाके की आवाज सुन सहमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिपालपुर में गुरुवार सुबह एक डीटीसी बस का टायर फट गया, जिससे इलाके में तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। हालांकि, यह घटना ऐसे समय में हुई, जब दिल्ली के लोग लाल किला आतंकी विस्फोट को लेकर दहशत में है। वहीं, ऐसे में धमाके की आवाज सुनकर लोगों को लगा कि दिल्ली में एक और विस्फोट हो गया है। लेकिन हकीकत पता चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

उधर, धमाके की सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि डीटीसी की एक बस का टायर फटा है, जिस वजह से इलाके में धमाके की आवाज सुनाई दी। इसी धमाके की आवाज से कुछ लोग डर गए थे। पुलिस की ओर से कहा गया कि कोई भी व्यक्ति अफवाहों पर ध्यान न दें और अगर कोई घटना होती है तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें।

डीसीपी दक्षिण पश्चिम ने बताया कि महिपालपुर के रेडिसन होटल के पास विस्फोट की सूचना मिली और पुलिस बल को तुरंत मौके पर भेजा गया। कॉल करने वाले से संपर्क किया गया और बताया गया कि जब वह गुरुग्राम जा रहा था, तभी एक तेज आवाज सुनाई दी। स्थानीय पूछताछ में एक गार्ड ने बताया कि धौला कुआं जा रही एक डीटीसी बस का पिछला टायर फट गया था, इसलिए यह आवाज आई थी।


## उत्तर रेलवे

### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 34-SRDEE-G-DLI-2025-26<br>दिल्ली डिवीजन की कॉलोनियों में 11 केवी एच टी स्थापना की मरम्मत, सर्विसिंग, ओवरहालिंग और सुदृढ़ीकरण। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.1,43,93,868.00 |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 2,22,000.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 08.12.2025, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 08.12.2025 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in<br>वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

3522/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# इंसानियत के दुश्मनों को दी जाए सख्त से सख्त सजा : इरफान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** लाल किले के पास हुए हालिया बम धमाके ने एक बार फिर हमारे देश के विवेक को झकझोर कर रख दिया है। यह बयान पसमांदा मुस्लिम उत्थान समिति संघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक, सेंट्रल हज एवं सेंट्रल वक्फ कमेटी के मेंबर रहे औए भारत भारती के उत्तर भारत के प्रभारी इरफान अहमद ने निर्दोष लोगों की जानें चली जाने और परिवारों के बिखर जाने और शांति व भाइचारे को उन कायर लोगों द्वारा भंग कर दिए जाने पर दिया है जो नफरत और डर पर पलते हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत के नागरिक विशेष रूप से पसमांदा और कश्मीरी मुसलमान के रूप में यह हमारा नैतिक, राष्ट्रीय और धार्मिक कर्तव्य है कि हम इस आतंकवादी कृत्य की निस्संदेह निंदा करें और उन ताकतों के विरुद्ध एकजुट हों जो हमारे देश को बाँटने की कोशिश कर रही हैं। इस्लाम शांति, न्याय और दया का धर्म है, यह निर्दोषों की हत्या की अनुमति नहीं देता और न ही नफरत की राजनीति का समर्थन करता है। जो लोग धर्म के नाम पर ऐसे जघन्य अपराध करते हैं, वे धर्म के रक्षक नहीं बल्कि उसके सबसे बड़े दुश्मन हैं। अत: इंसानियत के दुश्मनों को सख्त से सख्त सजा दी जाए ताकि लोगों के लिए मिसाल बन सके।

# दुष्कर्म मामले के आरोपी वकील को सरेंडर करने की समय-सीमा 17 तक बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महिला वकील द्वारा दर्ज कराए गए दुष्कर्म मामले में आरा. पी वकील को सरेंडर करने के लिए दी गई। समयसीमा 17 नवंबर तक बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने सात नवंबर को आरोपी की जमानत रद्द करते हुए उसे एक सप्ताह में ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था। अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि आरोपी किसी भी हालत में महिला वकील से संपर्क न करे, अन्यथा दिल्ली पुलिस उस पर उचित कार्रवाई कर सकती है। सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने दलील दी कि जमानत रद्द करने के आदेश के खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है, जिसे सोमवार को सूचीबद्ध किए जाने की संभावना है। इसलिए सरेंडर की समयसीमा एक सप्ताह और बढ़ाई जाए। पिछले सप्ताह हाईकोर्ट ने यह कहते हुए आरा. पी की अग्रिम जमानत रद्द कर दी थी कि उसने कानून की प्रक्रिया में दखल देने का प्रयास किया है। साथ ही अदालत ने दो न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ भी प्रशासनिक जांच के आदेश दिए थे, जिन पर महिला वकील को बयान वापस लेने के लिए दबाव डालने का आरोप है। अदालत ने कहा कि इस तरह के मामले में न्यायिक अधिकारियों की भूमिका सामने आना चौंकाने वाला और गंभीर है। अदालत ने टिप्पणी की कि भले ही यह आरोप जांच के अधीन हों, लेकिन ये न्याय व्यवस्था के प्रति घोर असम्मान को दर्शाते हैं। शिकायत में 27 वर्षीय महिला वकील ने कहा कि वह आरोपी से एक मित्र के माध्यम से मिली थी और एक पार्टी के दौरान उसके घर गई थी, जहां उसके साथ दुष्कर्म हुआ। आरोपी ने शादी का झांसा दिया क्योंकि वह विधुर था।

महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी भावनात्मक दबाव बनाकर संबंध बनाता रहा और मई में वह गर्भवती हो गई। उसने यह भी दावा किया कि आरोपी के कुछ न्यायिक अधिकारियों से घनिष्ठ संबंध हैं और उन्होंने एफआईआर दर्ज होने से पहले और बाद में भी उसे प्रभावित करने की कोशिश की।


## उत्तर रेलवे

### (ई-नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज़ शौचालय BOT, ROMT और MOT के आधार पर अनुबंध **लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली "जैसा है जहां है"** के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट् |
|---|---|---|
| PaynUse09-2025 | दिनांक 01.12.2025 को 10:00 बजे | आनंद विहार -1 साईट, हज़रत निजामुद्दीन (NZM) -2 साइट्स, दिल्ली (DLI) -1 साइट, पटेल नगर (PTNR)-1 साइट, शिवाजी ब्रिज (CSB) -1 साइट, पानीपत (PNP)-1 साइट, पालम -1 साइट, कुल - 8 साइट्स / स्थल। |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:<br>-ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण - ई-नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फण्ड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; Email: sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या-7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 13.11.2025 3538/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली लाल किला ब्लास्ट का हापुड़ कनेक्शन

## ब्लास्ट के मामले में जीएस मेडिकल कॉलेज का असिस्टेंट प्रोफेसर हिरासत में

नदीम नक़वी
शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** दिल्ली में हाल ही में हुए ब्लास्ट मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पुलिस और जांच एजेंसियों को लगातार चौंकाने वाले खुलासे मिल रहे हैं। जांच में अब बड़ा मोड़ तब आया जब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसकी कड़ियाँ उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले तक पहुंचा दीं। देर रात स्पेशल सेल की टीम ने पिलखुवा स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज में दबिश देकर प्रसूति रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. फारुख अहमद डार को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि डा. डार जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के मीरिपोर बीरवाह गांव के निवासी हैं और पिछले डेढ़ साल से कॉलेज कैंपस में रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के आतंकी संगठनों से संपर्क होने की आशंका है।

सूत्रों के अनुसार, बुधवार देर रात करीब दो बजे हुई इस कार्रवाई से कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। टीम ने पहले कॉलेज प्रबंधन को सूचना दी, फिर डा. फारुख अहमद डार के कमरे की तलाशी ली गई। इस दौरान उनका लैपटॉप, मोबाइल फोन और पेन ड्राइव जब्त किए गए हैं। स्पेशल सेल को शक है कि इन डिवाइसेज़ में लाल किला विस्फोट से जुड़े अहम सुराग मिल सकते हैं। पूछताछ के दौरान डा. फारुख अहमद डार से आधे घंटे तक सवाल-जवाब किए गए और उसके बाद टीम उन्हें दिल्ली ले गई।




फिलहाल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से इनकार किया है। जानकारी के मुताबिक डा. फारुख अहमद डार ने वर्ष 2016 में आचार्य श्रीचंद कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, जम्मू से एमबीबीएस किया था। इसके बाद 2022 में उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर से प्रसूति रोग की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह एनसीआर के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े, जहाँ 6 अक्टूबर 2022 से अप्रैल 2024 तक कार्यरत रहे। 6 अप्रैल 2024 को उन्होंने जीएस मेडिकल कॉलेज, पिलखुवा में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर जॉइन किया। सहकर्मियों के अनुसार, वो एक शांत, विनम्र और मिलनसार व्यक्ति हैं। कभी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि नजर नहीं आई। सूत्रों के अनुसार, डा. फारूक अहमद डार से लगातार पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के साथ-साथ इंटेलिजेंस ब्यूरो और एनआईए की टीमें भी जांच में सक्रिय हैं। एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि आरोपी की दिल्ली ब्लास्ट के आरोपियों से क्या भूमिका या संबंध रहा है। कॉलेज प्रशासन ने जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने की बात कही है। कॉलेज प्रबंधन ने इस मामले में एक आंतरिक जांच समिति गठित करने का निर्णय भी लिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी प्रोफेसर की गति. विधियों के बारे में किसी को पहले से कोई जानकारी थी या नहीं। दिल्ली पुलिस सूत्रों का कहना है कि फिलहाल डा. फारूक डार से लगातार पूछताछ की जा रही है और उनके पास से मिले डिजिटल उपकरणों, लैपटॉप और मोबाइल फोन को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। आने वाले दिनों में इस जांच से दिल्ली ब्लास्ट मामले से जुड़े और कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

## हाईवे पर एंबुलेंस और कार की भीषण टक्कर, चार लोग घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार में जा रही एक एंबुलेंस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन हाईवे पर पलट गए, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई।

हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं, जिनमें एंबुलेंस चालक और कार सवार शामिल हैं। सूचना मिलते ही थाना बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एंबुलेंस मरीज को लेकर मेरठ की ओर जा रही थी और सामने से तेज रफ्तार कार हापुड़ की दिशा से आ रही थी। अचानक मोड़ पर दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एंबुलेंस और कार दोनों सड़क किनारे पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हाईवे पर कुछ देर के लिए लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर खुलवाया। थाना बाबूगढ़ पुलिस ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग प्रतीत हो रहा है। हालांकि, सटीक कारण का पता विस्तृत जांच के बाद ही चलेगा। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। कई लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस कर्मियों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। फिलहाल, पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, दो युवकों की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ज़िलें में एक बार फिर तेज रफ्तार ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। नगर कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर कट के पास देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक हरदोई जनपद के रहने वाले बताए जा रहे हैं और किसी काम से नोएडा की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में नोएडा की दिशा में जा रहे थे। जैसे ही वे निजामपुर कट के पास पहुंचे, अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधा सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान हरदोई जिले के रहने वाले अजय प्रताप और लालाराम के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक किसी जरूरी कार्य से नोएडा जा रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



उन्होंने कहा कि सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य कर दिया गया है और मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में आए दिन तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निजामपुर कट के पास स्पीड ब्रेकर और चेता. वनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## एसपी ने की बीट प्रणाली बैठक की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध नियंत्रण, जनता से संवाद और पुलिस की जमीनी पकड़ को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा गुरुवार को पुलिस कार्यालय में बीट प्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में ज़िलें के सभी थानों से आए मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों ने हिस्सा लिया। एसपी ने स्वयं सभी की बीट बुक का अवलोकन किया और उनके कार्यों की समीक्षा की। बीट बुक में दर्ज सूचनाओं, स्थानीय अपराध नियंत्रण प्रयासों, संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी, जनसंपर्क और क्षेत्रीय भ्रमण गतिविधियों को परखा गया। बैठक के दौरान एसपी ने सभी बीट अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में



नियमित भ्रमण करें, स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और वरिष्ठजनों से संवाद स्थापित करें तथा किसी भी अपराधिक गति. विधि की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि बीट प्रणाली पुलिस और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी है। हर बीट प्रभारी को चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के हर मोहल्ले, गली, स्कूल और प्रमुख स्थलों की जानकारी रखें। अगर क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि कर रहा है या किसी विवाद की स्थिति है, तो उसे समय रहते चिन्हित किया जाए ताकि अपराध होने से पहले ही रोका जा सके। बैठक के दौरान एसपी ने कई बीट बुक में दर्ज सूचनाओं की तुलना वास्तविक फील्ड रिपोर्ट से की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बीट अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभा रहे हैं या नहीं। कुछ स्थानों पर लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने चेतावनी भी दी और कहा कि बीट कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने कहा कि अब बीट प्रणाली में टेक्नोलॉजी और डिजिटल मॉनिटरिंग का भी इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे बीट प्रभारी के फील्ड मूवमेंट और जनसंपर्क की निगरानी बेहतर तरीके से हो सके। बैठक के अंत में एसपी ने कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बीट अधिकारी ही पुलिस की वह कड़ी हैं, जो जनता से सबसे पहले संपर्क में आते हैं। अगर बीट प्रणाली मजबूत होगी, तो अपराध स्वत: नियंत्रण में रहेगा।

## छिजारसी टोल पर पुलिस की चौकसी, पकड़ा 35 पशुओं से भरा कैंटर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा पर बुधवार देर रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कैंटर से 35 पशु बरामद किए। वाहन चालक को हिरासत में लिया गया है, जबकि पशु मालिक मौके से भाग निकला। दिल्ली में हाल ही में हुए धमाकों के बाद पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी और जांच अभियान तेज कर दिया है।

बुधवार की देर रात हापुड़ की ओर से आ रही है कैंटर की पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली तो उसमें ठूंसकर भरे 35 पशु मिले। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक को कोतवाली पहुंचाया। पकड़े गए चालक की पहचान जनपद बागपत शहर के मरकज मस्जिद निवासी कैफ के रूप में हुई है। उसने



पूछताछ में बताया कि पशुओं को अठसैनी की पशु पैठ से डासना स्थित एक मीट फैक्ट्री तक पहुंचाना था। पुलिस ने बताया कि पशु मालिक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। बरामद पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि दिल्ली धमाकों के बाद जिलेभर में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। अवैध ढंग से पशु परिवहन या किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है।

## पुरानी नगर पालिका में पेड़-पौधो में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के पुरानी नगर पालिका परिसर में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते कई पेड़-पौधे और आसपास की झाड़ियां उसकी चपेट में आ गईं। धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कि उसके कारण आसपास के क्षेत्र में काफी देर तक धुआं छाया रहा। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन हरियाली को भारी



नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिसर में कूड़े-कचरे और सूखे पत्तों के ढेर के पास अचानक आग भड़क उठी, जो तेज हवा के कारण फैल गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। दमकल कर्मियों का मानना है कि आग शॉर्ट सर्किट या किसी राहगीर द्वारा फेंकी गई जलती बीड़ी/सिगरेट से भी लग सकती है। मौके पर पुलिस और नगर पालिका के अधिकारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने आग लगने की घटना की जांच कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से परिसर की नियमित सफाई और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

## अवैध तमंचे संग एक आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

थाना अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा शहर में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आरोग्य हॉस्पिटल वाले पहले चौराहे के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अनस उर्फ राजधानी पुत्र आबिद, निवासी हारुन परचून की दुकान के पास, मोहल्ला कोटला मेवातियान, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायिक कार्यवाही हेतु अदालत में पेश किया जा रहा है। अधिकारी ने यह भी कहा कि जनपद में ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत लगातार अवैध असलहों की बरामदगी और अपराधियों की धरपकड़ जारी रहेगी, ताकि किसी भी आपराधिक घटना पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगजनों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और उनके शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र से जुड़े सभी लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए ताकि किसी भी पात्र दिव्यांग को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे दिव्यांग पेंशन



योजना, सहायता उपकरण वितरण योजना और अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुँचना चाहिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन दिव्यांग व्यक्तियों के आवे. दन पूर्व में जमा हो चुके हैं परंतु उनके प्रमाणपत्र अब तक जारी नहीं हुए हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए और उनकी फाइलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही, जिन लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनके कारणों की जांच कर समाधान किया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। बैठक में समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत राज, श्रम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, अत: उनके सम्मान और सुविधा के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें।

## कचरा प्रबंधन की मिसाल पेश कर रही है झड़ीना की कमलेश त्यागी

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपने घरेलू कामक. ाज के साथ ही ग्राम झड़ीना की महिला कचरा प्रबंधन की सराहनीय मिसाल भी पेश कर रही है। जिस से प्रेरणा लेकर गांव की अन्य महिलाएं भी कचरा प्रबंधन को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रही है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार स्वच्छता अभियान को लगातार प्रोत्साहन देती आ रही है, जिसके तहत आम जनता में बड़ी तेजी के साथ कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ रही है।

गांव झड़ीना निवासी गृहणी कमलेश त्यागी कचरा प्रबंधन योजना के तहत अपने घर के सूखे और गीले कूड़े को अलग अलग रखती हैं। जिसमें से गीले कचरे से तैयार होने वाली जैविक खाद को घर में उगाई गई फुलवारी और शाक वाटिका में उपयोग किया जाता है, जबकि सूखा कचरा जंगल के अंदर गड्डों में दबा कर उसकी खाद बनाकर फसलों में डाला जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर गूंज रहे स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत के नारे को गढ़ क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में बसे झड़ीना गांव में ग्रहणी कमलेश त्यागी अपनी लगन और दूरदर्शिता के बल पर पूरी तरह फलीभूत कर रही हैं। हाई स्कूल तक शिक्षा ग्रहण करने वाली कमलेश त्यागी चार बच्चों की मां हैं,जो पढ़ाई के वक्त से ही साफ सफाई के प्रति लगाव रखने के साथ ही पेड़ पौधों की देखभाल में भी विशेष रूचि रखती हैं। अपने घर की साफ सफाई में एकत्र होने वाले कूड़े के लिए दरवा. जे के बाहर ड्रम रखा हुआ है। गीले कचरे को मिट्टी में दबाकर उससे जैविक खाद तैयार की जाती है। कमलेश त्यागी की इस कवायद में उनके बच्चे भी भरपूर साथ देते हैं।



जो सूखे कूड़े को बुग्गी के माध्यम से खेत पर ले जाकर दबा देते हैं। कमलेश त्यागी का कहना है कि साफ सफाई को बढ़ावा दिया जाना हर किसी के लिए बेहद जरूरी हो गया है। क्योकि जन जागरूकता के बिना अकेले सरकारी संसाधन इसके लिए किसी भी दशा में काफी नहीं हैं। उनका मानना है कि स्वच्छता के बल पर ही अधिकांश संक्रामक बीमारियों से भी सुरक्षित रहा जा सकता है।

## गालंद गांव में क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट, दबंगों की गुंडई कैमरे में कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गालंद में क्रिकेट खेल के दौरान हुआ विवाद उस समय हिंसक हो गया जब दबंगों ने एक युवक को पकड़कर जमीन पर लिटा दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें क्रिकेट को लेकर कुछ दबंग एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। मारपीट का यह वीडियो मौके पर मौजूद एक युवक ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि युवक को लगातार लात-घूंसों से पीटा जा रहा है,



जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। वीडियो वायरल होने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

## एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ज़िलें के सभी थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड टीमों एवं महिला सुरक्षा दलों ने प्रमुख बाजारों, पार्कों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और गांव-कस्बों में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान टीमों ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मनचलों, शोहदों और संदिग्ध युवकों की गहन जांच-पड़ताल की। अनावश्यक रूप से घूमने वाले युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि यदि वे दोबारा इस प्रकार की गति. विधियों में शामिल पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एंटी रोमियो टीमों ने इस दौरान विभिन्न महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112 की भी जानकारी दी।

## महिला दारोगा को ससुरालियों ने दी तेजाब डालने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ज़िलें में तैनात एक महिला दारोगा ने अपने ही ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि शादी के बाद से ससुराल वाले लगातार 10 लाख रुपये और कार की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर अब उसे तेजाब डालकर जलाने की धमकी दी जा रही है।

शिकायत के अनुसार, नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशपुरा निवासी महिला दारोगा पायल रानी की शादी 2 दिसंबर 2022 को पिलखुवा क्षेत्र के गांव पूठा हुसैनपुर निवासी गुलशन के साथ हुई थी। शादी के समय पायल रानी का चयन महिला दारोगा पद पर हो चुका था। उन्होंने बताया कि शादी के कुछ समय बाद ही पति गुलशन, ससुर नरेंद्र, सास गीता, जेठ कमल, जेठानी कोमल, ननद सलोनी और बहनोई रिंकू ने 10 लाख रुपये नकद और एक कार की मांग शुरू कर दी। पायल रानी का आरोप है कि ससुराल पक्ष के दबाव में उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान अपनी सैलरी हर महीने पति के खाते में ट्रांसफर करनी शुरू कर दी। लेकिन लालच बढ़ता ही गया। बाद में ससुराल वालों ने उन्हें 10 लाख रुपये का लोन लेकर देने को कहा। मजबूरी में उन्होंने लोन लेकर रकम पति को दे दी, मगर फिर भी उत्पीड़न कम नहीं हुआ। महिला दारोगा के मुताबिक, जब उन्होंने अपनी सैलरी देना बंद किया तो पति गुलशन उनके किराये के कमरे पर पहुंच गया और मारपीट की। इस दौरान उसने धमकी दी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो चेहरे पर तेजाब डाल देगा और उनकी फर्जी फोटो बनवाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने पहले भी आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत की थी, लेकिन अब स्थिति गंभीर होती जा रही है। महिला दारोगा की शिकायत पर एसपी के निर्देश पर नगर कोतवाली पुलिस ने पति गुलशन सहित छह ससुरालजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, धमकी और मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की जाँच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, रेलवे लाइन के पास मिला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी फाटक के पास मंगलवार को रेलवे लाइन पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त की। मृतक की पहचान बिहार के मुंगेर ईदगाह हजरतगंज गली नंबर तीन के रहने वाले मुन्ना के रूप में हुई है। शव खंबा संख्या 123/6 के पास पड़ा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और स्थल निरीक्षण के बाद ही वास्तविक कारण का पता चलेगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि के सबूत जुटाए जा रहे हैं।

# दर्जी ने कैंची से की थी सफाईकर्मी की हत्या

**■ सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस से खुला राज**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में मिली एक युवक की लाश के मामले में पुलिस ने 10 दिन में हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस और सीआरटी टीम ने मिलकर तकनीकी व मैनुअल इनपुट्स की मदद से आरा. पी दर्जी को गिरफ्तार किया है। हत्या का कारण मात्र सात हजार रुपये के विवाद से उपजा झगड़ा था। आरोपी पेशे से दर्जी है। जिसने गुस्से में अपने साथी सफाईकर्मी की कैंची से गला रेतकर हत्या कर दी थी।



पुलिस के अनुसार 3 नवंबर को थाना सूरजपुर क्षेत्र में गांव पाली जाने वाली सड़क के पास एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मौके पर शव के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की थी। बाद में मृतक की पहचान अंकित (25) निवासी गांव श्यौराजपुर के रूप में हुई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर थाना सूरजपुर में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले के अनावरण के लिए कई टीमों का गठन किया।।डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गठित टीमों ने इलाके के तमाम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से सुराग जुटाए। साथ ही मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से संदिग्धों की जानकारी ली गई। लगातार प्रयासों के बाद जांच टीम को घटनास्थल के पास से मृतक की एक चप्पल मिली। जिससे यह संकेत मिला कि मृतक की हत्या अन्य स्थान पर नहीं बल्कि उसी क्षेत्र में हुई थी।

इन तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने शक की सुई मृतक के परिचितों पर केंद्रित की। अंततः गुरुवार को पुलिस ने आरोपी ओमपाल निवासी गांव पोखरपुर थाना डिबाई बुलंदशहर को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्तमान में संतोषनगर कॉलोनी सूरजपुर में रहता है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ओमपाल ने जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि मृतक अंकित सौरभ कॉम्प्लेक्स तिलपता ग्रेटर नोएडा में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत था। जबकि वह ओमपाल वहीं दर्जी की दुकान चलाता है।

घटना वाले दिन अंकित शराब के नशे में था। उसके 7000 गायब हो गए, और उसने ओमपाल पर चोरी का आरोप लगाया। बात बढ़ने पर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, लेकिन मामला वहीं थम गया। रात में जब ओमपाल दुकान बंद कर अपने घर लौटने लगा, तो अंकित उसके पीछे-पीछे चल पड़ा। रास्ते में फिर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। मृतक ने ओमपाल और उसकी पत्नी के खिलाफ अपशब्द बोले। जिससे ओमपाल भड़क गया। गुस्से में उसने अपने पास रखी कैंची से अंकित के गले पर वार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**वारदात के बाद मृतक की चप्पल साथ ले गया था आरोपी:** हत्या के बाद ओमपाल ने शव को गांव पाली रोड पर नाले के किनारे फेंक दिया और घर भाग गया। पुलिस की पंचायतनामा कार्रवाई के दौरान मृतक के दाहिने पैर की चप्पल मौके से मिली थी। जबकि बायां जोड़ा ओमपाल के पास से बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त कैंची (आलाकत्ल) और मृतक की चप्पल बरामद कर ली है। आरोपी से पूछताछ जारी है और अदालत में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा।

# नाले में कपड़े में लिपटी हड्डियां मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सिर कटी महिला की लाश की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है इस बीच गुरुवार को कपड़े में लिपटी हुई हड्डी मिली है। ये कपड़ा सेक्टर-34 नाले में फेंका गया था। बाहर आने पर लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कपड़े को बाहर निकाला। हड्घ्डी मानव की है या पशुओं की इसकी जानकारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



नोएडा में 4 नवंबर को सेक्टर-82 कट के पास नाले में सिर कटी महिला की लाश मिली थी। पुलिस महिला की शिनाख्त और आरोपी के नजदीक पहुंच चुकी है। मामले में जल्द ही खुलासा किया जाएगा। इसका दावा किया जा रहा है। इस बीच सेक्टर-34 नाले में कपड़े में लिपटी हड्डी मिली है। हालांकि स्थानीय लोगों ने बताया कि ये हड्डी नहीं बल्कि सिर्फ पैर है। इस पर असमंजस कायम है।

**पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया:** स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी डायल-112 पर पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सफाई कर्मी को बुलाया। जिसकी मदद से कपड़े को बाहर निकाला गया। इसमें काफी मात्रा में हड्घ्डी निकली बताया गया। फिलहाल इसे पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया है। वहां जांच पड़ताल में सामने आएगा कि ये मानव की है या किसी पशु की।

**खंगाले जा रहे सीसीटीवी:** पुलिस ने बताया कि नाले के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। ये कपड़े में लिपटी हड्डी किसने यहां फेंकी या ये बहकर नाले के साथ यहां आ गई। इसकी जांच की जा रही है।

# लैंड बैंक बनाने की योजना रफ्तार नहीं पकड़ रही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के आठ नए औद्योगिक सेक्टरों में 900 हेक्टेयर का लैंड बनाने की योजना में तेजी नहीं आ रही। अब तक लगभग 550 हेक्टेयर जमीन ही किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जा सकी है। मुआवजा राशि बढ़ने का इंतजार कर रहे किसान फिलहाल जमीन देने को तैयार नहीं है। मुआवजा में वृद्धि का प्रकरण शासन स्तर पर लंबित है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक आठ औद्योगिक सेक्टरों इकोटेक-7, 8, 9, 12ए, 16,19, 19ए और 21 में उद्योगों के लिए जमीन की सख्त जरूरत है।

यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं। सोलर कंपनी अवाडा को इकोटेक-16 में 50 एकड़ जमीन आवंटित भी की जा चुकी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की वजह से ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने उद्योगों के लिए जमीन की खरीद का प्रयास तेज कर दिया है। इन आठ सेक्टरों में लगभग 900 हेक्टेयर का लैंड बैंक तैयार करने का लक्ष्य रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। हालांकि, इसमें ज्यादा सफलता मिलती नहीं दिख रही। मुआवजा राशि कम होना इस रास्ते में बाधा बनी हुई है। अधिकारी के मुताबिक इन आठों सेक्टरों में अब तक की गई जमीन की खरीदारी उद्योग की जरूरत का लगभग 60 फीसदी ही है। जबकि, जमीन की खरीद प्रक्रिया पिछले लगभग तीन सालों से चल रही है। सहमति के आधार पर जमीन की खरीदारी के लिए गांवों में शिविर लगाया जा रहा है।

> आठ औद्योगिक सेक्टरों में लगभग 900 हेक्टेयर का लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है। मुआवजा कम होने की वजह से जमीन खरीद में दिक्कत आ रही है। मुआवजा बढ़ाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। इसके बाद जमीन खरीद में तेजी आएगी।
>
> **रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

इसके बावजूद किसान मौजूदा मुआवजा दर 4,125 रुपये प्रति वर्गमीटर पर जमीन देने को तैयार नहीं है। मुआवजा बढ़ाने की मांग क्षेत्र के किसान पिछले कई सालों से कर रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारी इस संबंध में शासन में बैठे उच्चाधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। पत्र भी लिखा जा चुका है। मुआवजा बढ़ने के बाद ही जमीन की खरीदी में तेजी आने की संभावना है।

इन गांवों में जमीन की खरीदारी की जा रही पौवारी, इमलियाका,अटाई मुरादपुर, लुक्सर, दादूपुर, लडपुरा, खानपुर, सिरसा, वैदपुरा, जान समाना, सुनपुरा, भोला रावल, धूममानिकपुर, खेड़ी, आमका, किराचपुर उर्फ कैलाशपुर, खोदना कलां, भनौता व खोदना खुर्द आदि गांवों में जमीन की खरीदारी की जा रही है। बेहतर बुनियादी संसाधन के चलते ग्रेटर नोएडा की तरफ औद्योगिक निवेशकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। तमाम निवेशक यहां उद्योग लगाने के लिए जमीन मांग रहे हैं। इसके लिए किसानों से सहमति के आधार पर जमीन की खरीदारी की जा रही है।

# सेक्टर-चार से 120 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों इंदु प्रकाश और गौरव बंसल की टीम ने सेक्टर-4 ए ब्लॉक स्थित फूटोमिक ग्रुप की क्लाउड किचन का निरीक्षण किया। कॉम्प्लेक्स में विभिन्न क्लाउड किचन सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करतीं मिलीं।

मौके पर गंदगी भी फैली थी। नालियों में फूड वेस्ट बहाया जा रहा था। टीम ने एशिया किचन, औह कलकत्ता, हाका, कारीगिरी, बोबा भाई एवं समोसा पार्टी से 120 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त की।

## ओखला पक्षी विहार की झील में पहुंचा पानी

**नोएडा।** सर्दी की दस्तक तेज होते ही प्रवासी परिंदे भी दिल्ली-एनसीआर पहुंचने लगे हैं। पिछले दिनों सूखी पड़ी ओखला पक्षी विहार की झील में पानी आ चुका है। ऐसे में प्रवासी परिंदों को दूसरी जगह का रुख नहीं करना होगा।

इन दिनों ओखला पक्षी विहार का नजारा बहुत सुंदर दिखाई दे रहा है और पर्यटक भी पहुंचने लगे हैं। बतादें कि सर्दी की शुरुआत होते ही जब पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो जाती है तो पानी में रहने वाले प्रवासी परिंदे उत्तर भारत की ओर अपना रुख करते हैं। दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग क्षेत्रों में बनी झीलों और आसपास का नजारा देखने लायक होता है। यहां पर प्रवासी परिंदे अधिक संख्या में पहुंचते हैं और सर्दियों का समय यहीं पर रहकर बिताते हैं।

# यमुना एक्सप्रेसवे से 16 मददगार सीधे ले जाएंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू होने से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर एयरपोर्ट के दिशा सूचक (साइनेज) बोर्ड लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यमुना प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने इन बोर्डों के लिए कंक्रीट बेस (आधार) बनाने का काम प्रारंभ कर दिया है।

जीरो प्वाइंट से लेकर एनएचएआई इंटरचेंज तक यह दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे, जिन पर एयरपोर्ट की दिशा और दूरी स्पष्ट रूप से अंकित होगी। बोर्ड का डिजाइन नीले बैकग्राउंड पर सफेद अक्षरों में होगा ताकि वाहन चालकों को दूरी और मार्ग की सटीक जानकारी आसानी से मिल सके। यीडा के मुताबिक, एयरपोर्ट के मौजूदा मार्गों विशेषकर जेवर-किशोरपुर मार्ग और कार्गो टर्मिनल तक पहुंचने वाले रास्तों पर भी साइनेज लगाए जाएंगे। शुरुआती चरण में मालवाहक (लोडर) वाहन इन्हीं मार्गों से आवागमन करेंगे। बाद में जब एनएचएआई द्वारा तैयार किया जा रहा आठ किलोमीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा मार्ग पूरा हो जाएगा, तो भारी वाहन उस मार्ग से डायवर्ट कर दिए जाएंगे।

**16 बोर्ड लगाए जाएंगे, 15 दिन में पूरा होगा काम:** यीडा के ओएसडी एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि कुल 16 साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। इनके लिए कंक्रीट बेस तैयार करने का कार्य शुरू हो गया है और परियोजना विभाग को 15 दिनों में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट को जोड़ने वाले लिंक मार्ग और इंटरचेंज पर भी एनएचएआई से साइनेज लगाने का अनुरोध किया गया है।

**15 दिसंबर से शुरू होगी यात्री उड़ान सेवा:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 दिसंबर से यात्री और घरेलू कार्गो उड़ान सेवा शुरू होने की संभावना है। प्राधिकरण का कहना है कि इन साइनेज बोर्डों के लगने से यात्रियों और वाहन चालकों को रास्ते की पहचान में आसानी होगी और भटकने की स्थिति समाप्त होगी।

## एक नजर

### बकाया बिल जमा न करने पर सोसाइटी में सामान्य क्षेत्र की बिजली काटी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने लगभग आठ लाख रुपये का बकाया बिल जमा न करने पर सूरजपुर साइट-सी स्थित न्यूटेक ला गैलेक्सिया सोसाइटी में सामान्य क्षेत्र की गुरुवार को बिजली काट दी। सोसाइटी पर चार महीने से अधिक समय का बिल बकाया है। फ्लैटों में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। वहीं मंगलवार को सेक्टर गामा-टू स्थित उप निबंधन दफ्तर की बिजली काट दी गई थी। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बकाया बिल का भुगतान न करने पर सेक्टर सूरजपुर साइट-सी में स्थित न्यूटेक ला गैलेक्सिया सोसाइटी ब्लॉक-एच के कॉमन एरिया (सामान्य क्षेत्र) की बिजली काट दी गई है।

सोसाइटी पर लगभग आठ लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। बकाया राशि चुकाने के लिए विभाग की तरफ से सोसाइटी प्रबंधन को कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन बिल जमा नहीं किया गया। इस सोसाइटी में रहने वाले लोगों के फ्लैट में मल्टी-पॉइंट कनेक्शन है। मनोज झा ने बताया कि लाखों रुपये का बकाया बिल जमा न करने पर सामान्य क्षेत्र की बिजली काटी गई है। सोसाइटी के सभी फ्लैटों में बिजली की आपूर्ति पहले की तरह निर्बाध जारी रहेगी। बकाया बिल जमा करने पर ही सामान्य क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। बता दें कि बकाया बिल जमा न करने पर इस सोसाइटी की बिजली पहले भी दो बार काटी जा चुकी है। वहीं करीब 40 लाख रुपये का बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने पर एनपीसीएल ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-दो स्थित उप निबंधन दफ्तर की बिजली मंगलवार को काट दी गई थी। एनपीसीएल के अधिकारी के मुताबिक उप निबंधन दफ्तर ने 4 नवंबर वर्ष 2023 के बाद से बिजली का बिल जमा नहीं किया है।

### मानसिक तनाव इस कदर हुआ हावी जीबीयू के छात्र ने छत से कूदकर दे दी जान

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार रात एक दर्दनाक घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया। मनोविज्ञान विभाग के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र धीरज तिवारी (20) ने छात्रावास की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, छात्र पिछले कुछ समय से गहरे अवसाद में था और दवाइयों का सेवन भी कर रहा था। घटना विश्वविद्यालय परिसर में स्थित रामशरणदास हॉस्टल की है, जहां सौ से अधिक छात्र निवास करते हैं। रात करीब साढ़े 11 बजे धीरज ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। सहपाठियों की सूचना पर हॉस्टल प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। छात्र को तुरंत जिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक धीरज हरियाणा के सोनीपत जिले के उत्तम नगर का रहने वाला था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन देर रात ही बेटे का शव लेकर अपने पैतृक गांव लौट गए।

**अवसाद में था, हो रही थी काउंसलिंग:** छात्रावास में रहने वाले अन्य छात्रों ने बताया कि धीरज पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में था। वह अधिकतर समय चुपचाप रहता और लोगों से बातचीत से बचता था। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से उसकी काउंसलिंग कराई जा रही थी, मगर हालात में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ।

**पुलिस जांच में जुटी, परिवार ने शिकायत नहीं दी:** ईकोटेक-1 कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि परिजनों ने अभी तक कोई शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारत-जापान में बढ़ेगा मेडिकल डिवाइसेज सेक्टर का सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत और जापान के बीच मेडिकल टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के लिए गुरुवार को यमुना एक्सप्रेस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के मेडिकल डिवाइसेज पार्क में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दोनों देशों के शीर्ष अधिकारियों ने निवेश के नए अवसरों पर चर्चा की।



बैठक की अध्यक्षता यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने की, जबकि ओएसडी शैलेन्द्र कुमार भाटिया ने सह-अध्यक्षता की। जापानी प्रतिनिधिमंडल की ओर से मेडिकल एक्सीलेंस जापान के सीईओ केनजी शिबुया ने नेतृत्व किया। बैठक में यीडा ने अपने मेडिकल डिवाइसेज पार्क का विस्तार से परिचय दिया। बताया गया कि यह देश के तीन सरकारी स्वीकृत मेडिकल डिवाइस पार्कों में से एक है, जो 350 एकड़ में फैला है। परियोजना की कुल लागत करीब 440 करोड़ है, जिसमें से 100 करोड़ केंद्र सरकार की सहायता से मिल रहे हैं। अब तक 101 कंपनियों को पार्क में भूमि आवंटित की जा चुकी है और लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यह पार्क रेडियोलॉजी, कार्डियो-रेस्पिरेटरी डिवाइसेज, कैंसर केयर, इम्प्लांट्स और इन-विट्रो डायग्नॉस्टिक्स जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित है।

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सिर्फ पांच किमी दूरी पर:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से केवल 5 किलोमीटर दूर स्थित यह पार्क विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और आकर्षक निवेश प्रोत्साहनों से युक्त है। ल्म्प्क। ने यहां जापानी कंपनियों के लिए 500 एकड़ में एक "जापानी सिटी" बसाने की भी योजना प्रस्तुत की, जिससे औद्योगिक और सांस्कृतिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

**जापानी कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी:** जापानी प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय कंपनियों के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, संयुक्त निर्माण और कंपोनेंट विकास में गहरी रुचि दिखाई। पार्क में पहले से स्थापित कंपनियां-जैसे Krish Biomedicals, Polymed, Desco, Syon Medicals और डमकपेले-ने यीडा के अनुकूल वातावरण और निवेश-हितैषी नीतियों की सराहना की। जापानी टीम ने ज्ञतपी ठपवउमकपबंसे के उस विनिर्माण संयंत्र का भी निरीक्षण किया जो पार्क में पहला पूरा हुआ यूनिट है।

**जनवरी-फरवरी में फिर होगी बैठक:** बैठक के अंत में दोनों देशों ने "Made in India and Japan" ढांचे के तहत वैश्विक बाजार-विशेष रूप से अफ्रीका और मध्य-पूर्व-को ध्यान में रखते हुए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। तय हुआ कि एमईजे जनवरी-फरवरी 2026 में जापानी MedTech कंपनियों का बड़ा प्रति. निधिमंडल यीडा पार्क लेकर आएगा, ताकि निवेश और साझेदारी पर विस्तृत चर्चा की जा सके।

# टेरर फंडिंग: कंपनी की देखभाल के लिए रिश्तेदार को रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** टेरर फंडिंग के मामले में गिरफ्तार फरहान नबी सिद्दीकी ने कंपनी की देखभाल करने के लिए अपने दो रिश्तेदारों को रखा था। दोनों केयरटेकर अब भी यहां रह रहे हैं। एटीएस की टीम ने उनसे भी पूछताछ की। पुलिस भी उन पर नजर बनाए है। यूपी एटीएस की टीम ने कासना स्थित एक कंपनी से शनिवार को टेरर फंडिंग के मामले में दिल्ली निवासी फरहान नबी सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था। कंपनी में धार्मिक समुदाय के बीच वैमनस्यता फैलाने वाली किताबों का प्रकाशन किया जाता था। इन किताबों को आयुर्वेदिक दवाइयों की आड़ में बाहर भेजा जा रहा था।

ऑनलाइन भी किताबों की सप्लाई की जा रही थी। इसके अलावा ऑर्डर पर किताब छापी जाती थीं। कंपनी का संचालन करने वाले फरहान नबी सिद्दीकी ने अपने दो रिश्तेदारों को देखभाल के लिए रखा था। बताया जा रहा है कि कंपनी में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों के बारे में किसी को पता नहीं चले, इसके लिए दोनों रिश्तेदारों को देखभाल की जिम्मेदारी दी गई थी। कंपनी में आज भी दोनों केयरटेकर रह रहे हैं। दोनों केयरटेकर ने बताया कि कंपनी की गतिविधि के बारे में उन्हें कुछ नहीं पता। यूपी एटीएस की टीम ने उनसे पूछताछ की है। उनसे पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कंपनी में किन-किन लोगों का आना-जाना था। किताबों की सप्लाई कहां की जा रही थी। फरहान किससे मिलता था। वह कब और कहां जाता था। एटीएस की टीम ने इनसे काफी सवालों के जवाब पूछे। दोनों केयरटेकर से अलग-अलग पूछताछ की। एटीएस ने कंपनी को सील नहीं किया है। कंपनी में आने-जाने वाले पर नजर रखी जा रही है। एटीएस इस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच में जुटी है।

## शराब की दुकान नहीं हटी तो अनिश्चितकालीन धरने की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के सेक्टर-27 स्थित गोदरेज विला और जोरबाग विला सोसाइटी के निवासियों ने शराब की दुकान खोलने के विरोध में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। आरोप है कि दुकान सोसाइटी के गेट के पास खोली जा रही है। जिससे वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहेगा। महिला व बच्चों को निकलना मुश्किल होगा। निवासियों ने डीएम पर भी समस्या नहीं सुनने का आरोप लगाया है। चेतावनी दी है कि अगर दुकान को बंद नहीं कराया गया तो फिर कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

बृहस्पतिवार सुबह दोनों सोसाइटी के पुरुष और महिलाएं अधिवक्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां डीएम का इंतजार किया। डीएम के आने के बाद मुलाकात करने की मांग की। आरोप है कि डीएम ने मिलने से इंकार कर दिया। निवासियों का कहना है कि दोनों सोसाइटी के बीच में मार्केट है। मार्केट में शराब की दुकान खोली जा रही है। 9 माह पहले भी दुकान खोलने का प्रयास हुआ था, लेकिन निवासियों के विरोध के बाद विभाग ने भी नियमों के तहत दुकान नहीं खुलने पर सहमति दी थी पर अब फिर से अचानक दुकान खोलने की अनुमति दी। आरोप है कि दुकान खुलने से सोसाइटी के गेट पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहेगा।

शाम के समय सोसाइटी के गेटों पर शराब पीने वाले खड़े रहेंगे। महिला और बच्चों को निकलना मुश्किल हो जाएगा। उनके साथ छेड़छाड़ की घटना होने का डर सताने लगा है। माहौल खराब होने से बच्चों को बुरा प्रभाव पड़ेगा। निवासियों ने दुकान को बंद कराने की मांग की है। चेतावनी दी है कि अगर दुकान को खोला गया तो फिर निवासी अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## सभी स्कूल में कक्षा पांच तक हाइब्रिड मोड में चलेंगी क्लास

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर के सभी बोर्डों के स्कूल कक्षा 5 तक अब हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम) में संचालित किए जाएंगे। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बृहस्पतिवार को यह आदेश जारी किया है। ग्रेप के तीसरे चरण के लागू होने के बाद यह फैसला लिया गया है। अब कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को स्कूल आने का अनिवार्य दबाव नहीं रहेगा। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध कराएं, ताकि बच्चे अपनी सुविधा और स्वास्थ्य के अनुसार कक्षा में भाग ले सकें। प्रदूषण के लगातार बढ़ते स्तर को देखते हुए अभिभावकों की ओर से प्रशासन से यह मांग की जा रही थी कि छोटे बच्चों की कक्षाएं अस्थायी रूप से ऑनलाइन कर दी जाएं।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की महिला महा जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा गुरूवार को "राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय महिला महा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य मकसद महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाना है। पहले दिन 200 पीड़ित महिलाओं की सुनवाई हुई। यह सुनवाई 14 नवंबर 2025 को भी जारी रहेगी।



कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार, ममता कुमारी और डेलिना खोंगडुप तथा जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मेधा रूपम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर डॉ. विजया रहाटकर ने अपने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग का लक्ष्य है कि देश की प्रत्येक महिला को न्याय, सम्मान और समान अवसर मिले।

राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे महिलाओं की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से आयोग सीधे तौर पर उन महिलाओं तक पहुँच रहा है जो किसी कारणवश अपनी शिकायत उच्च स्तर तक नहीं पहुँचा पातीं। यह कार्यक्रम महिलाओं को न केवल सशक्त बनाता है बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी करता है।

कार्यक्रम में जिले की विभिन्न संस्थाओं से जुड़ी महिला प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं छात्राओं ने भाग लिया। दो दिवसीय इस जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, विवाह संबंधी प्रकरण, भरण-पोषण और साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई पहले दिन हुई। इस दौरान शिकायत निवारण के साथ-साथ महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में आयोजित महिला सुनवाई के दौरान 200 पीड़ित महिलाओं की शिकायतों का सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण, समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फलावदा नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण अभियान

## दुकान के आगे रखे सामान को किया जब्त, व्यापारियों से अधिशासी अधिकारी की हुई नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** स्थानीय नगर पंचायत द्वारा नगर के मुख्य मार्गों व बाजारों में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने बताया कि प्रशासन के निर्देश अनुसार नगर में पिछले कई दिनों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में सभी दुकानदारों को कर्मचारियों द्वारा सूचना दी गई थी। एवं नगर पंचायत के वाहन द्वारा अलाउंसमेंट कराया गया था। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को जेसीबी बुलडोजर मशीन द्वारा नगर के पैठ बाजार में सब्जी बेचने वाले सभी दुकानदारों के फड़ उखाड़ कर सड़क से हटा दिए गए हैं और मुख्य बाजार, लावड़ बस स्टैंड, खतौली मन्दवाड़ी, अम्बेडकर मार्ग, अटल चौक मार्ग स्थित सभी दुकानों के आगे रखें काउंटर, तख्त व लोहे के बड़े इस्टूल वहां लगे बोर्ड कर्मचारियों ने उखाड़ कर जब्त कर लिए तथा सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों को भी जब्त कर नगर पंचायत के ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ले गए हैं।

मुख्य मार्ग पर खड़ी चाट व फलों की ठेली को हटाया गया है। केनरा बैंक के आगे मुख्य मार्ग पर रखें जनरेटर को हटाने व अटल चौक से खतौली मार्ग पर दुकानदारों द्वारा रोड़ी, बदरपुर, डालकर कब्जा कर रखा है उसे हटवाने के सख्त निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण अभियान हटाने के दौरान छोटे दुकानदारों व व्यापारियों की अधिशासी अधिकारी से जमकर नोक-झोक हुई। उन्होंने हंगामा करते हुए अतिक्रमण हटाने के अभियान का कड़ा विरोध किया। लेकिन थाना प्रभारी ब्रह्म कुमार त्रिपाठी भारी पुलिस फोर्स के मौजूद रहे। उन्होंने हंगामा करने वाले दुकानदारों को बताया कि प्रशासन के आदेश अनुसार अतिक्रमण अभियान चलाया गया है सभी दुकानदार व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान वहां से गुजर रहे गन्ने के ओवरलोड वाहनों को रोककर ट्रक और चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान मुख्य मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की लाइन लग गई जिससे काफी देर तक जाम लगा रहा। अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने बताया कि कस्बे के सभी मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाया गया है यदि कोई दुकानदार या व्यापारी दोबारा मुख्य मार्ग पर सामान रखकर अतिक्रमण करेगा उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। और मेन बाजार से लेकर अटल चौक तक मुख्य मार्ग पर खड़ें विद्युत ट्रांसफार्मर व बिजली के खंबों को उखाड़ने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को नोटिस भेज कर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान नगर पंचायत के लिपिक फहीम अहमद के अलावा सभी कर्मचारी कार्रवाई में मौजूद रहे।



अतिक्रमण के दौरान हंगामा करते स्थानीय व्यापारी।

### नगर पंचायत शाहजहांपुर

# स्वच्छ भारत मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत शाहजहांपुर जनपद मेरठ द्वारा महिलाओं का स्वच्छता में योगदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समाज में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना रहा। महिलाएं अपने समुदायों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने तथा शौचालयों के निर्माण एवं उपयोग को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देना लैंगिक समानता और महिला सशक्ति करण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं गरिमा की रक्षा होती है। इसी क्रम में नगर पंचायत शाहजहांपुर द्वारा जूनियर पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर में उक्त विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने सृजनात्मक पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े सशक्त संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी एवं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा को बल मिला।



# नगर पंचायत नोटिस पर गहराया विवाद, जबीन खान बोले, सारे आरोप झूठे और बेबुनियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत शाहजहांपुर में जारी एक नोटिस को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड नं. छह निवासी जबीन अहमद खान और नगर पंचायत प्रशासन आमने-सामने हैं। नगर पंचायत ने जबीन खान पर अवैध निर्माण और सार्वजनिक रास्ते पर दरवाजा खोलने का आरोप लगाते हुए नोटिस जारी किया है, जबकि जबीन खान ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। जबीन खान का कहना है कि न तो कोई नया निर्माण किया गया है, न किसी सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण हुआ है। उन्होंने मौके पर निरीक्षण कराने की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई की पुष्टि स्थल निरीक्षण से ही हो सकती है।

### नगर पंचायत का नोटिस-निर्माण रोकने और दस्तावेज मांगे गए


13 नवंबर 2025 को नगर पंचायत शाहजहांपुर की ओर से जारी नोटिस में जबीन अहमद खान पर हवेली गेट के पास सरकारी रास्ते पर दरवाजा खोलने का आरोप लगाया गया। नोटिस में तत्काल प्रभाव से निर्माण रोकने, खोले गए दरवाजे को बंद करने और संबंधित दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि आदेश का पालन न करने पर नगर पंचायत अधिनियम की धारा 211 के तहत कार्रवाई की जाएगी और व्यय की जिम्मेदारी जबीन खान की होगी।

### जबीन खान का जवाब: कोई नया निर्माण नहीं, पुराने ढांचे को गलत बताया गया

नगर पंचायत में दाखिल किये अपने जवाब में जबीन खान ने कहा कि नोटिस में लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। जो खिड़कियां और ढांचा दिखाई दे रहा है, वह वर्षों पुराना है, कोई नया निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि उनके घर के पास स्थित नाला भी पुराना है और उसकी तस्वीरें साक्ष्य के रूप में नगर पंचायत को सौंपी गई हैं।

### विवाद की पृष्ठभूमि: चौपाल पर मस्जिद निर्माण का मतभेद

जानकारी के अनुसार, यह विवाद मोहल्ला शहजाद गान की चौपाल से जुड़ा है, जहां कुछ लोगों द्वारा चौपाल की जगह पर मस्जिद निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था, जबकि अन्य लोगों ने इसका विरोध किया। इसी बीच विवादित स्थल पर नमाज अदा की जाने लगी, जिससे माहौल में तनाव बढ़ गया। बताया जा रहा है कि हवेली गेट के पास शौचालय निर्माण के प्रस्ताव पर जबीन खान ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद यह मामला तूल पकड़ गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं करने दिया जाएगा। जिससे विवाद या शांति भंग की स्थिति उत्पन्न हो। जो भी व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# छात्रा अजरा चौहान बनीं एक दिन की अधिशासी अधिकारी, संभाला नगर पंचायत हर्रा का कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर पंचायत हर्रा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौधरी बशीर खां इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा अजरा चौहान को एक दिन के लिए नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी (ईओ) का कार्यभार सौंपा गया।

कार्यभार संभालने के बाद अजरा चौहान ने पूरे आत्मविश्वास और जिम्मेदारी के साथ नगर पंचायत कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, नालों की सफाई और अन्य जनसुविधाओं की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। अजरा ने कर्मचारियों को कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली, अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता, ब्रांड एम्बेसडर मौ. अली चौहान, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अजरा चौहान का स्वागत किया और उनके इस नेतृत्व कौशल की प्रशंसा की। इस अवसर पर अजरा चौहान ने कहा यह मेरे जीवन का सबसे यादगार दिन है। मिशन शक्ति अभियान ने उन्हे यह विश्वास दिलाया है कि यदि मन में दृढ़ निश्चय और ईमानदारी हो, तो कोई भी जिम्मेदारी कठिन नहीं होती। वह भविष्य में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना चाहती हैं। मौके पर मिशन शक्ति अभियान के ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद अली चौहान ने कहा बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अजरा चौहान जैसी प्रतिभाशाली बालिकाएं हमारे समाज का भविष्य हैं। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य उन्हें आत्म विश्वास, नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता से सशक्त बनाना है। नगर पंचायत हर्रा में इस तरह के आयोजन बालिकाओं के मनोबल को नई ऊंचाई देंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली ने कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियान से बालिकाओं को न केवल प्रशासनिक समझ विकसित होती है, बल्कि वे समाज में अपनी सशक्त पहचान भी बना पाती हैं। कार्यक्रम के अंत में अजरा चौहान को सम्मानित किया गया और सभी अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और इसे बेटी सशक्तिकरण की मिसाल के रूप में सराहा गया।



# घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करना एक मनचले को भारी पड़ गया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में गुरुवार को एक व्यक्ति ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी और उसके साथ गंदी हरकत करने लगा जब परिवार वालों को पता चला तो आरोपी फरार हो गया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी को धौलडी रजवाहे के पास से दबोच लिया। आरोपी की पहचान फजी पुत्र अली मोहम्मद उर्फ आलिया रसुलपुर धौलडी के रूप में हुई है।



# जैना ज्वैलर्स प्रकरण में आवास आयुक्त की अधिकारियों को फटकार!

## एक ही बिल्डिंग पर दो नक्शे पास, अवैध निर्माण अब नहीं आ रहा रास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में कहावत है 'सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का।' जी हां यह कहावत आजकल मेरठ आवास विकास में देखने को मिल रही है। सैकड़ों अवैध निर्माण इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि उन्हें शह भी आवास विकास से ही मिल रही है और जब अधिकारी ही नजरे नरम कर दें और करम कर दें तो फिर क्या वैध और क्या अवैध। मेरठ की सेंट्रल मार्केट वैसे तो पहले ही सुर्खियों में है और उसकी सुर्खियों को जैना ज्वैलर्स का मामला चार चांद लगा रहा है। अब इस मामले में आवास आयुक्त बेहद नाराज नजर आ रहे हैं और वह इस मामले पर अपनी नजर भी बना रहे हैं।

आपको बता दें कि आवास विकास परिषद की योजना संख्या-07 के भूखण्ड संख्या 259/6 पर बने अवैध शोरूम पर आखिर परिषद की कार्यवाही दिखने लगी है। पिछले काफी समय से इस सम्पत्ति पर अवैध होने के आरोप लग रहे थे और इस अवैध निर्माण पर परिषद के अधिकारियों की संलिप्तता की खबरें भी देखी जा रही थीं जिसके बाद आवास आयुक्त ने सख्ती बरती तो परिषद के अधिकारी हरकत में आए और बुधवार को सक्षम अधिकारी राजीव कुमार द्वारा सील का आदेश जारी किया गया।

बता दें कि 26 अक्टूबर 2023 को 259/6 के नक्शे की स्वीकृति के बाद यहां अवैध व्यवसायिक निर्माण शुरू हुआ तो परिषद ने कार्यवाही शुरू कर दी और मामला सील से लेकर एफआईआर तक पहुंचा, लेकिन एफआईआर मामले में 13 मई 2024 को आवंटी पंकज अग्रवाल व दीपक गुप्ता ने अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। संयुक्त आवास आयुक्त के नाम पत्र भेजकर कहा कि उन्होंने ये सम्पत्ति किसी को बेच दी थी और उक्त भूखण्ड पर अवैध निर्माण व नक्शा स्वीकृति से उनका कोई लेना-देना नहीं है तथा मानचित्र को निरस्त कर ध्वस्तीकरण कर दिया जाए। उसके बाद मैसर्स जयंती प्रसाद जीवन लाल जैन ज्वैलर्स प्रा.लि. के डायरेक्टर रोहित जैन ने आवंटन में नाम परिवर्तन कराया, लेकिन अवैध निर्माण फिर भी नहीं रोका। जेई से लेकर अधीक्षण अभियंता इस मामले में अपने बयान निर्माणकर्ता के ही पक्ष में देते रहे और अवैध निर्माण को वैध बताने से पीछे नहीं हटे। 12 सितंबर 2025 को उक्त अवैध निर्माण का दूसरा नक्शा दूसरे नाम से स्वीकृत कर दिया गया। नए नक्शे को नई नीति के तहत स्वीकृति दे दी गई। स्वीकृति के 10 दिन बाद ही उक्त शोरूम का उद्घाटन भी हो गया। यानि मामला लैंड यूज चैंज होने का था तो नक्शे में नई नीति के अनुसार ही काम हुआ और कुछ हिस्सा कमर्शियल रखा। स्वीकृति मिली और शोरूम 10 दिन में ही बनकर खड़ा हो गया।

बता दें कि नई उपविधि में कमर्शियल निर्माण की अनुमति तब ही संभव है जब मौके पर निर्माण बनकर खड़ा न हुआ हो। उधर एक ही निर्माण पर दो-दो नक्शे की स्वीकृति कैसे संभव है ये भी सवाल खड़ा कर रहा है।




# विद्या यूनिवर्सिटी के बाहर छात्रों का प्रदर्शन

## जमकर की नारेबाजी, यूनिवर्सिटी पर अवैध वसूली का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के विद्या नॉलेज पार्क में गुरुवार दोपहर को छात्रों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि उनकी प्रमुख मांग में नेट फीस हटाना और सभी विद्यार्थियों को 31 दिसंबर तक फीस जमा करने का समय देना शामिल है। उन्होंने फीस में जोड़ी गई कौशल विकास फीस पर भी आपत्ति जताई है। जबकि कौशल विकास की कक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही है इससे अतिरिक्त एनसीसी और प्रैक्टिकल फीस के नाम पर आवश्यक शुल्क वसूली बंद करने की मांग की है।

छात्रों का हंगामा देख जानी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र व एसएसआई कपिल देव मौके पर पहुंचे उन्होंने किसी तरह छात्रों को समझाने के प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने वर्ष 2025 के सभी विद्यार्थियों के दीक्षा फॉर्म तुरंत जमा करने की मांग की। साथ ही विद्यार्थियों के पहचान पत्र और अन्य संबंधित सुविधाओं की वैधता संचित करने की अपील की। छात्राओं ने शौचालय की खराब सुधार करने की और हॉस्टल में रहने वाले छात्र- छात्राओं के लिए खेल और भी सुविधा उपलब्ध, पार्किंग सुविधा उनकी सुरक्षा अन्य मांगे रखी, इस दौरान कॉलेज प्रबंधन से भी बात की लेकिन कॉलेज प्रशासन ने उनकी मांगों को जल्द ही समाधान करने की बात कही।

आपको बता दें कि विज्ञान नॉलेज पार्क लगातार विवादित सुर्खियों में बना हुआ है इसकी जमीन और ट्रस्ट को लेकर भी कोर्ट में मामला चलने की सूचना है साथ ही साथ यूनिवर्सिटी की सारी सपत्ति बैंक में गिरवी रखने की भी सूचना मिल रही है। जिससे लग रहा है कि शायद विद्या यूनिवर्सिटी चलने से पहले ही बंद हो सकती है।



# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बुधवार देर रात मुखबिर की सूचना पर इलाहाबाद मढ़ैय्या और अजराड़ा मार्ग के बीच से पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि उनके गांव के ही एक युवक ने उनकी 16 वर्षीय बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने मुकदमा दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना किठौर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। इस टीम ने बुधवार देर रात करीब एक बजे वांछित अभियुक्त आलम पुत्र हसरत को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने यह भी कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कार्रवाई भविष्य में थाना पुलिस जारी रखेगी।

# ग्राम समाज की भूमि कब्जामुक्त हो

## भाकियू बीआर अम्बेडकर ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने उप-जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें ग्राम समाज की हजारों बीघा जमीन को भू-माफियाओं से मुक्त कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम पिपलौती कला में लगभग 3,000 बीघा और तटबंध के किनारे कई हजार बीघा जमीन ग्राम समाज की है। आरोप है कि स्थानीय प्रधान और उच्च अधिकारियों ने भू-माफियाओं से साँठ-गाँठ करके यह जमीन 3,000 प्रति बीघा के ठेके पर जुतवा दी है। इससे राजस्व विभाग और सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है। भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने उक्त भूमि को अवैध कब्जा धारकों से तुरंत मुक्त कराया जाये। और इसे गरीब, असहाय, तथा कमजोर वर्ग के भूमिहीन व्यक्तियों को आवंटित किया जाये। भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भूमि को कब्जा मुक्त कराकर गरीबों को आवंटित नहीं किया गया। तो वह 26 नवंबर को रहरा से हसनपुर के अंबेडकर चौक तक ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटर साइकिल के साथ एक विशाल रैली निकालकर भू-माफियाओं के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर राजमल देवी, कुलदीप भारती, रोहित, धर्मेंद्र, विजय, सोनू गुर्जर, अशोक पहलवान, रूम सिंह खड़कवंशी, इस्लाम अल्वी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# वाल्मीकि समाज 28 को कमिश्नरी पार्क में देगा धरना




सर्किट हाउस में पत्रकारों को जानकारी देते समिति के सदस्य।

- आरक्षण की मांग पूरी नहीं होने पर समाज में रोष
- सीएम 23 मार्च 2018 को अति दलितों को आरक्षण देने की कर चुके हैं घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वाल्मीकि आदि आरक्षण वंचित वर्ग संघर्ष समिति के तत्वाधान में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 1 अगस्त 2024 में अनुसूचित जाति/ जनजाति आरक्षण में किए गये उप वर्गीकरण के फैसले को प्रदेश में लागू कराने के लिए 28 नवंबर को कमिश्नरी पार्क में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जाएगा। यह जानकारी एक प्रेसवार्ता में समिति के संयोजक विनोद कुमार बेचैन व अध्यक्ष रविन्द्र कुमार वैद ने महामंत्री विनेश के साथ दी। अध्यक्ष रविन्द्र कुमार वैद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अभी तक उत्तर प्रदेश में लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 मार्च 2018 को अति दलितों को अलग से आरक्षण दिलाने की घोषणा की थी। जिससे समाज में खुशी की लहर थी लेकिन इसे भी आज तक लागू नहीं किया गया है। इस दौरान मोनिन्दर सूद, सुरेन्द्र ढींगिया, नरेश, शालिनी सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कैराना

# 20 लाख का नाला भ्रष्टाचार की नाली बना

## इस्लामनगर में 20 लाख से अधिक की लागत से बन रहा नाला चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, ठेकेदारों की मनमानी चरम पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका द्वारा मोहल्ला इस्लामनगर में 20 लाख रूपए से अधिक की लागत से नाला निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन मानकों और गुणवत्ता का यहां ऐसा तिरस्कार हो रहा है कि पूरा निर्माण खुद अपनी कहानी बयां कर रहा है। ठेकेदार खुलेआम मानकों का हनन कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिक. ारी देखने तक को तैयार नहीं। शिकायतें मिलने के बावजूद पालिका प्रशासन की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है। सरकारी धन की इस तरह की बर्बादी इससे पहले शायद ही कहीं देखने को मिली हो।

नगर पालिका के निर्माण कार्य लगातार सवालों के घेरे में हैं। ठेकेदारों की मनमानी और घटिया निर्माण कार्यों से साफ है कि मानकों और गुणवत्ता की कोई परवाह नहीं की जा रही है। संबंधित अधिकारियों की चुप्पी इस बात की पुष्टि करती है कि ठेकेदारों और पालिका प्रशासन के बीच गहरा गठजोड़ है। शिकायतकर्ता दौड़ते रह जाते हैं, पर अधिकारी अपने कार्यालय से बाहर आकर हकीकत देखने की जहमत तक नहीं उठा रहे।



### ठेकेदारों के हौसले बुलंद, मोहल्लावासी परेशान हैं

मोहल्ला इस्लामनगर में 20 लाख से अधिक लागत से हो रहा नाला निर्माण इतनी जल्दबाजी में कराया जा रहा है मानो किसी वीआईपी के आने से पहले इसे हर हाल में पूरा करना हो। मौके पर मानकों की हालत देखकर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे कोई अनट्रेंड मिस्त्री नाली का निर्माण कर रहा हो। इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता इतनी कमजोर है कि सरिया से लेकर कंक्रीट तक सब कुछ सवालों के घेरे में है। जब मौके पर मौजूद एक ठेकेदार से मानकों को लेकर सवाल पूछा गया तो पहले गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन अंत में उसने खुद ही स्वीकार लिया कि ह्जेई साहब जैसा बताते हैं, वैसा ही लगाया जाता है।ह्र इससे साफ है कि पूरा निर्माण कार्य जेई की देखरेख में ही हो रहा है और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता किसी से छिपी नहीं।यह सब तब हो रहा है जब जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान ने तहसीलदार कैराना अर्जुन सिंह चौहान की अगुवाई में नगर पालिका के निर्माण कार्यों की जांच के लिए टीम गठित कर रखी है। इसके बावजूद भ्रष्टाचार का खेल बिना किसी रोक-टोक के जारी है।

### तू डाल-डाल, मैं पात-पात ठेकेदारों की नई कार्यशैली

नगर पालिका परिषद कैराना इन दिनों कस्बे में सड़कों और नाला-नालियों का निर्माण युद्धस्तर पर करा रही है। लेकिन यहां मानकों को ताक पर रखकर जो काम किया जा रहा है, वह 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की मिसाल पेश कर रहा है। ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें जांच टीम तक का भय नहीं है। उन्हें भरोसा है कि पैसों के बल पर हर जांच को प्रभावित किया जा सकता है, लेकिन यह उनका भ्रम है। यदि निष्पक्ष जांच हुई तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आना तय है।

### निर्माण जेई हमेशा बाहर निगरानी का जिम्मा किसके पास?

निर्माण जेई राहुल कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि वे चुनाव संबंधी मीटिंग में हैं, उसके बाद ही बात करेंगे। अक्सर या तो उनका फोन नहीं उठता, और अगर उठता है तो वे स्वयं को ह्बाहरह्र बताते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि लाखों रूपए की लागत से हो रहे इन निर्माण कार्यों की निगरानी आखिर करता कौन है? रिपोर्टें तैयार होकर शासन को भेज दी जाती हैं और उसके आधार पर भुगतान भी हो जाता है, लेकिन मौके पर मौजूदगी का कहीं अता-पता नहीं।कुल मिलाकर नगर पालिका के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की परतें दिन-ब-दिन खुलती जा रही हैं। अब निगाहें सिर्फ इस बात पर टिकी हैं कि जांच टीम की रिपोर्ट क्या कहती है और जिम्मेदारों पर कब तक कार्रवाई होती है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने शव का निरीक्षण किया मृतक महिला के परि. जनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी महिला आशा, पुत्री वेदपाल की शादी 26 फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के कघ्स्बा एलम निवासी आकाश पुत्र राजेश के साथ हुई थी। महिला का पति हैदराबाद में नौकरी करने के लिए गया हुआ है बुधवार की रात्रि महिला महिला का शो घर में फांसी पर लटका हुआ मिला। गुरुवार को ससुराल पक्ष के लोगों ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला तो उनके पैरों के पहले की जमीन खिसक गई महिला का शव हंसी के फंदे पर लटका हुआ था ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर थाना प्रभारी नक्शा सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार और फॉरेंसिक टीम ने महिला के शव का बारीकी से निरीक्षण किया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक महिला के पिता वेदपाल ने थाने पर तहरीर देकर पति ,आकाश,सांस कमलेश,नन्द मनीषा पर आंतरिक दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते



हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है शव पीएम के लिए भेज दिया है, तहरीर प्राप्त हुई है,पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## एक नजर

### क्षतिग्रस्त मकान पक्का बनवाने की मांग


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव गोहरपुर निवासी एक महिला ने परिजनों के साथ डीएम को प्रार्थना पत्र देकर क्षतिग्रस्त मकान को पक्का बनवाए जाने की मांग की है। महिला उर्मिला पत्नी आलोक कुमार निवासी ग्राम गोहरपुर ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह एक गरीब महिला है। उसको परिवार मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे। जो मकान है वह अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण हालत में है। जो कभी गिर सकता है। जर्जर मकान होने से जान व आर्थिक नुकसान होने की आंशका बनी रहती है। मकान पर तिरपाल छप्पर आदि डाल रखी हैं। स्थाई आय का कोई साधन नही है। जिस कारण अपना मकान बनाने में असमर्थ है। पीडित ने जिलाधिकारी से सरकारी योजना से पक्का मकान बनवाने की मांग की है।



### मुनिराज के सानिध्य में विमर्श उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में गुरुवार को 108 विमर्श सागर महामुनिराज के सान्निध्य में विमर्श उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमचंद, संजीव कुमार जैन परिवार द्वारा झंडा आरोहण एवं दिनेश जैन, मयंक जैन परिवार द्वारा मंडप उद्घाटन से हुआ। जैन मुनि विमर्श सागर ने कहा कि उत्साही शक्ति ही जीवन की प्रगति और आनंद का रहस्य है। उन्होंने कहा कि उत्साह वह आंतरिक ऊर्जा है, जो व्यक्ति को उन्नति, सफलता और आत्मिक शांति की ओर ले जाती है। आत्मा में अनंत शक्तियों में से उत्साही शक्ति तब प्रकट होती है, जब व्यक्ति के भीतर शुभता, करुणा और परोपकार का भाव जागृत होता है। कहा कि अक्सर लोग यह भ्रम पाल लेते हैं कि किसी भी कार्य को जोश से करना उत्साह है, जबकि सच्चा उत्साह सद्भाव, दया और परोपकार से उत्पन्न होता है। हिंसा या दुर्व्यवहार में प्रयुक्त ऊर्जा उत्साह नहीं, बल्कि आत्मा के पतन का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्य, प्रेम, सेवा, दया और मैत्री जैसे शुभ भावों से ही सच्चा उत्साह उत्पन्न होता है। कहा कि जिनके पास भौतिक संपत्ति नहीं होती, फिर भी वे आनंदित रहते हैं, क्योंकि वे आत्मा की शक्ति का अनुभव करते हैं। आत्मा की शक्ति का पराभव ही आत्मा का पतन है। जब व्यक्ति उत्साही होता है, तो उसके भीतर नवीनता और रचनात्मकता स्वत: जागृत होती है। कार्यक्रम में संगीतकार केशव जैन ने भक्ति भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में मारपीट, छह पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में बुधवार की शाम को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कस्बा निवासी महिला नंदिनी पत्नी अंकुर ने बताया कि उसके पड़ोस के लोग पीड़िता से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि बुधवार की शाम को उसके पड़ोस के मोनू,शौक, मोहित,काला, अभिषेक एवं विशाल हाथों में लाठी डंडे लेकर घुस गए और आरोपियों ने पीड़िता के पति अंकुर व उसकी सास राधा को मारपीट कर बुरी तरह से चोटिल कर दिया। शौर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए ।आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गुरुवार को पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नक्शा सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव डेरा संगतपुरा में गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पांच दिवसीय अखंड पाठ साहिब कीर्तन दरबार लगाया गया।

बृहस्पतिवार को अखंड पाठ साहिब के समापन पर लंगर का आयोजन किया जिसमें साद संगत द्वारा लंगर चका। इस मौके पर क्षेत्र के सम्मानित सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डेरा संगतपुरा में गुरु नानक देव साहिब के प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को बाबा परमजीत सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय अखंड पाठ साहिब कीर्तन दरबार लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों को याद किया, जिसमें श्एक ओंकारश और सामाजिक समानता व भाईचारे की भावना का संदेश शामिल है। बृहस्पतिवार को अखंड पाठ के समापन पर लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा लंगर में प्रशाद ग्रहण किया।संत बाबा गुरमीत सिंह, संत बाबा शेर सिंह डाचर,संत बाबा सुच्चा सिंह नानकसर, बीबी हरमीत कौर बांसा, संत बाबा परमजीत सिंह, गुरदयाल सिंह खारा डाचर,सरदार अमृत सिंह गुप्ता, उधम सिंह, अंचित गुप्ता, नीरज गोयल, मंजिन्द्र सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन व जिला गंगा समिति शामली के तत्वाधान में मिशन शक्ति 5।0 के अंतर्गत महिलाओं का स्वच्छता में योगदान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सनातन धर्म पब्लिक हाई स्कूल, वार्ड-16 अग्रवाल कॉलोनी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष मुशयदा एवं समिति सदस्यों द्वारा शासन के निर्देशों के अनुरूप गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण अभियान के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता व जल संरक्षण विषय पर सुंदर पोस्टर और पेंटिंग बनाकर अपने विचार व्यक्त किए। बच्चों की रचनात्मकता को देखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिजेंद्र कुमार ने प्रतिभाग करने वाली छात्राओं एवं अध्यापिकाओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और शिक्षकों ने बच्चों के उत्साह, जागरूकता और सृजनशीलता की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता और नदी संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# घरेलू हिंसा/दहेज उन्मूलन विषय पर संवाद हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों महिलाओं व बालिकाओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में पीडित महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके स्वावलंबन के लिए सरकार द्वारा बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है जिनका उन्हें लाभ भी दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्प लाईन नम्बरों 181, 112, 1930, 108, 102, 1076 आदि की जानक. ारी देते हुए कहा कि संचालित हेल्पलाइन नंबर पर कॉल के माध्यम से अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकती है।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौ0 मुशफेकीन, श्रम विभाग से सहायक श्रम आयुक्त मति अंचला पाण्डेय, स्वास्थय विभाग से ए0सी0एम0ओ0 अथर जीमल, क्षेत्राधिकारी यातायात अपेक्षा निंबोडिया के द्वारा जनपद में चल रही विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित पेंशन योजना, बाल सेवा योजना कोविड सामान्य, स्पॉनसरशिप योजना, मजदूरी पंजीकरण के आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात अपेक्षा निंबोडिया ने बताया गया कि महिलाऐं अपनी समस्याओं के लिए मिशन शक्ति के तहत थाने में अपनी शिकायत को दर्ज कराने के उपरान्त



अपनी समस्त समस्याओं का निस्तारण करा सकती है, यदि महिला अपना नाम गोपनीय रखना चाहती है तो उसके नाम को गोपनीय रखा जाएगा। श्रम विभाग से सहायक श्रम आयुक्त मति अंचला पाण्डेय द्वारा यह बताया गया कि मजदूरी कार्ड का पंजीकरण कराकर प्रत्येक मजदूर लाभ अर्जित कर सकता है, क्योकि पंजीकरण के बिना उसको श्रम विभाग का कोई भी लाभ नहीं मिलेगा। डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन द्वारा बताया गया कि जनपद शामली में सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभार्थियो द्वारा लाभ प्राप्त किया जा रहा है। समाज सेवी मति वीणा अग्रवाल जी ने उपस्थित महिलाओ को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम व महिलाओ व बालिक. ाओ के लिए संचालित की जा रही योजनाओ को समाज की अन्य महिलाओ को जागरूक करने का आह्वान किया। महिला कल्याण विभाग से सदफ खान मिशन कोओर्डिनेटर, मिशन शक्ति वन स्टॉप सेन्टर प्रभारी सु गजाला त्यागी, जेन्डर स्पेसलिस्ट कुलदीप शर्मा, विधि सह परिविक्षा अधिकारी मति शोभा शर्मा, संरक्षण अधिकारी मति मंजू चौधरी, संरक्षण अधिकारी मति पारूल चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता इन्द्रेश, साजिद, मति पूजा गिरि, राहुल, मति प्रियंका, मति सोनम उपस्थित रहें।

## स्वच्छता में महिलाओं की भागेदारी विषय पर बनाए सुंदर चित्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली के अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शौर्य दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 8, 9 और 11 की छात्राओं ने स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारीह्र विषय पर आकर्षक और प्रेरणादायक चित्र बनाए। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद शामली से जूनियर इंजीनियर योगेश कुमार ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम शिखा, द्वितीय शताक्षी, तथा तृतीय कशिश रही। तीनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बीना अग्रवाल ने छात्राओं को सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना, कौशल विकास योजना सहित अन्य महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकती हैं। प्रधानाचार्य अलका संगल, मीनाक्षी, पवित्री, नीरज वर्मा, श्रुति, रेनू, सोनिया, मनाली मौजूद रही।

### पिता-पुत्र समेत दस लोगों पर हमले का आरोप

**कैराना।** खादर क्षेत्र के ग्राम इस्सापुर खुरगान निवासी साजो ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। उसका गांव के ही एक व्यक्ति के साथ में प्लाट पर कब्जे को लेकर विवाद है। बुधवार प्रात: करीब नौ बजे उसके तथा उसकी पुत्री इरम के साथ में उपरोक्त व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट की। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे आरोपी एक बार फिर अपने परिजनों के साथ में लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घेर में घुस आया तथा उसके पुत्र आवेश व पुत्री अमरीन को मारपीट करके घायल कर दिया। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला पंसारियान निवासी एक युवक ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान पर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने रूपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पंसारियान निवासी प्रवीन पुत्र मोहर सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि करीब 10 माह पूर्व उसकी मुलाकात मोहल्ला बडीआल निवासी सफाईकर्मी युनियन के प्रधान के हुई



थी। जिससे उसने नगर पालिका में नौकरी दिलाने की मांग की थी। आरा. ेप है कि प्रधान द्वारा सफाई कर्मी की नौकरी दिलाने के लिए दो लाख रूपये की मांग की थी। जिसमें कहा था कि अधिकारियों को पैसे देने पडते है। जिसके बाद पीड़ित ने डेढ लाख रूपये ब्याज पर लाकर दे दिए थे, लेकिन पिछले दस महीनों से वह नौकरी के लिए चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी नौकरी नही लगी। अब जब नौकरी नही लगी तो पीडित ने रूपये वापस मांगे तो आरोप है कि प्रधान ने रूपये देने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की ताकि अन्य लोगों के साथ ऐसी घटना न हो सके।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को बीस-बीस वर्ष की कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कैराना। 16 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने दो आरोपियों को बीस-बीस वर्ष के कठोर कारावास व 55-55 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपियों ने किशोरी के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। जिला शासकीय अधिवक्ता (अपराध) संजय चौहान व विशेष लोक अभियोजक पुष्पेंद्र मलिक ने संयुक्त रूप से बताया कि क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने झिंझाना थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया था, जिसमें उसने गुड्डू उर्फ सागर पुत्र अजयपाल निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा कस्बा ऊन व सागर पुत्र अजय निवासी मोहल्ला ब्राह्मनान कस्बा ऊन पर अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के डरा-धमकाकर अश्लील फोटो खींचने का आरोप लगाया था। आरोप है कि दोनों आरो. पियों ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ में सामूहिक दुष्कर्म किया। उसने शादी के लिए अपनी पुत्री का रिश्ता कर दिया, लेकिन आरोपियों ने वहां पर अश्लील फोटो भेजकर उसका रिश्ता तुड़वा दिया। पीड़िता ने अपने बयान में आरोपो की पुष्टि की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। बाद में दोनों आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आ गए थे। विवेचक ने मामले की तफ्तीश करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाह न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो विशेष) सीमा वर्मा की अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को न्यायालय ने पत्रावलियों का अवलोकन करने एवं दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के पश्चात आरोपी सागर उर्फ गुड्डू व सागर को किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए बीस-बीस वर्ष के कठोर कारावास व 55-55 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर अदालत ने अतिरिक्त कारावास भुगतने के निर्देश दिए है।

### कार व बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**शामली।** जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव करोदा निवासी अंकित पुत्र महिपाल अपने मौस्सा जयपाल के साथ बाइक पर सवार होकर कैराना क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी अपनी बहन सुनीता के यहां जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह कैराना बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरो की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अंकित की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# रोमांचक टेस्ट के लिए तैयार ईडन गार्डन्स

## भारत-द. अफ्रीका के बीच दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से



**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को रोमांचक मुकाबला होने वाला है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, लेकिन प्रोटियाज को नजरअंदाज मत कीजिए-उनके पास मैच में हलचल मचाने की क्षमता है। शुभमन गिल शांत और प्रभावशाली तरीके से मेजबान टीम की अगुवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल नई गेंद का सामना कर सकते हैं, जबकि मध्यक्रम-ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल-गहराई, लचीलापन और अप्रत्याशितता का तड़का लगाते हैं। और याद रखें, ईडन की यह पिच सिर्फ़ ताकत ही नहीं, बल्कि कौशल को भी पुरस्कृत करती है। गेंदबाजी विभाग घातक है। जसप्रीत बुम.राह और मोहम्मद सिराज अपनी तेजी और उछाल से पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिसका कोई भी बल्लेबाज सम्मान करेगा, जबकि कुलदीप यादव, जडेजा और सुंदर विकेट के टर्न लेते ही अपनी स्पिन का जादू बिखेरेंगे।

टॉस जीतने वाले कप्तान लगभग निश्चित रूप से सपाट सतह का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करेंगे, जिससे मैच के बाद के मुक़ाबले में मुक.ाबला तय हो जाएगा। टेम्बा बाव.ुमा कप्तान के रूप में फिर से मैदान पर हैं, और उन्हें पता है कि चुनौती बहुत बड़ी है। रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम को शीर्ष क्रम को संभालना होगा, जबकि बावुमा, टोनी डी जोरजी और वियान मुल्डर मध्यक्रम को संभालेंगे। गेंदबाजी के मोर्चे पर, कगिसो रबाडा और वियान मुल्डर को शुरुआत में ही जोरदार शुरुआत करनी होगी-शुरुआती सफलता अनमोल होगी।

केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी टर्निंग पिच का फ़ायदा उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इतिहास मेहमान टीम के पक्ष में नहीं है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से ज्यादा समय से भारत में कोई टेस्ट नहीं जीता है, लेकिन अगर वे शुरुआती झटकों को झेल सकते हैं, दबाव झेल सकते हैं और भारत की स्पिन सेना से निपट सकते हैं, तो आश्चर्य हो सकता है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कुछ भी संभव है। ईडन गार्डन्स की कहानी दो भागों में बयां करती है। पहली पारी के लिए पिच सपाट और सटीक है।

### संभावित एकादश

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम.राह, मोहम्मद सिराज

**दक्षिण अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, वियान मुल्डर, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुस्वामी, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, रयान रिकल्टन, साइमन हार्मर।

# इस्लामाबाद विस्फोट के बाद सीरीज रावलपिंडी स्थानांतरित

● **डॉन ने बताया कि पाकिस्तान श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा वनडे मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिंडी में होगा**

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के साथ चल रही वनडे श्रृंखला और श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ आगामी टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के संशोधित कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा की। साथ ही, इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के मद्देनजर सभी मैच रावलपिडी स्थानांतरित कर दिए गए हैं।

पहले यह श्रृंखला लाहौर में होने वाली थी, लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं के कारण, टूर्नामेंट को रावलपिडी क्रिकेट स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने बताया कि नए कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिडी में खेला जाएगा। पाकिस्तान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला अब 18 नवम्बर से शुरू होगी, जिसका फाइनल 29 नवम्बर को उसी स्थान पर होगा। पीसीबी ने कहा कि कार्यक्रम में संशोधन का निर्णय श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और जिम्बाब्वे क्रिकेट के साथ परामर्श के बाद लिया गया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### जैनिक सिनर एटीपी फाइनल्स सेमीफाइनल में पहुंचे

**इटली, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन और इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में जगह बना ली है। पुरुष टेनिस में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर ने बुधवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल में तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सिनर की इनडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 28 जीत है। मैच के बाद सिनर ने कोर्ट पर इतालवी भाषा में कहा कि इसके पीछे बहुत मेहनत है। हमारे खेल में, आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है, और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप इस प्रतियोगिता में कैसे पहुंचते हैं।

#### बांग्लादेश के बॉलरों ने आयरलैंड को बड़ी हार की ओर धकेला

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लदेश ने महमुदुल हसन जॉय (171) और कप्तान नजमुल शान्तो की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय दूसरी पारी में आयरलैंड के 86 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर अपनी टीम के लिए बड़ी जीत का दरवाजा खोल दिया। एक विकेट पर 338 रन से आगे खेलते हुए आज बंगलादेश को दूसरा झटका सुबह के सत्र में बैरी मक्कार्थी ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे महमुदुल हसन जॉय को आउटकर दिया। महमुदुल हसन जॉय ने 286 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए 171 रन बनाए। इसके बाद 89वें ओवर में मक्कार्थी ने मोमिनुल हक (82) को अपना शिकार बना लिया। मुशफिकुर रहीम (23), लिटन कुमार दास 60 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। कप्तान ने 114 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 100 रन बनाए।

# भारतीय टेनिस टीम इतिहास रचने की कोशिश में

● **भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया के ग्रुप में रखा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला टेनिस टीम शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में अपने बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ अभियान की शुरुआत करेगी। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ़ में दुनिया की 14वें नंबर की टीम नीदरलैंड और 19वें नंबर की टीम स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। तीनों टीमें राउंड-रॉबिन मैचों में आमने-सामने होंगी और ग्रुप विजेता 2026 के क्वालीफायर में पहुंच जाएंगी।

अन्य दो टीमें अगले सीजन के लिए अपने-अपने 2026 क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ जाएंगी। भारत बिली जीन किंग कप के क्वालीफायर में कभी आगे नहीं बढ़ पाया है। नीदरलैंड और स्लोवेनिया शुक्रवार को ग्रुप का पहला मुकाबला खेलेंगे। नीदरलैंड की अगुवाई दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस करेंगी, जबकि स्लोवेनिया की टीम में पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जदिानसेक शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा, उसके बाद रविवार को नीदरलैंड से मुकाबला होगा। विश्व की 309वें नंबर की खिलाड़ी सहजा यामालापल्ली, जो इन मुक.ाबलों के लिए भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी हैं, बेंगलुरु में टीम का नेतृत्व करेंगी। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने मेक्सिको में डब्ल्यूटीए 125 इवेंट में 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को हराया था। वह पिछले महीने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं। एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना, जो वर्तमान में एकल वर्ग में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 482वें स्थान पर हैं, भी टीम में हैं। श्रीवल्ली भामिदीपती (रैंक 381), रिया भाटिया (रैंक 468) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे टीम की अन्य सदस्य हैं।

भारतीय टेनिस टीम ने अप्रैल में बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में दूसरे स्थान पर रहकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत इससे पहले 2021 में प्ले-ऑफ में पहुंचा था, जहां उसे लातविया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। बिली जीन किंग कप, जिसे पहले फेड कप के नाम से जाना जाता था, महिलाओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस आयोजनों में से एक है, जिसमें विभिन्न देशों की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी टीम प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ आती हैं। यह टूर्नामेंट महिलाओं के लिए केवल पुरुषों के डेविस कप के समकक्ष है। यह दूसरी बार होगा जब भारत बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ में भाग लेगा।

# फुटबॉलर पाउलो अस्पताल में भर्ती

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के साओ पाउलो फुटबॉल क्लब के मिडफील्डर ऑस्कर फिटनेस टेस्ट के दौरान हृदय संबंधी जटिलताओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। ब्राजीलियाई क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी कि 34 वर्षीय ऑस्कर को मंगलवार को साओ पाउलो के बारा फंडा प्रशिक्षण परिसर में परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ले जाया गया। साओ पाउलो ने एक बयान में कहा कि ऑस्कर की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें कार्डियोलॉजी यूनिट में निगरानी, चिकित्सा निगरानी और जांच के लिए रखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार पैरामेडिक्स के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले यह अनुभवी प्लेमेकर लगभग दो मिनट के लिए बेहोश हो गया था।

# आईपीएल-2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फ्रेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।



● **हाल ही में पता चला है कि एसआरएय मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है**

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतर्राष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा। नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प ज्यादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ़ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमशः 28.19 और 8.63 रहे हैं। उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से ज्यादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमशः 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए।

# आईपीएल 2026 में वॉटसन होंगे केकेआर के सहायक कोच



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेल चुके क्वींसलैंड के शेन वॉटसन, अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल ही में तीन बार की पूर्व चैंपियन केकेआर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वॉटसन इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। 44 वर्षीय वॉटसन आईपीएल के दिग्गज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 सीजन खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने उस सीजन में एमवीपी का खिताब जीता था और 2013 में फिर से यह कारनामा दोहराया था।

# भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाएं शुक्रवार को कतर के दोहा में शुरू होने वाले राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 में सुर्खियों में रहेंगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट जिसका पहला आयोजन 2013 में इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के रूप में हुआ था। अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है। 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, नए राइजिग स्टार्स बैनर तले पहली बार आयोजित की जाएगी। अंडर-23 भारतीय क्रिकेट टीम ने सिगापुर में आयोजित पहले संस्करण में जीत हासिल की थी, जबकि अफगानिस्तान ए ने पिछले साल ओमान में आयोजित पिछले इमर्जिंग टीम एशिया कप का खिताब जीता था। श्रीलंका और पाकिस्तान भी पिछले चैंपियन हैं। इस साल का संस्करण 14 से 23 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें आठ टीमें - पूर्ण सदस्य देशों की पांच 'ए' या विकासात्मक टीमें और तीन सहयोगी राष्ट्रीय टीमें - महाद्वीपीय टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए क्रिकेट टीम को ग्रुप बी में पाकिस्तान शाहीन (पाकिस्तान ए), यूएई और ओमान के साथ रखा गया है। पिछले साल की विजेता अफग़ानिस्तान, ग्रुप ए में है।

● **अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है, 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी**

### राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 की टीमें और ग्रुप

**ग्रुप ए:** अफग़ानिस्तान ए, श्रीलंका, बांग्लादेश ए, हांगकांग

**ग्रुप बी:** भारत ए, पाकिस्तान शाहीन, यूएई, ओमान

प्रत्येक टीम अपने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ एक बार खेलेगी, उसके बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 23 नवम्बर को खेला जाएगा। भारत ए शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। राइजिग स्टार्स एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान ग्रुप बी का बहुप्रतीक्षित मैच 16 नवम्बर को खेला जाएगा। दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 के सभी मैचों का आयोजन स्थल होगा। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जो इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, भारत ए क्रिकेट टीम में भी हैं। वैभव ने इस साल की शुरुआत में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और इस टी20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज भारतीय शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद भी, यह युवा खिलाड़ी भारत की युवा टीमों के लिए चमकता रहा है और अंडर-19 वनडे इतिहास में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# एलएसजी से एमआई की टीम में जा सकते हैं शार्दुल

**मुंबई, वार्ता।** ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मुंबई इंडियंस (एमआई) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी ) के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने आईपीएल को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी।



यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल आईपीएल के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके आईपीएल करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगि पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किग्स ग्प पंजाब (जो अब पंजाब किग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन एलएसजी ने उन्हें मोहसिन ख+ाान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपए में चुना था। उस समय एलएसजी के मेंटॉर जहीर ख+ाान का यह फ़ैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने आईपीएल 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे।

# अर्जुन-प्रज्ञानंदा व हरिकृष्णा चौथे दौर में टाईब्रेक में पहुंचे



**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे दौर में बुधवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और ग्रैंडमास्टर आर- प्रज्ञानंधा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि पी- हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच टाईब्रेक तक पहुंचाया।

● **ग्रैंडमास्टर अर्जुन और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच को टाईब्रेक तक पहुंचाया**

अर्जुन ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए हंगरी के अनुभवी ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 36 चालों के बाद ड्रॉ खेला, जबकि प्रज्ञानंधा ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ 30 चालों के बाद अंक बांटे, जबकि हरिकृष्णा ने भी 38 चालों के बाद ड्रॉ खेला। मंगलवार को काले मोहरों से जीत हासिल करने वाले ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा, तीन बार दोहराए गए मैच के बाद ग्रैंडमास्टर एलेक्सी सराना के खिलाफ 20 चालों में ड्रॉ खेलने के बाद अंतिम- 16 दौर में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अब उनका सामना ग्रैंडमास्टर पी- हरिकृष्णा और स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दो बार के चैंपियन ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन भी अगले दौर में पहुंच गए हैं, जिन्होंने ग्रैंडमास्टर राडोस्लाव वोज्टास्जेक के खिलाफ काले मोहरों से 35 चालों में दूसरा गेम ड्रॉ किया।

चौथे दौर में भाग ले रहे पांच भारतीयों में से, सभी की निगाहें टॉप बोर्ड पर अर्जुन और प्रज्ञानंदा पर थीं। अर्जुन ने लेको के खिलाफ सफेद मोहरों से निमजो इंडियन ओपनिग का विकल्प चुना और ऐसा लग रहा था कि वह पूरी तरह से तैयार थे क्योंकि उन्होंने 16 चालों के बाद समय हासिल कर लिया था। लेकिन हंगरी के इस खिलाड़ी ने दृढ़ता से बचाव किया और सर्वोच्च रैंकिग वाले भारतीय खिलाड़ी ने 20वीं चाल में रानियों का ट्रेड करने का विकल्प चुना। इसके बाद उन्होंने आगे बढ़ने की को.शिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। प्रज्ञानंदा भी ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ काले मोहरों के साथ 30 चालों में ड्रॉ से संतुष्ट थे।

# न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया, सीरीज भी जीती




**डुनेडिन, वार्ता।** जैकब डफी (चार विकेट) के बाद डेवोन कॉनवे (नाबाद 47) और टिम रॉबिन्सन (45) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अपने नाम कर ली। जैकब डफी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को जैकब डफी की अगुवाई में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 18-4 ओवर में 140 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2-5 ओवर में 21 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए 32 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 38 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 22 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 36 रन बनाए। जेसन होल्डर (20), कप्तान शाई होप और रोवमैन पॉवेल ने 11-11 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी 35 रन देकर चार विकेट लिए। जेम्स नीशम को दो विकेट मिले। काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे और टिम रॉबिन्सन की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम रॉबिन्सन ने 24 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 45 रन बनाए। 12वें ओवर में शमर स्प्रिंगर ने रचिन रवींद्र 21 को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने डेवोन कॉनवे के साथ तीसरे विकेट के लिए अविजित 35 रनों की साझेदारी

● **जैकब डफी ने चार विकेट, कॉनवे ने नाबाद 47 रन और टिम रॉबिन्सन के 45 रनों की शानदार पारी की से न्यूजीलैंड आठ विकेट से जीता**

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

देश की राजधानी और एनसीआर के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से लोगों की सांसे भारी पड़ रही हैं। किसी को नजला खांसी तो किसी को ब्रांकाइटिस और वायरल बुखार हो रहा है। क्या सरकार के पास इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है, या सरकार के अधिकारी इस पर काम नहीं करना चाहते, यह मंथन का विषय है। गुरुवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार बवाना में सबसे उच्च एक्यूआई 460 दर्ज हुआ, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस पर देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी नाराजगी जताई और कहा कि इससे बचने के लिए केवल मास्क ही पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का साफ संदेश है कि इस पर सरकार को बहुत कुछ करने की जरूरत है, क्योंकि यह इसी साल नहीं, हर साल होता है और मामला सुप्रीम कोर्ट में चला जाता है। यानि हर साल लोगों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार से निर्देश दिया कि वे स्टबल बर्निंग यानी फसल अवशेष जलाने की रोकथाम में उठाए गए कदमों की पूरी जानकारी एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने कहा कि राज्य प्रशासन को वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। चीफ जस्टिस का कहना है कि इस मामले में ठोस प्रमाण और नीति कार्रवाई दिखाना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनमानस की चिंता की है, क्योंकि सीवियर एक्यूआई का स्तर सामान्य लोगों सहित हृदय और श्वसन संबंधी रोगों से प्रभावित लोगों के लिए खतरनाक है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि प्रदूषित हवा में लंबा समय बिताने से स्थायी स्वास्थ्य नुकसान हो सकता है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे बाहर निकलते समय मास्क पहनें और बच्चों तथा बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। प्रदूषण बढ़ने से स्वास्थ्य पर कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं, जैसे सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी, अस्थमा, हार्ट डिजीज आदि। इस बढ़ते प्रदूषण से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय करना बेहद जरूरी। प्रदूषण से बचने के लिए एन 95 या पी100 मास्क का प्रयोग करें। यह मास्क हानिकारक कणों और प्रदूषकों को शरीर में प्रवेश करने से रोकने में मदद कर सकता है। खासकर बाहर जाते समय मास्क का प्रयोग अनिवार्य करें। घर के अंदर की एयर क्वालिटी को बेहतर बनाए रखने के लिए एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें। प्यूरीफायर हवा में मौजूद हानिकारक कणों को फिल्टर कर देता है और घर के अंदर शुद्ध वायु बनाए रखता है। जहां तक संभव हो हरी-भरी जगहों जैसे पार्क और बगीचों में समय बिताएं। ये स्थान तुलनात्मक रूप से कम प्रदूषित होते हैं और यहां की हवा ज्यादा स्वच्छ होती है। प्रदूषण के समय सुबह या देर शाम की बजाय घर के अंदर व्यायाम करें। बाहर की दौड़-भाग करने से बचें, क्योंकि उस समय प्रदूषक कण सांसों के साथ शरीर में जा सकते हैं। उद्योग प्रदूषण का प्रमुख कारक है। उद्योगों में ऊर्जा संसाधन के प्रयोग से अर्थात चिमनियों के धुएं से वायु प्रदूषण फैलता है। इसमें प्रयुक्त जल तथा उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जलाशयों में प्रवाहित किए जाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार के रसायन जल में घुलनकर प्रदूषित करते हैं। इसे मृदा प्रदूषण व भूमि प्रदूषण भी फैलता है। इनके अलावा दिल्ली और आसपास के राज्यों के किसान इस समय फसल के अवशेषों को जला देते हैं। उनका मानना है कि अवेशषों की राख खेत में खाद का काम करती है। 21 सदी में प्रवेश कर रहे भारत में ये धारणा भी प्रदूषण का कारण बनती है। सरकार का काम है कि किसानों को खाद अगर आसानी से उपलब्ध हो, तो वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं



दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है, जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, यह विस्फोट बेहद निंदनीय है, किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है, घटना की जांच होनी चाहिए, जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है, अगर हम हर कश्मीरी को एक ही नजर से देखेंगे और उसे आतंकवादी मानेंगे, तो लोगों को सही रास्ते पर लाना मुश्किल हो जाएगा, इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन उनके परिवारों या निर्दोष नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# और कितना गिरेंगे टीवी चैनल






रजनीश कपूर

हाल ही में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा फैलाई गई, जिसने न केवल उनके परिवार और प्रशंसकों को दुखी किया, बल्कि देश के लाखों नागरिकों को भी भ्रमित कर दिया। यह घटना आज के मीडिया की विश्वसनीयता, जिम्मेदारी और नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। आज का मीडिया, खघसकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सच्चाई की जगह टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें तेजी से प्रचारित करता है, बिना उसकी पुष्टि किए। इसके चलते न केवल सेलिब्रिटीज या किसी चर्चित व्यक्ति की निजता का उल्लंघन होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से सोशल मीडिया और कई इलेक्ट्रॉनिक चौनलों पर फैल गई, जिसके बाद उनकी पत्नी हेमा मालिनी और बेटी ईषा देओल ने खुद सामने आकर इस खबर को गलत बताया। इस घटना ने दिखाया कि आज के मीडिया की जल्दबाजी और बिना जांच के खबर छापने की आदत कितनी खतरनाक है। इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन द्धष्ठ्ठ्व।ऋ ने भी इस तरह की झूठी खबरों की निंदा करते हुए मीडिया से जिम्मेदारी और संयम का आह्वान किया है।

आज के मीडिया में टीआरपी द्धटेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्सऋ की दौड़ इतनी तेज है कि अक्सर सच्चाई और नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है। मनमाने दामों पर अधीक से अधिक विज्ञापन पाने की होड़ में, कुछ चौनलों को छोड़ कर ज्यादातर चौनल्स अपनी रेटिंग बढ़ाने के लिए ऐसी खबरें दिखाते हैं जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचती हैं, चाहे वह सच हो या न हो। इसके चलते सेलिब्रिटीज या मशहूर हस्तियों की निजता का उल्लंघन होता है। उनकी निजी जिंदगी को खुले आम उजागर किया जाता है और उनकी तस्वीरें, वीडियो बिना अनुमति के शेयर की जाती हैं। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी .ष्टि से भी गलत है। आज के मीडिया में ऐसी खबरें छापने या प्रसारित करने का उद्देश्य केवल टीआरपी और लो. कप्रियता की भूख होता है, न कि सच्चाई को जनता तक पहुंचाना।किसी की भी निजी जानकारी का खुलासा करने से पहले यह जांच अवश्य करनी चाहिए कि उससे सार्वजनिक हित में कोई बड़ा लाभ होगा या नहीं। यदि नहीं है, तो उसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। पुराने जमाने में जब टीवी चौनलों की भीड़ नहीं होती थी, मीडिया की जिम्मेदारी और नैतिकता बहुत ज्यादा थी। खबरें छापने व प्रसारित करने से पहले उनकी भरपूर पुष्टि की जाती थी और बिना जांच के कोई भी खबर नहीं छापी या दिखाई जाती थी। तब मीडिया का उद्देश्य सच्चाई और जानकारी देना होता था, न कि टीआरपी या लोकप्रियता बढ़ाना। आज की तुलना में तब की खबरें अधिक विश्वसनीय और जिम्मेदार थीं। तब के पत्रकार अपनी जिम्मेदारी को समझते थे और खबरों को छापने से पहले उनकी सत्यता की जांच करते थे। आज के मीडिया के एक विशेष वर्ग में इस तरह की जिम्मेदारी लगभग खत्म हो गई है। उनका उद्देश्य केवल अपने चौनल मालिकों या राजनैतिक आकाओं को खुश करना है।

गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार मौलिक अधिक. ार है, लेकिन इसकी व्याख्या और लागू करने के लिए और स्पष्ट नियम बनाए जाने चाहिए। इसमें सेलिब्रिटीज या मशहूर व्यक्तियों की निजी जानकारी, चिकित्सा इतिहास और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी को बिना अनुमति के प्रका. शित करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ऐसे कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खघ्लिाफ कड़ी कार्यवाही का प्रावधान भी होना चाहिए, जिससे भविष्य में कि कोई भी ऐसी गलती करने से पहले कई बार सोचे। धर्मेंद्र की झूठी मौत की खबर ने एक बार फिर दिखाया कि आज का मीडिया अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को भूल चुका है। टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें छापना और सेलिब्रिटीज की निजता का उल्लंघन करना अब आम बात हो गई है। इससे न केवल सेलिब्रिटीज को नुकसान होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। मीडिया को अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को फिर से याद करना चाहिए और खबरें छापने से पहले उनकी पुष्टि करनी चाहिए। इससे ही मीडिया की विश्वसनीयता बनी रहेगी और जनता को सही जानकारी मिलेगी।नए कानूनों के साथ-साथ मीडिया और जनता के लिए जागरूकता अभियान भी जरूरी है, ताकि वे सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी का सम्मान करें और उनकी निजी जानकारी को बिना अनुमति के न फैलाएं।

**गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बाल दिवस व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का है खास महत्व



शहजाद अली

भारत हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाता है, जो स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। इसके कुछ दिनों बाद, 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है, जो बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है।बाल दिवस बच्चों के अधिकारों और कल्याण को समर्पित है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस देश की शिक्षा प्रणाली के विकास पर केंद्रित है। ये दोनों दिन एक राष्ट्र के रूप में भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। 14 नवंबर को, बाल दिवस मनाया जाता है।

यह दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है। नेहरू जी का मानना था कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उनके उचित पालन-पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों - शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के अधिकार - के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन बच्चों के जीवन में खुशी और उल्लास लाने के लिए समर्पित है, जहां स्कूलों और समुदायों में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और बाल दिवस, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जो कि एक बच्चे के पूरे जीवन को व्यवस्थित करता है।मौलाना आजाद की उपलब्धियां हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व को बताती हैं, जबकि बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि यह शिक्षा हमारे बच्चों, हमारे भविष्य तक पहुंचनी चाहिए। एक शिक्षित और पोषित बचपन ही एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रख सकता है। ए दोनों दिवस मिलकर एक ऐसे भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देते हैं, जहां हर बच्चे को सीखने, बढ़ने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने का अवसर मिले।

**कलाम आजाद का शैक्षिक योगदान**

भारत में हर साल 11 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। यह दिन एक महान विद्वान, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां असंख्य हैं, जिन्होंने देश के बौद्धिक और सांस्कृतिक स्वरूप को आकार देने में मदद की।

**मौलाना आजाद की उपलब्धियां और योगदान**

एक शिक्षा मंत्री (1947-1958) के रूप में, मौलाना आजाद का दृष्टिकोण केवल साक्षरता दर बढ़ाने तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समावेशी, आधुनिक और वैज्ञानिक सोच वाले समाज का निर्माण करना था।

**उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना**

आजाद ने भारत में वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा के महत्व को पहचाना। उनकी पहल के परिणामस्वरूप कई प्रमुख संस्थानों की स्थापना हुईरू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IITs भारत के पहले IIT (IIT खड़गपुर) की स्थापना 1951 में उनकी देखरेख में हुई, जिसका उद्देश्य देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना था। इंडियन इंस्टिटड्यूट ऑफ साइंस बैंगलोर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग UGC उच्च शिक्षा के मानकों को विनियमित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 1953 में UGC की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद AICTE तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने के लिए AICTE को भी उनके कार्यकाल में बल मिला। मौलाना आजाद का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की पुरजोर वकालत की, इसे राष्ट्रीय प्रगति की कुंजी माना। उन्होंने महिला शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया, यह मानते हुए कि समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्थाओं का विक. ासशिक्षा के अलावा, आजाद ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर भी ध्यान केंद्रित किया। उनकी पहल पर स्थापित प्रमुख अकादमियांरूसाहित्यअकादमी ,ललित कला अकादमी,संगीत नाटक अकादमी आदि ए संस्थान आज भी भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**शिक्षा का एक एकीकृत दृष्टिकोण**

आजाद ने शिक्षा के एक ऐसे मॉडल की कल्पना की जो पूर्वी आध्यात्मिक मूल्यों को पश्चिमी सामाजिक प्रगति और उपलब्धियों की अवधारणाओं के साथ एकीकृत करता हो। उनका उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और नागरिक उत्तरदायित्व का विकास करना था। मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को 2008 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में घोषित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को राष्ट्रीय मान्यता देता है।


# सर्दियों में कुछ ऐसे करें दुल्हनों का श्रंगार



शहनाज हुसैन

सर्दियों को प्यार के खिलने और नई शुरुआत का मौसम माना जाता हैध् सर्दियों का मौसम यानी शादियों का सबसे अच्छा समय आ रहा है। सर्दियों की शादी में जादुई आकर्षण होता है। सुहावने मौसम में ठंडी हवाएं और सुकून भरे माहौल में गर्म चटख रंगों की छटाएं समारोह को एक खूबसूरत तस्वीर जैसा बना देती है और इसीलिए दुलहन के इलाबा सभी पारिवारिक महिलाओं पर भी आकर्षक और खूबसूरत दिखने का दबाव बना रहता है। स्वाभाविक रूप से, एक दुल्हन के रूप में आप सर्दियों की शादियों के दौरान अधिक सहज महसूस करती हैं, भले ही आपको लंबे समय तक रस्मों और समारोहों में बैठना पड़ता है, लेकिन इस सारे आकर्षण के साथ एक खूबसूरती की चुनौती भी आती है। ठंड और शुष्क महीनों में अपनी दुल्हन की त्वचा को चमकदार और हाइड्रेटेड बनाए रखना। शादी के दिन दुल्हन का सुन्दर दिखना महज मेकअप या ड्रैस में ही जुड़ा नहीं होता बल्कि इसमें काफी हफ्तो की कड़ी मेहनत शामिल होती है। यदि शादी से कुछ हफ्ता पहले त्वचा के प्रति सावधनी बरती जाए तो यह शादी के दिन काफी मददगार साबित हो सकती है, सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क पड जाती है जबकि शुष्क त्वचा को क्रीम तथा तेल की मदद से माइस्चराइज तथा पोषक बनाना पड़ता है।

अपनी रोजाना फेशियल केयर रूटीन के अर्न्तगत अपनी त्वचा को दिन में दो बार साफ करें। रात्रि में सोने से पहले चेहरे पर जमी मैल को साफ करना अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। रात्रि को सोने से पहले प्रतिदिन त्वचा को साफ कीजिए तथा ताजे साफ पानी से धोईए। इसके लिए आप गुनगुना पानी उपयोग में ला सकती है। सामान्य तथा शुष्क दोनों प्रकार की त्वचा के लिए क्लीजिंग क्रीम या जैल का प्रयोग कीजिए। वैकल्पिक रूप में आप आधे कप ठण्डे पानी में तिल, सूरजमुखी तथा जैतून के वनस्पति तेल की पांच बूंदे मिलाकर इसे बोतल में डालकर भली भांति मिला लीजिए। अब काटनवूल की मदद से इस मिश्रण से त्वचा को साफ कीजिए। बाकी बचे मिश्रण को फीज में रख लीजिए। यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो क्लीनजींग लोशन या फेश वाश का प्रयोग कीजिए। तैलीय त्वचा के गहरे छिद्रों को साफ करने की जरूरत होती है। चावल के पाउडर को दही से मिलाकर हफ्ते में एक या दो बार लगाईए तथा त्वचा के दोनों ओर हल्के से रब करके पानी से धो डालिए। सर्दियों में तैलीय त्वचा में माथे पर काले धब्बे पड़ सकते है। सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क हो जाती है लेकिन जब इसमें क्रीम लगाई जाती है तो इससे चेहरे पर मुंहासे आ जाते है। इस समस्या के निदान के लिए एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन को 100 मिली लीटर गुलाब जल में मिला कर बोतल को फीज में रख दीजिए। इस लोशन को रोजाना त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए उपयोग कीजिए। सभी प्रकार की त्वचा में नमी तथा मुलायम बनाने के लिए शहद तथा अलोवेरा जैल का प्रयोग किया जा सकता है। इसे चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को स्वछ ताजें पानी से धो डालिए। सभी प्रकार की त्वचा के मामले में प्रतिदिन त्वचा को काटनवूल पैड से ठण्डे गुलाब जल से टोन कीजिए। त्वचा को साफ करके सहलाइए तथा इसके बाद तेजी से गुलाब जल से संचित काटनवूल पैड से पौछिए। इसे त्वचा



की आभा निखरेगी। सामान्य से शुष्क त्वचा को रोजाना रात्रि को नारिशिंग क्रीम से पोषण किया जा सकता है। त्वचा को साफ करने के बाद क्रीम को पूरे चेहरे पर हल्की-हल्की मालिश करते हुए 2 मिनट बाद गीली काटनवूल से हटा लीजिए। चेहरे के लिए, मास्क का घर में मिश्रण बनाकर इसे हफ्ते में दो तीन बार लगाऐं। सामान्य से शुष्क तवचा के लिए दो चम्मच चोकर में एक चम्मच बादाम, दही शुद्ध तथा गुलाब जल मिलाईए। तैलीय तथा मिश्रित त्वचा के लिए तीन चम्मच जई में दही, शहद तथा गुलाब जल मिलाऐं।

इस सब का पेस्ट बना होठों तथा आंखों को धोकर बाकी चेहरे पर लगा ले तथा 20 मिनट बाद साफ पानी से धो डालिए। चेहरे पर फेस मास्क लगाने के बाद, दो काटनवूल पैड को गुलाब जल में भिगों दीजिए तथा इन्हें आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। इन्हें आंखों पर रख कर लेटकर कर आराम करें। इससे शरीर को काफी ताजगी तथा आराम मिलता है। गुलाब जल का काफी आरामदायक तथा शान्तिवर्धक प्रभाव पड़ता है। जिससे थकान दूर होती है तथा आंखों में चमक आ जाती है। आंखों के इर्द-गिर्द की त्वचा काफी पतली तथा संवे. दनशील होती है। इस भाग में झुर्रियां काफी आसानी से आ जाती हैं। आंखों के इर्द गिर्द क्रीम लगाकर 15 मिनट बाद गीले काटनवूल से धो डालिए। प्रतिदिन बादम तेल के प्रयोग करने तथा इसकी हल्के-2 मालिश करने से आंखों के इर्द-गिर्द त्वचा को निखारने में काफी मदद मिलती है। होठों की त्वचा भी काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी होती है।

सर्दियों में होठ आसानी से शुष्क तथा फट जाते है। होठों पर प्रतिदिन धोने के बाद बादाम तेल या बादाम क्रीम लगाकर पूरी रात लगी रहने दीजिए। दिन में त्वचा में नमी की कमी न होन दें। घर से निकलने से पहले सनस्क्रीन का चेहरे पर प्रयोग करें। ज्यादातर सनस्क्रीन क्रीमों में माईस्चराईज विद्यमान होते है। माइस्चराईजर क्रीम द्रव्य रूप में उपलब्ध होते है। अगर आपकी त्वचा में अत्याधिक शुष्कता है तो क्रीम का उपयोग कीजिए। सर्दियों में शरीर की त्वचा का तैलीय पौषाहार करना चाहिए। पुराने समय में त्वचा की देखभाल के लिए उबटन बनाया जाता था। सबसे पहले शरीर की तिल के तेल से मालिश की जाती है तथा उसके बाद घर में बनाया गया उबटन लगाया जाता है। यह उबटन मुख्यत: चोकर, बेसन, दही, मलाई तथा हल्दी का मिश्रण होता है। इस सबका मिश्रण करके इसे नहाने से पहले शरीर पर लगाया जाता है तथा आधा घंटा बाद उबटन को रगड़कर हटाकर स्नान किया जाता है। इससे नहाने के दौरान त्वचा की मृत कोशिकाओं का साफ करने में मदद मिलती है जिससे त्वचा चमकीली चिकनी, मुलायम होकर निखर जाती है। चमकीली त्वचा के लिए सभी संघटको को पोटली में डालकर पोटली को गीला कर शरीर के सभी अंगों पर रगड़ने तथा उसके बाद स्नान कर लें। पाऊडर, दूध, बादाम, चावल पाऊडर तथा गुलाब की पंखुडियों का मिश्रण तैयार कर लें।

इस मिश्रण को त्वचा पर लगाने से त्वचा साफ, मुलायम हो जाती है तथा इसमें प्राकृतिक आभा आ जाती है। इससे शरीर रेशम की तरह मुलायम हो जाता है तथा शरीर में ताजगी तथा प्राकृतिक सुगन्ध आती है। शादी से पहले सभी दुल्हनें किसी न किसी प्रकार के तनाव के दौर से गुजरती है जिसका प्रतिदिन उनके चेहरे पर झलकता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव की मुक्ति के लिए आराम काफी मददगार साबित होता है। शारीरिक व्यायाम से मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। शादी से कुछ माह पहले नियमित रूप से व्यायाम कीजिए तथा सुबह सैर के लिए निकलिए। वास्तव में सुबह की सैर शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक साबित होती है। शरीर तथा मन की शांति के लिए लम्बी सांसे तथा ध्यान काफी लाभदायक साबित होते है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी कालीमंतन प्रांत में महाक. ाम नदी में एक जहाज के डूबने से आठ लोग की मौत हो गई। प्रांत के खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख डोडी सेतियावान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को घटित हुई। तीन चालक दल के सदस्यों सहित 28 लोगों को ले जा रहा जहाज पश्चिम कुताई रीजेंसी में नदी के ऊपरी इलाके में डूब गया। उन्होंने बताया कि 20 लोगों को बच गए थे, जबकि जबकि आठ अन्य के लापता होने की सूचना मिली थी।

### भर्ती प्रक्रिया के दौरान मची भगदड़ में छह की मौत, 37 घायल

**अकरा।** घाना की राजधानी अकरा में बुधवार को सैन्य भर्ती अभ्यास से पहले मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई, 37 अन्य लोग घायल हुए हैं। घाना सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा है कि ए छह लोग उन लोगों में शामिल थे जो एल-वाक स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आए थे। बयान में कहा गया कि घाना सशस्त्र बलों को आम जनता को 2025/2026 भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले हुई मची भगदड़ की सूचना देते हुए गहरा दुख हो रहा है। इस घटना में छह संभावित रंगरूटों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

### रूस में अस्पताल में आग लगने से सात लोग घायल

**मास्को।** रूस के सारातोव क्षेत्रीय संक्रामक रोग क्लिनिकल अस्पताल में बुधवार देर रात आग लगने से सात लोग झुलस गए। क्षेत्रीय कानून प्रवर्तन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। सारातोव क्षेत्र के अभियोजक कार्यालय के अनुसार स्थानीय समयानुसार देर रात 2:40 बजे आग लग गई। आग ने अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित तीन उपचार कक्षों को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें सात लोग झुलस गए। इन सभी का इलाज चल रहा है।



**नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पानी की बूंदों को छिड़काव करती एंटी स्मॉग गन।**

## श्रीलंका ने 2025 में 328 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार


**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 2025 में अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अब तक 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी श्रीलंका के एक उप मंत्री ने गुरुवार को दी। श्रीलंका के मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन उप मंत्री रत्ना गामेज ने संवाददाताओं से कहा कि नौसेना ने मछुआरों द्वारा उपयोग किए गए 41 मछली पकड़ने वाले नावों को भी जब्त किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में विदेशी मछुआरों के अवैध प्रवेश पर नकेल कसने के लिए अभियान तेज कर दिया है तथा 2024 की तुलना में इस वर्ष गिरफ्तारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री गामेज ने कहा कि इन प्रयासों में नौसेना को मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन मंत्रालय तथा श्रीलंकाई पुलिस का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले विदेशी मछुआरे स्थानीय मछुआरों एवं देश के समुद्री पर्यावरण के लिए अस्तित्व का खतरा उत्पन्न करते हैं।

# पाकिस्तान के संविधान में 48 अनुच्छेद में बदलाव

## आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का कमांड मिला, विपक्ष नाराज, बिल की कापियां फाड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की शक्तियों को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट के ताकत को कम करने वाले 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दे दी। पाकिस्तानी आब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संशोधन में 48 आर्टिकल में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया है।

नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया। चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया, जबकि सीनेट ने इसे दो दिन पहले ही मंजूर कर लिया था। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साइन के बाद यह कानून बन जाएगा। मुनीर को तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) बनाया जा रहा है। यह 27 नवम्बर 2025 से लागू हो जाएगा। पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद भी वह अपने पद पर बने रहेंगे और उन्हें आजीवन कानूनी छूट मिलती रहेगी। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। कुछ विपक्षी दलों ने बिल की कापियां फाड़ दीं।



**■ नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया, चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया**

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ 12 नवम्बर को नेशनल असेंबली के सत्र में मौजूद रहे। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निंगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। 10 मुख्य संशोधन-सेना प्रमुख को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस की जिम्मेदारी मिलेगी, अगर किसी अधिकारी को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स या एडमिरल ऑफ द फ्लीट की रैंक दी जाती है, तो यह रैंक आजीवन रहेगी। फील्ड मार्शल को राष्ट्रपति जैसी सुरक्षा, बिना सरकार की इजाजत के कोई आपराधिक मुक. दमा नहीं चल सकता। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपनी अवधि पूरी होने तक चीफ जस्टिस बने रहेंगे, फेडरल कान्सटीटयूशन कोर्ट की स्थापना होगी, याचिकाओं पर सुओ मोटो (स्वत: संज्ञान) लेने का अधिकार,कानूनी नियुक्तियों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की अहम भूमिका रहेगी, राष्ट्रपति को कार्यकाल के बाद कोई सार्वजनिक पद लेने पर छूट सीमित, हाई कोर्ट जजों के तबादले न्यायिक आयोग तय करेगा, तबा. दलों पर आपत्ति सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल देखेगी।

# अमेरिका आओ, हमें प्रतिशिक्षत करो और घर जाओ

## ट्रम्प प्रशासन अब देश की एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की कर रहा है तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन अब एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रहा है। नई नीति के तहत विदेशी कुशल कामगारों को अमे. रिका में अस्थायी रूप से बुलाया जाएगा, ताकि वे अमेरिकी कामगारों को उच्च तकनीकी कामों की ट्रेनिंग दे सकें, और उसके बाद वापस अपने देश लौट जाएं।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि यह नीति ट्रम्प के उस बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके जरिए वे महत्वपूर्ण उद्योगों को दोबारा अमेरिका में लाना और आयात पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। स्काट बेसेंट ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति की सोच यह है कि विदेशी विशेषज्ञों को तीन, पांच या सात साल के लिए अमेरिका लाया जाए ताकि वे यहां के कामगारों को प्रशिक्षित करें। उसके बाद वे लौट जाएं और अमेरिकी कामगार उनकी जगह काम संभालें।

उन्होंने इसे ज्ञान हस्तांतरण (नालेज ट्रांसफर) की रणनीति बताया। इसके तहत अमेरिकी सरकार सेमीकंडक्टर, जहाज निर्माण और प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग जैसे उद्योगों को फिर से खड़ा करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-30 वर्षों में हमने प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग या शिपबिल्डिंग जैसी चीजें देश में नहीं की हैं। अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा। हमें कुशल विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, जो अमेरिकियों को सिखा सकें। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे अमेरिकी नौकरियां खतरे में पड़ेंगी, तो उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि एक अमेरिकी उस नौकरी को नहीं पा सकता। सच यह है कि, अभी नहीं पा सकता। हमें उन्हें तैयार करना होगा, और इसमें विदेशी विशेषज्ञ मदद करेंगे। बेसेंट ने आगे कहा कि विद. ेशी पार्टनर्स आकर अमेरिकी कामगारों को सिखाएं, यही असली जीत है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने इस बातचीत में ट्रम्प प्रशासन की आर्थिक नीतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया की कि प्रशासन +100000 से कम आय वाले परिवारों को +2000 का टैरिफ छूट देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, श्राष्ट्रपति चाहते हैं कि मजबूत व्यापार नीति का फायदा हर परिवार तक पहुंचे। +2000 का छूट इसी दिशा में एक कदम है। अमेरिकी वित्त मंत्री आगे ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की दृष्टि समान समृद्धि की है। इसके लिए जरूरी है कि अमे. रिकी ट्रेजरी मार्केट स्थिर और मजबूत रहे, ताकि अर्थव्यवस्था में भरोसा बना रहे। दूसरी ओर अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन आखिरकार खत्म हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस ने शटडाउन खत्म करने वाले विधेयक को पारित किया। जिस पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही 43 दिन तक चला शटडाउन खत्म हो गया। शटडाउन खत्म करने के समझौते के तहत बीते 43 दिनों में नौकरी से निकाले गए संघीय कर्मचारियों को फिर से नौकरी पर बहाल किया जाएगा। प्रतिनिधि सदन में सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी ने 222-209 के मतों से विधेयक पारित करा लिया। सीनेट पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी थी और अब बस राष्ट्रपति ट्रम्प के भी हस्ताक्षर हो गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने विधेयक पारित होने को बहुत बड़ी जीत बताया। गौरतलब है कि डेमोक्रेटिक पार्टी किफायती देखभाल कानून के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए टैक्स क्रेडिट बढ़ाने की मांग कर रही थी। इस साल के अंत में यह टैक्स क्रेडिट खत्म हो रही है। अगर सरकार टैक्स क्रेडिट नहीं बढ़ाती है तो लोगों को मिलने वाला स्वास्थ्य कवरेज महंगा हो जाएगा।



**■ खत्म हुआ अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन, बिल पर ट्रम्प ने किए हस्ताक्षर**
**■ अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा: स्कॉट**

## अमेरिका ने भारतीय कंपनी पर लगाए प्रतिबंध

**■ ईरान के मिसाइल और यूएवी कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने का मामला**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने के मामले में भारत , चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, और अन्य क्षेत्रों में 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इन प्रतिबंधित कंपनियों में एक भारतीय कंपनी फार्मलेन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। उस पर मिसाइल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक पूर्व-उत्पाद उपलब्ध कराने का आरोप है। भारतीय कंपनी एमवीएम पार्टनरशिप नेटवर्क का हिस्सा थीं जिसने 2023 से चीन से सैकड़ों मीट्रिक टन मिसाइल प्रणोदक सामग्री खरीदी है। इन सामग्रियों का उपयोग अमोनियम परक्लोरेट के निर्माण में किया जाता है जो ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर्स का एक प्रमुख घटक है। अमेरिका का आरोप है कि इस भारतीय कंपनी ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम्स के लिए सामग्री और टेक्नोलॉजी मुहैया कराई।

वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की ओर से यह कार्रवाई, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, चीन, हांगकांग, भारत, जर्मनी और यूक्रेन में 32 व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रभावित करने वाले एक व्यापक प्रतिबंध पैकेज का हिस्सा है। यह कदम ईरान की सैन्य क्षमताओं पर अंकुश लगाने के अमे. रिकी प्रयासों को दर्शाता है। प्रतिबंधित कंपनियां कथित तौर पर ईरान के हथियार उत्पादन का समर्थन करने वाले कई खरीद नेटवर्क का हिस्सा थीं।

## कांगो में 2.5 करोड़ लोग कर रहे खाद्य संकट का सामना: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में लगभग 2.5 करोड़ यानी कुल आबादी का 20 प्रतिशत से ज़्डादा लोग गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि डीआरसी खाद्य असुरक्षा से सबसे जयादा प्रभावित देशों में से एक है और पूर्वी हिस्से में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि नवीनतम एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण विश्लेषण के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में यह संख्या लगभग 2. 7 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) उत्तरी किवु प्रांत के बेनी और लुबेरो क्षेत्रों और इतुरी प्रांत में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर बेहद चिंतित है। इस साल की शुरुआत से इन दोनों प्रांतों में कथित तौर पर 1000 से जयादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका प्रभाव विनाशकारी रहा है।

# बलूचिस्तान में बगावत की आग भड़कने से दहशत

**■ प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी**

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गृहयुद्ध जैसे हालात गहराते जा रहे हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से आम नागरिकों की हत्याओं और बलोच नेताओं के अपहरण की घटनाओं के बीच बलूचिस्तान में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी सुरक्षा अलर्ट के बाद राजधानी क्वेटा को छोड़कर पूरे बलूचिस्तान प्रांत में इंटरनेट बैन लगा दिया गया है। बलूचिस्तान प्रांत की सरकार के गृह विभाग की ओर से बुधवार (12 नवम्बर, 2025) को जारी अलर्ट के बाद 16 नवम्बर, 2025 तक के लिए मोबाइल इंटरनेट को बैन कर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एन-70 के लोरलाई खंड तक गाड़ियों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। ये रोक 14 नवम्बर तक जारी रहेगी। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने का ये फैसला प्रांत में सुरक्षा अलर्ट और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है। अधिकारियों ने ये भी एलान किया कि क्वेटा के कैंटोनमेंट इलाके के सारे स्कूल सुरक्षा कारणों से 16 नवम्बर तक बंद रहेंगे। बलूचिस्तान प्रांत के अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। क्वेटा में ये प्रति. बंध लागू नहीं होगा। हालांकि बुधवार को क्वेटा में कई इंटरनेट यूजर्स ने सेवाओं के काम न करने की शिकायत दर्ज कराई थी। गृह विभाग की ओर से सारे जिला प्रशासनों, पुलिस और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फैसले को तत्काल लागू कराया जाए। इसके साथ ही जनता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। बलूचिस्तान में लंबे समय से बलोच आर्मी की ओर से पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाया जाता रहा है। वहीं जवाबी कार्रवाई पाकिस्तानी सेना भी बलोच नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों पर भी जुल्म ढाने में कोई कोताही नहीं बरतती है। 18 सितम्बर, 2025 को पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान के जेहरी इलाके में एयरस्ट्राइक की थी, जिसमें 3 आम नागरिक मारे गए थे।

## तुर्की सैन्य विमान दुर्घअना में मारे गए 20 सैनिकों के शव मिले

**अंकारा।** जॉर्जिया में तुर्की के सैन्य विमान हादसे में मारे गए सभी 20 सैनिकों के शव मिले गए हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को कहा था कि दुर्घटना में मारे गए 19 सैनिकों के शव मिल गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अज़रबैजान-जॉर्जियाई सीमा पर सैन्य परिवहन विमान दुर्घटना स्थल पर तलाशी अभियान में 20वें मृत सैनिक का शव बरामद कर लिया गया है।

# बांग्लादेश में 15 फरवरी तक होंगे संसदीय चुनाव

## अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस का ऐलान, 17 नवम्बर को शेख हसीना को सजा सुनाई जाएगी

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में 15 तारीख से पहले संसदीय चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। वहीं, शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता के खिलाफ अपराध मामले में आज फैसले की तारीख का ऐलान हो गया है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) 17 नवम्बर, सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी।

आज फैसले से पहले आईसीटी के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले के खिलाफ अवामी लीग ने लाकडाउन का ऐलान किया था। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता गुरुवार को ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर



जुलूस भी निकाले। दूसरी तरफ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग के मुख्यालय में आग लगा दी।

ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक करीब 10 से 15 लोगों ने इमारत की चौथी मंजिल पर लकड़ियां, पेपर कार्टन और अन्य सामान इकट्ठा करके आग लगा दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार गिरने के बाद भी इसी इमारत में आग लगाई गई थी। अवामी लीग को बांग्लादेश को बैन किया जा चुका है। यूनुस ने यह भी घोषणा की कि जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) भी संसदीय चुनाव के दिन कराया जाएगा, जिस दिन संसदीय चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि मकसद देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना है। जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक 'जुलाई चार्टर' नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की को. शिश हुई थी। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने आज घोषणा की कि राष्ट्रीय चुनाव और जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह दोनों एक ही दिन होंगे। सरकार ने यह फैसला मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के प्रयास के तहत लिया है। यूनुस ने गुरुवार दोपहर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी।

# पाक से 3 महीने में बिजनेस बंद करेगा अफगान

## तालिबान ने अफगानी व्यापारियों को अल्टीमेटम दिया, कहा: कोई दूसरा रास्ता तलाशें

ढाका। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने व्यापारियों और उद्योग. पतियों से बिजनेस के दूसरे रास्ते तलाशने को कहा है।

अफगानिस्तान के उपप्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने कहा कि, पाकिस्तान के साथ सीमा बंद होने से व्यापार ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे हर महीने करीब 200 मिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 1700 करोड़ रुपये) का नुकसान हो रहा है। बरादर ने सीमा बंदी को 'आर्थिक युद्ध' करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाली दवाओं की खराब क्वालिटी की भी आलोचना की। साथ ही लेन-देन खत्म करने के लिए 3 महीने का समय दिया है। वहीं,



**■ व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की**

व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की। अजीजी ने कहा कि पाकिस्तान ने अक्सर बाधाएं खड़ी की हैं, खासकर फलों के निर्यात के मौसम में। ये रुकावटें बिना किसी बुनियादी या तार्किक आधार के हैं, और ये दोनों देशों के लिए नुकसानदेह हैं। दोनों देशों के बीच तोरखम और स्पिन बोल्डक सहित पांच प्रमुख क्रासिंग एक महीने से ज्यादा से बंद हैं। उपप्रधानमंत्री बरादर ने कहा कि अफगानिस्तान को अक्सर राजनीतिक दबाव के तहत निशाना बनाया जाता है। व्यापार संबंधों और शरणार्थियों की कठिनाइयों का इस्तेमाल राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नकारा नहीं जा सकता कि व्यापार के मामले में सभी देश आपस में निर्भर हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान को सीमेंट, दवाइयां, आटा, स्टील, कपड़े, फल और सब्जियां निर्यात करता है, जबकि वो सीमा पार से कोयला, साबुन पत्थर, मेवे और ताजे फल आयात करता है। फल, सब्जियां, मांस, डेयरी जैसे प्रोडक्ट एक-दूसरे को भेजते हैं। बरादर ने कहा कि अगर पाकिस्तान व्यापार मार्गों को फिर से खोलने का इरादा रखता है, तो उसे इस बात की पुख्ता गारंटी देनी होगी कि किसी भी कारण से या किसी भी परिस्थिति में सीमाएं फिर से बंद नहीं होंगी। यह बयान दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है। जो हाल के हफ्तों में सीमा पर हुई झड़पों से और बढ़ गया है।

## कनाडा ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध

**ओटावा।** कनाडा ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र, सैन्य क्षमताओं और साइबर बुनियादी ढांचे से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि ये उपाय देश के विशेष आर्थिक उपाय (रूस) विनियमों के तहत 13 व्यक्तियों और 11 संस्थाओं को लक्षित करते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, ये उपाय रूस की पारंपरिक और हाइब्रिड सैन्य क्षमताओं को कम करने के साथ-साथ उसके ऊर्जा राजस्व और वित्तीय संसाधनों को भी प्रभावित करने पर केंद्रित हैं। लक्षित लोगों में रूस के ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े कई व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि ये उपाय पहली बार कनाडा द्वारा उन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने का भी संकेत देते हैं जो यूक्रेन के खिलाफ रूसी हाइब्रिड रणनीतियों में कथित तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले साइबर बुनियादी ढांचे की आपूर्ति करती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधों में कई रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस संस्थाओं के साथ-साथ रूस के छाया बेड़े के हिस्से के रूप में वर्णित 100 जहाजों को भी सूचीबद्ध किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये कदम अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा हाल ही में घोषित प्रतिबंधों के अनुरूप उठाए गए हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108